राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 73
लखनऊ, गुरुवार 13 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- र 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शब्दों में राष्ट्रभाव रचेंगे परिषदीय नौनिहाल व केजीबीवी की बालिकाएं : संदीप सिंह 03

20 जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार की मिली स्वीकृति 12

-: सर्राफा बाजार भाव:-

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,25,660/ |
| 22 कैरेट | = | 1,15,200/ |
| 18 कैरेट | = | 94,280/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 162,000/ |



# गणतंत्र दिवस पर लाल किले को दहलाने की थी साजिश

## बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश : दिल्ली विस्फोट के आरोपी डॉक्टर मुजम्मिल व डॉक्टर उमर ने की थी लाल किले की रेकी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट के आरोपी डॉक्टर मुज़म्मिल और डॉक्टर उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लाल किले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लाल किले को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था।

सूत्र ने कहा, हमने खुलासा किया है कि उसने कथित आत्मघाती हमलावर डॉक्टर मुज़म्मिल ने डॉक्टर उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लाल किले की रेकी की थी। यह महत्वपूर्ण जानकारी डॉक्टर मुज़म्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डॉक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवंबर को शाम 6.52 बजे लाल किले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन को हिरासत में लिया गया। सभी गिरफ्तारियां जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा की गईं और अब तक कुल 56 डॉक्टरों से पूछताछ की जा चुकी है। जांच का पता जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले एक आपत्तिजनक पोस्टर से चलता है।

इस संबंध में 19 अक्टूबर को मामला दर्ज किया गया था। 10 नवंबर को लाल किले के बाहर हुए विस्फोट के बाद उत्तरी दिल्ली के कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस प्राथमिकी में धमाके को बम विस्फोट का नतीजा बताया गया है। जांच विवरण से पता चलता है कि डॉ. उमर उस चलती आई-20 कार में सवार था जिसमें विस्फोट हुआ था। डॉ. उमर इस मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के लिए वांछित है। डॉ. उमर ने लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में लगभग तीन घंटे बिताए, इस दौरान वह लगातार किसी के संपर्क में था। सीसीटीवी विश्लेषण से पता चलता है कि कार दोपहर 3.19 बजे पार्क की गई थी और तीन घंटे बाद शाम 6.48 बजे पार्किंग क्षेत्र से बाहर निकली, उस समय जब क्षेत्र में विशेष भीड़भाड़ थी। दिल्ली विस्फोट की जांच अब एनआईए कर रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।



दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था आतंकी मॉड्यूल

### पीएम मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली

**मोदी ने अस्पताल में लाल किला धमाके में घायल लोगों से की मुलाकात**

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। दिल्ली लाल किला धमाके के बाद मोदी ने यह बैठक ली है। ऑपरेशन सिंदूर के पहले भी मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली थी बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद रहे। बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके को लेकर बात हुई। मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक की थी। इसके पहले पीएम मोदी बुधवार को भूटान यात्रा से लौटते ही एयरपोर्ट से सीधे एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने अस्पताल में लाल किला धमाके में घायल लोगों से मुलाकात कर हालचाल जाना।

### एटीएस ने आतंकी मोहिउद्दीन के घर से जहरीला रसायन बनाने का कच्चा माल किया बरामद

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा गांधीनगर से तीन आतंकियों को पकड़ने के बाद उनके खतरनाक इरादों का खुलासा हो रहा है। गिरफ्तार आतंकी अहमद मोहिउद्दीन सैयद साइनाइड बनाकर खतरनाक जहर तैयार कर रहा था। गुजरात एटीएस की एक टीम हैदराबाद स्थित उसके आवास पर पहुंची, जहां से भारी मात्रा में खतरनाक जहरीला रसायन बनाने का कच्चा माल मिला है जिसे एटीएस ने जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। गुजरात एटीएस द्वारा गांधीनगर के अडालज से गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकियों की जांच के लिए उत्तर प्रदेश और राजस्थान एटीएस की टीमें भी गुजरात एटीएस कार्यालय पहुंच गई हैं। कट्टरपंथी विचारधारा से प्रेरित और कश्मीर का अक्सर दौरा करने वाले तीनों गिरफ्तार आतंकियों की गहन जांच चल रही है। चूंकि मोहिउद्दीन दिल्ली के आजाद मैदान और अहमदाबाद नरोडा फल मंडी में गया था, इसलिए यह भी जांच चल रही है कि कश्मीरी सेब की आड़ में कोई संदिग्ध सामान देश भर में तो नहीं भेजा जाना था। सूत्रों के अनुसार एटीएस की जांच में पता चला है कि जिस इलाके में तीनों आतंकी रहते थे, वह कट्टरपंथियों से प्रभावित था। हैदराबाद में आतंकी डॉ अहमद सैयद ने तीन युवकों को कट्टरपंथी विचारधारा वाले सदस्यों की अपनी टीम बनाने की शपथ भी दिलाई थी। अहमद सैयद अपनी एक बड़ी टीम बनाने की तैयारी में था। तीनों आतंकियों के मोबाइल का डाटा रिकवर किया जा रहा है। मोबाइल डाटा रिकवर होने के बाद कई राज भी सामने आ सकते हैं। एटीएस की टीम तीनों आतंकियों को अडालज और छत्राल ले गई और उनकी जांच की। आतंकी आजाद सुलेमान और सुहैल को कलोल के छत्राल ले जाकर पंचनामा किया गया। अहमद सैयद को अडालज ले जाकर पूछताछ की गई। गुजरात एटीएस की टीम अब दिल्ली जाकर आतंकवादियों की संलिप्तता के बारे में आगे की जांच करेगी। आतंकियों से पूछताछ के दौरान पता चला कि मोहिउद्दीन डेढ़ महीने पहले अहमदाबाद आया था और एक पार्सल में पैसे लेकर लौटा था। मोहिउद्दीन के लिए हनुमान गढ़ से हथियार लेकर आए उत्तर प्रदेश के सुहैल और आजाद सुलेमान को एक खास जगह से हथियार इकट्ठा करके कलोल पहुंचने का आदेश दिया गया था। हर जगह हथियार किसने रखे थे? इसकी जांच जारी है।

### दिल्ली विस्फोट मामले में एक और संदिग्ध कार की तलाश में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के मामले में पुलिस ने एक अलर्ट जारी किया है। पुलिस पूरी दिल्ली में एक संदिग्ध कार की तलाश में जुटी है, जो लाल रंग की ईको स्पोर्ट है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलिस की पांच टीमें इसकी तलाश में जुटी हुई हैं। जांच में सामने आया कि संदिग्धों के पास आई-20 कार के अलावा एक और लाल रंग की कार थी। दिल्ली के सभी पुलिस स्टेशन, पुलिस पोस्ट और बॉर्डर चेकिंग पर लाल इको स्पोर्ट कार की तलाश के लिए अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को भी इस लाल कार को लेकर अलर्ट भेजा गया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, एक लाल रंग की इको स्पोर्ट कार को लेकर अलर्ट आया था कि ये गाड़ी भी इनके साथ हो सकती है। पुलिस की जांच में आई-20 कार के साथ ये गाड़ी कही नहीं दिखी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी है।

### डॉ शाहीन से मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं, जांच में करेंगे सहयोग

**लखनऊ।** दिल्ली विस्फोट मामले में फरीदाबाद से पकड़ी गई महिला डॉ. शाहीन और उसके भाई डॉ.परवेज का नाम आने पर उनके परिजन सदमे में हैं। डॉ शाहीन के भाई शोएब ने दावा किया है कि उसका और उसके परिवार का शाहीन से कोई वास्ता नहीं है। वे एजेंसियों की जांच में पूरा सहयोग करेंगे। परवेज के घर में तलाशी के दौरान जांच अधिकारियों के हाथ कुछ चीजें लगी हैं, जिससे उसके विदेशों से संपर्क होने का बड़ा खुलासा एटीएस और जांच एजेंसियां कर सकती है। दरअसल एटीएस की गिरफ्त में आई डॉ. शाहीन के पिता सईद अंसारी से पूछताछ के बाद अब जांच एजेंसियों ने उसके भाई शोएब से भी कई घंटों पूछताछ की थी। घर में तलाशी और परिवार का मोबाइल चेक किया गया। आतंकी गतिविधियों में संलिप्त डॉ. शाहीन का परिवार लखनऊ में रहता है। उसके घर पर यूपी एटीएस, जम्मू कश्मीर पुलिस और सुरक्ष जांच एजेंसी लगातार डेरा डाले हुए है। पिता से पूछताछ के दौरान जांच एजेंसी कोई कई अहम जानकारी मिली थी।शोएब ने पत्रकारों को बताया कि जांच एजेंसी मेर घर आई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### संत बाला कुंभ बनेंगे निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

**हरिद्वार।** जापान के संत स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज को शुक्रवार को निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की जाएगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी में आयोजित भव्य समारोह में स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज का अखाड़े के महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया जाएगा। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज विद्वान संत हैं और निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में सनातन परंपराओं को देश विदेश में आगे बढ़ाएंगे।

### पीएम ने भाजपा विधायक के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने नगालैंड के भाजपा विधायक इमकोंग एल. इमचेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दोनों नेताओं ने उन्हें जनसेवा और नगालैंड के विकास में उनके योगदान के लिए याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, इमकोंग एल. इमचेन को नगालैंड के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए याद किया जाएगा। वे कई वर्षों तक सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे और विशेष रूप से जनजातीय समुदायों के कल्याण को लेकर समर्पित थे। उनके विधायी और मंत्री पद के कार्यकाल को स्नेहपूर्वक याद किया जाएगा।

### अभिनेता धर्मेंद्र को ब्रीच कैंडी अस्पताल से मिली छुट्टी

**मुंबई।** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। उनका पिछले कई दिनों से इसी अस्पताल में इलाज चल रहा था। उनके चिकित्सक डॉ. प्रतीत समदानी के अनुसार अभिनेता धर्मेंद्र को बुधवार सुबह अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब वे चिकित्सकीय देखरेख में घर पर ही स्वास्थ्य लाभ जारी रखेंगे। डॉक्टर ने पुष्टि की कि उनके परिवार ने मेडिकल टीम के साथ चर्चा के बाद उन्हें होम केयर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने अपने पिता के स्वास्थ्य को लेकर चल रही अटकलों पर टिप्पणी करते हुए पुष्टि की कि उनकी हालत स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

### भारत ने विकसित किया पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे ने देश का पहला स्वदेशी क्वांटम डायमंड माइक्रोस्कोप तैयार किया है। यह उपकरण गतिशील चुंबकीय क्षेत्र की त्रि-आयामी छवि बना सकता है। यह तकनीक न्यूरोसाइंस, मटेरियल रिसर्च और सेमीकंडक्टर चिप परीक्षण में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। यह उपलब्धि भारत के राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के तहत हासिल की गई है।

### बम की सूचना पर वाराणसी में एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मुंबई जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम होने की सूचना मिली। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और सभी 182 यात्रियों को उतार कर सघन चेकिंग की गई। सीआईएसएफ के बम निरोधक दस्ता को चेकिंग के दौरान कुछ नही मिला। तब यात्रियों और अफसरों ने राहत की सांस ली। खबर लिखे जाने तक विमान हवाई अड्डे पर ही खड़ाथा। दिल्ली में कार ब्लास्ट के बाद एयरपोर्ट पर पहले से ही सर्तकता बरती जा रही है।

## खुफिया तंत्र की विफलता का जवाब दें संबंधित विभाग : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने दिल्ली में लालकिला के पास हाल में हुए विस्फोट को लेकर बुधवार को सरकार पर सवाल उठाया तथा खुफिया तंत्र की विफलता का आरोप लगाते हुए संबंधित विभागों से जवाबदेही की मांग की।

अखिलेश यादव ने यहां पत्रकारों से कहा, ''हमने भूटान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बयान सुना, जहां उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि बार-बार खुफिया तंत्र की विफलताएं क्यों हो रही हैं? ऐसी चूक के लिए कौन जिम्मेदार है?'' उन्होंने कहा कि सरकार को या तो इन विफलताओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए या भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए खुफिया तंत्र को मजबूत करना चाहिए।



### महानगरी एक्सप्रेस में बम की अफवाह के बाद महाराष्ट्र के सभी स्टेशनों पर हाई अलर्ट

**मुंबई।** वाराणसी से मुंबई आ रही महानगरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22178) में बुधवार को सुबह जैसे ही भुसावल स्टेशन पर पहुंची, ट्रेन में बम की अफवाह से खलबली मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे डिब्बे की तलाशी ली गई, लेकिन कहीं संदिग्ध वस्तु न मिलने से सुरक्षा एजेंसियों और मध्य रेलवे ने राहत की सांस ली। घटना के बाद महाराष्ट्र के सभी स्टेशनों पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। महानगरी एक्सप्रेस के जनरल डिब्बे के शौचालय में पाकिस्तान जिंदाबाद और आईएसआई और ट्रेन में बम होने का संदेश हाथ से लिखा गया था।

## हापुड़ पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

**2.5 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पदार्थ हुआ बरामद**

समृद्धि न्यूज

**हापुड़।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में हापुड़ जिले की पिलखुवा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलग-अलग जगहों से तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान दो और युवक गिरफ्तार हुए हैं उनके पास से 2.5 किलोग्राम अवैध विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बुधवार को बताया कि दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद जनपद और इससे सटे अन्य जिलों की सीमा क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पिलखुवा पुलिस ने हिंडालपुर बंबा पुलिया के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास मौजूद एक ड्रम से 37 किलो खतरनाक हाइड्रोफ्लोरिक एसिड बरामद किया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि यह एसिड उसने कुछ देर पहले ही खरीदा था और वह यहां किसी वाहन का इंतजार कर रहा था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने रासायनिक पदार्थ को सील कर प्रयोगशाला भेज दिया है। इसी तरह आरकेजी स्कूल के पास से दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके बैग से 2.5 किलोग्राम तेज गंध वाला पाउडर मिला जो जांच में (गंधक) सल्फर निकला।



## 130वें संविधान संशोधन विधेयक के लिए जेपीसी का हुआ गठन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद में पेश संविधान (130वां संशोधन) विधेयक-2025, जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक-2025 और केंद्रशासित प्रदेश शासन (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार के लिए 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ने भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य शामिल किए गए हैं। समिति में भाजपा के साथ-साथ कुछ अन्य दलों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं, जबकि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके ने इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (शरद गुट) और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के सदस्य समिति में शामिल किए गए हैं। समिति संविधान संशोधन से जुड़े उन प्रावधानों की जांच करेगी जिनमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री के 30 दिन से अधिक जेल में रहने की स्थिति में पद पर बने रहने को लेकर विधेयक के मसौदे पर पुनर्विचार किया गया है।

## गोंडा के बेसिक शिक्षा अधिकारी सस्पेंड, जांच के आदेश

**मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल और डीएम गोंडा की संस्तुति पर हुई कार्रवाई**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गोंडा के बेसिक शिक्षा अधिकारी यानि बीएसए अतुल कुमार तिवारी को अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

उत्तर प्रदेश शासन ने उनके खिलाफ अनुशासनिक जांच के आदेश भी दिए हैं। कार्रवाई मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल और जिलाधिकारी गोंडा की संस्तुति पर हुई है। जांच में पाया गया कि बीएसए द्वारा विद्यालयों में बच्चों के लिए डेस्क आपूर्ति के टेंडर में भारी अनियमितताएं की गईं। कुछ टेंडरदाताओं से 10 लाख रुपये की वसूली कर विशेष कैटलाग पर बिड प्रकाशित कराई गई थी, जो तकनीकी मानकों और जेम पोर्टल के नियमों के पूरी तरह विपरीत थी। यह प्रक्रिया राज्य परियोजना निदेशक द्वारा तय एसओपी के भी खिलाफ पाई गई। बीएसए पर योजनाओं, कार्यक्रमों को समय पर पूरा न करने, शासनादेशों का पालन न करने, गलत पत्रावलियां प्रस्तुत करने, कार्य की निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप भी लगे हैं। उन्होंने डीएम और सीडीओ के निर्देशों की भी अनदेखी की थी।



इन सभी आरोपों के प्रथम दृष्ट्या सही पाए जाने पर शासन ने उन्हें उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत निलंबित किया है।निलंबन के दौरान अतुल कुमार तिवारी को नियमों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा, बशर्ते वे यह प्रमाणित करें कि वे किसी अन्य सेवा या व्यापार में संलग्न नहीं हैं। जांच की जिम्मेदारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ मंडल को सौंपी गई है।

## अब से जारी होने वाले सभी ई-पासपोर्ट होंगे : विदेश मंत्रालय

**पुराने गैर-इलेक्ट्रॉनिक पासपोर्ट उनकी वैधता अवधि समाप्त होने तक मान्य**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा कि अब से जारी होने वाले सभी पासपोर्ट, ई-पासपोर्ट होंगे, जिनमें रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन चिप व एंटीना लगे होंगे, ताकि नागरिकों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन के मानकों के अनुसार सुरक्षित रहे।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम पीएसपी वी2.0 के साथ जुड़ा एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो देशभर में पासपोर्ट सेवाओं को आधुनिक, सुरक्षित और तेज़ बनाने की दिशा में उठाया गया है। विदेश मंत्रालय ने अपने पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम, ग्लोबल पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम और ई-पासपोर्ट के सफल क्रियान्वयन की घोषणा की। इन पहलों से पासपोर्ट सेवाएं अब और अधिक तेज, पारदर्शी और डिजिटल रूप से एकीकृत हो गई हैं। पीएसपी वी2.0 को 26 मई 2025 को देशभर के 37 पासपोर्ट कार्यालयों, 93 पासपोर्ट सेवा केन्द्रों और 450 डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्रों में सफलतापूर्वक लागू किया गया।

## पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद लॉरेंस गैंग के दो गुर्गे पकड़े, दो पिस्तौल भी बरामद

**हैंडलर गोल्डी ढिल्लों ने पंजाब में कारोबारी को निशाना बनाने का सौंपा था काम**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स पंजाब ने एसएएस नगर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान अंबाला-डेरा बस्सी हाईवे के घग्गर पुल पर हुई गोलीबारी के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों से जुड़े दो गुर्गों को गिरफ्तार करके बड़ी गैंगस्टर साज़िश को नाकाम कर दिया है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार गुर्गों की पहचान मोहाली के मोटेमाजरा निवासी शरणजीत सिंह और खिजरगढ़, ज़ीरकपुर (मोहाली) निवासी अमन कुमार निवासी के रूप में हुई है। शरणजीत सिंह वर्तमान में टंगौरी (मोहाली) में रह रहा था।



पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से दो .32 बोर की पिस्तौलें और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा उनका बजाज डिस्कवर मोटरसाइकिल को भी ज़ब्त कर लिया गया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोनों अपराधी पिछले महीने राजपुरा में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल थे। उन्होंने कहा कि गोल्डी ढिल्लों ने इन्हें पंजाब में एक कारोबारी को निशाना बनाने का कार्य सौंपा था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि विदेशी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों इस वर्ष अक्टूबर में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एबॉट्सफ़ोर्ड शहर में एक भारतीय मूल के उद्योगपति की दिनदहाड़े हुई हत्या का भी मास्टरमाइंड था।

मंजूरी

**यह मिशन विशेष रूप से एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वाले व श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए है**

## निर्यात मिशन को मंजूरी, छोटे उद्योगों को मिलेगा लाभ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अगले पांच वर्षों के लिए 25,060 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ देश के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने हेतु निर्यात संवर्धन मिशन को मंज़ूरी दी है। निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) निर्यात प्रतिस्पर्धा को मज़बूती देने के लिए केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित किया गया था। यह मिशन विशेष रूप से एमएसएमई, पहली बार निर्यात करने वाले और श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्यात संवर्धन मिशन को आज मंज़ूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में एक प्रेस वार्ता में कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह मिशन निर्यात संवर्धन के लिए एक व्यापक, लचीला और डिजिटल रूप से संचालित ढाँचा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ईपीएम कई अलग-अलग योजनाओं से एक एकल, परिणाम-आधारित और अनुकूल रणनीतिक बदलाव का प्रतीक है जो वैश्विक व्यापार चुनौतियों और निर्यातकों की उभरती जरूरतों का तेज़ी से जवाब दे सकता है। ईपीएम के तहत, हाल ही में वैश्विक टैरिफ वृद्धि से प्रभावित क्षेत्रों, जैसे वस्त्र, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और समुद्री उत्पादों को प्राथमिक आधार पर सहायता प्रदान की जाएगी। ये हस्तक्षेप निर्यात ऑर्डरों को बनाए रखने, रोज़गारों की रक्षा करने और नए भौगोलिक क्षेत्रों में विविधीकरण को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। सरकार के अनुसार यह मिशन दो एकीकृत उप-योजनाओं के माध्यम से संचालित होगा। निर्यात प्रोत्साहन - ब्याज अनुदान, निर्यात फैक्टरिंग, संपार्श्विक गारंटी, ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए क्रेडिट कार्ड और नए बाजारों में विविधीकरण के लिए ऋण वृद्धि सहायता जैसे विभिन्न साधनों के माध्यम से एमएसएमई के लिए किफायती व्यापार वित्त तक पहुँच में सुधार पर केंद्रित है।




### डीजीएफटी कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में करेगा कार्य

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। वे सभी प्रक्रियाओं – आवेदन से लेकर संवितरण तक – का प्रबंधन मौजूदा व्यापार प्रणालियों के साथ एकीकृत एक समर्पित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से करेगा। इस मिशन से एमएसएमई के लिए किफायती व्यापार वित्त तक पहुँच को सुगम बनेगी। अनुपालन और प्रमाणन सहायता के माध्यम से निर्यात बढ़ेगा और भारतीय उत्पादों के लिए बाज़ार पहुँच और दृश्यता में सुधार होगा। साथ ही गैर-पारंपरिक ज़िलों और क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा देना और विनिर्माण, रसद और संबद्ध सेवाओं में रोज़गार सृजन करना भी मिशन का उद्देश्य है। ईपीएम एक सहयोगात्मक ढाँचे पर आधारित है जिसमें वाणिज्य विभाग, एमएसएमई मंत्रालय, वित मंत्रालय और वित्तीय संस्थानों, निर्यात संवर्धन परिषदों, कमोडिटी बोर्डों, उद्योग संघों और राज्य सरकारों सहित अन्य प्रमुख हितधारक शामिल हैं।

## खबरें एक नजर में

### खड़े ट्रक से टकराकर चाचा-भतीजे सहित तीन लोग घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर सड़क के किनारे पहले से खड़े ट्रक से टकराकर चाचा भतीजी सहित तीन लोग घायल हो गए। बुधवार की दोपहर बाद लगभग 1:00 बजे हुई इस दुर्घटना में घायल चाचा भतीजी को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार लोनी कटरा थाना क्षेत्र के खैराबीरू गांव निवासी अतुल मिश्रा पुत्र मन्नू मिश्रा अपनी भतीजी परी मिश्रा पुत्री स्वर्गीय रंजन मिश्रा 5 वर्ष का आधार कार्ड बनवाने के लिए भतीजी व भाभी नीलिमा मिश्रा पत्नी स्वर्गीय रंजन मिश्रा 34 वर्ष को लेकर हैदरगढ़ स्थित बीएसएनएल ऑफिस आ रहे थे कि तभी हैदरगढ़ विद्युत केंद्र के निकट स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई दुर्घटना के बाद स्कूटी सवार तीनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाया गया जहां पर घायल अतुल व उनकी भतीजी परी को गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है।

### बलरामपुर चीनी मिल का 14 नवंबर से पेराई सत्र शुरू

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की हैदरगढ़ इकाई में पेराई सत्र का शुभारंभ 14 नवंबर से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक बीके यादव ने बताया कि पेराई सत्र का शुभारंभ होने से पूर्व बुधवार से अखंड रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ होगा जबकि गुरुवार को पूर्णाहुत के साथ मानस पाठ का समापन होगा इसके अगले दिन शुक्रवार को 12:30 बजे से हवन एवं डोंगा पूजन का कार्यक्रम शुरू होगा।

### आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण से महिलाओं में खुशी



**जैदपुर, बाराबंकी।** सरकार द्वारा संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र में बच्चो को पोषाहार वितरण होने से ग़रीब महिलाओं में खुशी देखने को मिल रही है। बुधवार को नगर पंचायत जैदपुर के अली अकबर कटरा,कांशी राम आवास स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में महिलाओं व बच्चों को दाल दलिया और तेल का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार जैदपुर के कांशी आवास के पास मौजूद आंगनवाड़ी केंद्र में बुधवार को 183 बच्चो मे लगभग 50 बच्चो को आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री इंदूवती व सहायिका रीता द्वारा पोषाहार वितरण किया गया। जिसमें तेल, दलिया, दाल आदि शामिल है। पोषाहार पाकर महिलाओं में खुशी का माहौल बन गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री इंदूवती ने बताया कि पोषाहार वितरण आज से शुरू किया गया है और और पूरा वितरण होने तक चलता रहेगा। हमारे द्वारा समय पर पोषाहार वितरण किया जाता है। जिसमें देर की कोई गुंजाइश नहीं होती है सरकार की मंशा अनुसार पोषाहार मिलते ही सभी को सूचना देकर तुरन्त वितरण का कार्य चालू हो जाता है जबकि अन्य आंगनवाड़ी केन्द्रों मे भी वितरण किया गया।

### धान खरीद केंद्रों पर तकनीकी अड़चन, किसानों के लिए बनी समस्या



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सरकारी धान खरीद केंद्रों पर इस बार तकनीकी अड़चन किसानों के लिए जहाँ बड़ी परेशानी बन गई है वही खरीद केंद्र पर रेटिना स्कैनिंग के लिए लगी आइरिस मशीनों के सर्वर की खराबी से खरीद प्रक्रिया को पूरी तरह से ठप होने से किसान तौल होने के बाद फीडिंग नही हो पा रही जिसे लेकर किसानों के साथ ही क्रय केंद्र प्रभारी भी परेशान हैं। बुधवार को थोरथिया क्रय केंद्र पर मौजूद किसान सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने मंगलवार को अपने धान की तौल की थी लेकिन आइरिस मशीन द्वारा रेटिना स्कैन न होने के चलते आज फिर दोबारा फीडिंग कराने के लिए आए हैं। स्क्रीन पर मौजूद तौल केंद्र प्रभारी सोनम सिंह ने बताया कि आइरिस मशीन के चलते खरीद में दिक्कत आ रही है मशीन कभी तो स्वयं आफ हो जाती है तो कभी सेंटर पर होते हुए भी केंद्र से 200 मीटर दूर दर्शाने लगती है उन्होंने कहा कि इसके चलते हो रही दिक्कतों के कारण खरीद धीमी गति से हो रही है। इस केंद्र पर अभी तक एक केंद्र 9 तो दूसरे पर 7 किसानों से धान की खरीद की गई है। इसी प्रकार बनीकोडर पीसीएफ सेंटर के प्रभारी अमर सिंह बताते हैं कि मंगलवार को केंद्र पर शाहपुर मुरारपुर निवासी चंद्रपाल सिंह और कुड़वासा निवासी छत्रपाल सिंह धान बेचने पहुंचे थे लेकिन तौल के बाद आइरिस मशीन से रेटिना स्कैन न होने के कारण फीडिंग नहीं हो सकी और खरीद रोकनी पड़ी। कमोवेश यही स्थिति सादुल्लापुर और छदवल पीसीएफ केंद्रों की भी है। इस संबंध में जिला विपणन अधिकारी राजीव कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मशीनों में आई तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए इंजीनियर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी केंद्रों पर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा, जिससे धान खरीद सुचारु रूप से शुरू हो सकेगी। कुलमिलाकर सरकार तो किसानों के धान तौल के लिए कोई समस्या न हो किन्तु धरातल पर सरकार के आदेश और निर्देश का पालन नही हो पा रहा है इससे किसानों को रबी फसल की बुवाई प्रभावित हो रही है क्योंकि की पैसा न होने पर खाद और बीज खरीदने के लिए बिक्री जरूरी है ।

### खण्ड विकास अधिकारी गैंडास बुजुर्ग संजय कुमार हटाए गए, ग्राम्य विकास विभाग लखनऊ किए गए सम्बद्ध

**उतरौला, बलरामपुर।** विकास खण्ड गैंडास बुजुर्ग में तैनात खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार को तत्काल प्रभाव से हटाकर ग्राम्य विकास विभाग लखनऊ सम्बद्ध किए गए है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड गैंडास बुजुर्ग में हुए व्यापक घोटाले के मद्देनजर नजर पर हुआ है कार्यवाही , भ्रष्टाचार से सम्बंधित शिकायत पर डिप्टी सी एम ने लिया संज्ञान जांचोपरांत गैंडास बुजुर्ग ब्लॉक के कई सचिव व प्रधान के ऊपर गिर सकती है गाज।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली गयी पदयात्रा



**तुलसीपुर ,बलरामपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में आज तुलसीपुर विधानसभा की पदयात्रा गायत्री मंदिर बल्देव नगर से शुरू होकर मोहन बाबा मंदिर ललिया में सम्पन्न हुई। इस पदयात्रा में विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता, किसान, मजदूर एवम् व्यापारियों ने भागीदारी की। सभी कार्यकर्ता, पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकुट बिहारी वर्मा, विधान परिषद सदस्य अवधेश सिंह मंजू, लोक सभा प्रभारी शंकर दयाल पाण्डेय, विधान सभा के कार्यक्रम प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू, विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह विधान सभा संयोजक शिव प्रसाद यादव के नेतृत्व में देशभक्ति के नारे लगाते हुए पदयात्रा पूरी किए। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावां जिला महामंत्री विशुन देव गुप्ता, जिला मंत्री राम प्रसाद सिंह, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा संदीप वर्मा, विनय मिश्रा, शेरावाली शुक्ला सभी मण्डल अध्यक्ष, सभी मण्डल महामंत्री सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी वक्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर चर्चा की।

### श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भक्त प्रह्लाद, नरसिंह अवतार के दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया गया



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय ग्राम चैनवापुर में चल रही नौ–दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित जगदंबा शरद शास्त्री के द्वारा भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद, दैत्यराज हिरण्यकशिपु एवं नरसिंह अवतार से संबंधित दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथा श्रवण के दौरान पंडाल भक्ति–भाव से सराबोर रहा। कथा व्यास ने बताया कि हिरण्यकशिपु ने कठोर तप कर ब्रह्मा से ऐसा वरदान प्राप्त किया जिससे उसे देव, दानव, मनुष्य अथवा पशु कोई भी मार न सके। इसी वरदान के घमंड में वह स्वयं को ईश्वर समझ बैठा। परंतु उसका पुत्र प्रह्लाद बाल्यावस्था से ही भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। कई बार समझाने पर भी जब प्रह्लाद विष्णु भक्ति से विचलित नहीं हुए तो हिरण्यकशिपु ने उन्हें अनेक यातनाएँ दीं, किंतु हर बार प्रभु ने उनकी रक्षा की। कथा में बताया गया कि हिरण्यकशिपु ने क्रोधावेश में खंभे की ओर संकेत कर पूछाक्या तुम्हारा भगवान यहाँ भी है? प्रह्लाद ने उत्तर दिया भगवान सर्वत्र हैं। इसके उपरांत खंभे से नरसिंह भगवान का उद्भव हुआ। आधा–मनुष्य तथा आधा–सिंह रूप में प्रकट हुए प्रभु ने सांध्य समय, दहलीज पर, अपनी जंघा पर बिठाकर और नखों द्वारा हिरण्यकशिपु का वध कर दिया। इस प्रकार भगवान ने वरदान की सभी शर्तों को चतुराई से निरस्त कर धर्म की पुनः प्रतिष्ठा की। कथा व्यास ने कहा कि प्रह्लाद चरित्र सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी सच्चे हृदय से की गई भक्ति का ईश्वर अवश्य ही संरक्षण करते हैं। अहंकार, अत्याचार और अन्याय का अंत निश्चित है। वहीं, पंडाल में उपस्थित भक्तों ने नरसिंह भगवान की जयघोष के साथ कथा का आनंद लिया। कथा के अंत में क्षेत्र की सुख–समृद्धि एवं लोक–कल्याण हेतु विशेष प्रार्थना की गई। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस कथा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।

# स्टाफ नर्स की लापरवाही से नवजात की मौत

- सीएचसी हैदरगढ़ में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर बुधवार की सुबह डिलीवरी के दौरान एक नवजात शिशु की मौत हो गई परिजनों ने स्टाफ नर्स की पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

कोतवाली हैदरगढ़ के बेहटा गांव निवासी मंसाराम साहू ने अपनी गर्भवती पत्नी सुधा 35 वर्ष को मंगलवार की दोपहर 12:30 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी हैदरगढ़ लेकर आएथे।पति मंसाराम साहू ने बताया कि यहां मौजूद स्टाफ नर्स गीता यादव ने जांच के बाद बताया कि शाम 6:00 तक एवं उसके बाद रात 10:00 बजे तक डिलीवरी की संभावना है।पीड़ित ने बताया कि रात दो बजे उनके गांव की आशा बहू सो रही स्टाफ नर्स को बुलाने गई तो उन्होंने डांटकर भगा दिया। मंसाराम ने बताया कि उसके बाद रात 3:15 बजे उठी सुनीता द्वारा हार्टबीट चेक की गई तो सब कुछ नॉर्मल था। जिसके बाद साढ़े तीन बजे डिलीवरी रूम में आई स्टाफ नर्स गीता यादव ने जच्चा को दर्द न होने के बावजूद डिलीवरी का इंजेक्शन लगा दिया। आरोप है कि स्टाफ नर्स द्वारा लगभग पौने पांच बजे जबरन डिलीवरी करा दी गई। जिससे डिलीवरी के दौरान ही नवजात शिशु ने दम तोड़ दिया।इसके साथ ही ब्लीडिंग होने की वजह से ही जच्चा की भी हालत बिगड़ने लगी।नवजात बच्चे की मौत के बाद परिजन डिलीवरी में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे।स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के असंतोष को शांत किया।पीड़ित मन्साराम ने बताया कि स्टाफ नर्स के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर कठोर कार्यवाही की मांग करेंगे। दो पुत्री के जन्म के बाद एक पुत्र रूपी संतान की चाह में पिछले 11 साल से अपनी पत्नी का उपचार करा रहे एवं अब तक कई लाख रुपए खर्च कर चुके मंसाराम का आक्रोश इस बात को लेकर था जब वह बार-बार स्टाफ नर्स से किसी तरह की समस्या होने पर अन्य अस्पताल ले जाने की बात कह रहे थे, तो उन्होंने बताया क्यों नहीं और फिर बिना प्रसव पीड़ा के ही इंजेक्शन लगाकर जबरिया प्रसव कराने की कोशिश क्यों की। मंसाराम ने यह भी बताया कि इस दौरान स्टाफ नर्स द्वारा तीन बार ग्लव्स मांगे गए यही नहीं इस्तेमाल न होने के बावजूद उनसे नारियल एवं आवाले का तेल भी मंगाया गया यही नहीं किसी टैबलेट के नाम पर स्टाफ नर्स द्वारा उनसे रु.100 भी वसूले गए।

# प्रसव के बाद प्रसूता की मौत, डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



चिकित्सकों की लापरवाही के चलते प्रसव के बाद प्रसूता की मौत हो गई। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बता कर उसे रेफर कर दिया। प्रसूता के परिजनों ने जब लापरवाही के चलते मौत का आरोप लगाकर हंगामा शुरू किया प्राईवेट अस्पताल के चिकित्सकों ने पुलिस बुलाकर एंबुलेंस के द्वारा जबरन सीएचसी रामनगर भेज दिया। सीएचसी पर मौजूद चिकित्सक प्राईवेट अस्पताल के चिकित्सकों को भी पीछे कर दिया। उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाने पर इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि प्रसूता की मौत तो 2 घंटे पहले हुई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रसूता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना रामनगर के ग्राम रजनापुर मजरें गोबरहा का यह मामला है। यहां के निवासी गौरी कान्त मिश्रा ने अपनी पुत्री लक्ष्मी का विवाह लखनऊ के भीखमपुर पेपर मिल कॉलोनी निशातगंज निवासी वीरेंद्र तिवारी से की थी। लक्ष्मी इन दिनों अपने मायके रजनापुर में थी। परिजनों के मुताबिक प्रसव पीड़ा के चलते लक्ष्मी को मंगलवार को रामनगर के कटियारा में संचालित ग्रीन हॉस्पिटल मे आशा संगिनी के द्वारा ले जाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने25000 का पैकेज तय कर प्रसूता को भर्ती करके उसका ऑपरेशन कर दिया शाम को 5 बजे बच्ची का जन्म हुआ परिजनों के मुताबिक बुधवार को प्रसूता की इलाज में लापरवाही के चलते हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू किया तो गंभीर हालत बता कर उसे रेफर कर दिया परिजन ले जाने को तैयार नहीं थे तब पुलिस बुला ली गई। आशा संगिनी के साथ परिजन प्रसूता को लेकर रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वहां मौजूद चिकित्सक ने उसे ठीक से देखना मुनासिब नहीं समझा और जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया परिजन जब प्रसूता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने बताया कि इसकी मौत तो 2 घंटे पहले ही हो चुकी है। परिजनों के द्वारा नाराजगी जताई जाने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**विवादों से घिरा है अस्पताल**

ग्रीन हॉस्पिटल में हुई मौत का मामला यह नया नहीं है यह अस्पताल विवादों के घेरे में रहा है पहले यह रामनगर के बुढ़वल गांव में संचालित होता था यहां एक महिला मरीज के द्वारा अस्पताल संचालक पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई थी। लेकिन सेटिंग गेटिंग के चलते कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकती थी उसके कुछ दिन बाद संचालक के द्वारा बुढ़वल गांव से हटाकर इसे कटियारा गांव में खोल दिया गया जहां इलाज के नाम पर मरीजों को लूटा जा रहा है।

## विशाल भंडारे के साथ दो दिवसीय मेले का समापन



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** टिकरा गांव में दो दिवसीय मेले का आज देर रात समापन हो गया इस मेल में बड़ी दूर दराज से आए गांव वालों रामलीला मंचन का आनंद भी किया गया। मेला परिसर में युवा समाजसेवी रोहित मिश्रा द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस भंडारे में प्रमुख रूप से विधायक दिनेश रावत, अमित सिंह, गौतौना प्रधान अरुण शुक्ला, पूर्व प्रधान कुशमेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी, राजू समाजसेवी, पंकज मिश्रा, राजकुमार सोनी, कुलदीप मिश्रा, पवन अवस्थी, अमन साहू, शोभित यज्ञसेनी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## राज्यमंत्री के नेतृत्व में कई गांवों में आयोजित हुई राष्ट्रीय एकता यात्रा

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा के नेतृत्व मे सैदखानपुर से हमीदनगर होते हुए कई गांवों में राष्ट्रीय एकता पदयात्रा निकाली गई। रैली का समापन महमूदाबाद हनुमान मंदिर पर हुआ। यह यात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित की गई।जिसमे हजारों लोगों ने हाथों मे तिरंगा लेकर हिस्सा लिया। बुधवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के सैदखानपुर से महमूदाबाद तक 8 किलोमीटर लंबी यह पदयात्रा निकाली गई। इसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, टिकैतनगर चेयरमैन जगदीश गुप्ता, संतोष सिंह सहित भाजपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य मंत्री सतीश चंद शर्मा ने बताया कि यह पदयात्रा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर निकाली गई है। उन्होंने कहाकि सरदार पटेल ने भारत को एक बनाने के लिए संघर्ष किया और देश को एकजुट किया। इसी उपलक्ष्य में हम लोग एकता का संदेश देने के लिए यह पदयात्रा निकाल रहे हैं, ठीक वैसे ही जैसे पटेल जी ने राज्यों का भ्रमण कर भारत को एक किया था।राज्य मंत्री सतीश शर्मा का हमीदनगर, अकबरपुर, महमूदाबाद सहित कई स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ रामसनेहीघाट सीओ सदर, सफदरगंज, दरियाबाद थाना के पुलिसकर्मी तैनात रहे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, खंड विकास अधिकारी दरियाबाद मोनिका पाठक, संजीव कुमार गुप्ता, सीडीपीओ अर्चना वर्मा सहित ब्लॉक और तहसील के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।इस मौके पर अध्यक्ष पवन वर्मा मुलायम सिंह यादव सहित पुष्पेन्द्र शुक्ला, अनिल वर्मा, विकेश वर्मा, मोहम्मद अहमद, लवलेश पंडित सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण

- सभी कार्य पूर्ण करते हुए एक माह ने संचालित किए जाने के दिए निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका बलरामपुर में निर्माणाधीन सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट (एसटीपी) एक माह के अंदर संचालित होगा , डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा निर्माणाधीन सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट का डीएम ने व्यापक निरीक्षण किया , उन्होंने कार्यदाई संस्था को टेस्टिंग , कमीशनिंग सभी कार्य पूर्ण करते हुए एक माह के अंदर एसटीपी संचालित किए जाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने नगर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने के कार्य का जायजा लिया, इस दौरान उन्होंने लोगों से भी वार्ता किया एवं फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को क्षतिग्रस्त रोड में पुनः नया किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला अल्पसंख्यक अधिकारी, अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी महेश चतुर्वेदी, विनय कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# शिक्षक समाज के दृष्टा, जो कहते वह करते हैं: उमेश द्विवेदी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**







वित्त विहीन विद्यालयों की समस्याओं को सड़क से सदन तक उठाने वाले प्रदेश के 18 हजार विद्यालयों, उनके शिक्षकों के नेता शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी अपनी तीसरी पारी के लिए सघन रूप से शिक्षकों से सम्पर्क अभियान में जुट गए हैं। श्री द्विवेदी शिक्षकों को मतदाता बनाने के लिए फॉर्म भरवाने एवं शिक्षकों से संपर्क डोर टू डोर कर रहे हैं। मंगलवार को श्री द्विवेदी ने जिले के आधा दर्जन कालेजो में शिक्षकों व प्रबंधकों से सम्पर्क किया, श्री पी एल मेमोरियल कालेज, एसडी कालेज, आनंद विहार कॉन्वेंट इंटर कॉलेज सहित आधा दर्जन कालेजो के शिक्षकों से जनसम्पर्क कर समर्थन मांगा। शिवाजी पुरम स्थित अजय कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष सुभाषपा के आवास पर दो दर्जन कालेजों के शिक्षकों से भेंट कर समर्थन मांगा। शिक्षको ने श्री द्विवेदी के शिक्षक हित में किये गए कार्यो का उल्लेख किया और उन्हें पुनः एमएलसी बनाने के लिए समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने कहा कि शिक्षकों व विद्यालय प्रबन्धको की समस्या हमारी समस्या है, विद्यालय पर अगर कोई खरोच आती है, तो उनके दिल पर खरोच आती है। उन्होंने कहा कि वित्त विहीन कालेजो का नेता हूं, मगर विधायक सभी का हूँ, मैं सभी शिक्षकों के सुख दुःख में हमेशा खड़ा रहूंगा। श्री द्विवेदी ने आगे कहा कि मानवता अभी मरी नही है, जो सुख दुःख में खड़ा होता है,मानवता उसके साथ खड़ी होती है। शिक्षक समाज का दृष्टा है, जो कहता है वह करता है। अपने बच्चों के लिए सम भाव कोई रखता है तो माता पिता के अलावा शिक्षक ही है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि आप हमारे साथ जुड़ें, आपको कभी यह नही महसूस होगा कि हम गलत जगह हैं। इस अवसर पर आनन्द विहार कान्वेंट कालेज के निदेशक शैलेन्द्र सिंह, जिलाअध्यक्ष सतीश यादव, रामचंद्र आदि शिक्षको, प्रबन्धको ने एमएलसी का भव्य स्वागत किया।

## श्रीमद्भागवत कथा के समापन के दिन भंडारे में हजारों लोग हुए शामिल

**तुलसीपुर ,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रद्धांजलि सभा का समापन भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में मंदिर के पीठाधीश्वर योगी मिथलेश नाथ योगी ने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उपस्थित होकर ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की थी। भंडारे में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, नगर पालिका परिषद बलरामपुर के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह 'धीरू', कथावाचक सर्वेश जी महाराज, महंत कौशलेंद्र नाथ गिरी (बलिया), भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्राम सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरुण देव आर्य, भाजपा वरिष्ठ नेता विजय सिंह, भाजपा नेत्री शेरावाली शुक्ला, मंदिर सेवादार अरुण कुमार, सुनील मणि त्रिपाठी, गुप्ता, पंकज सिंह, श्याम तिवारी, रितेश द्विवेदी, सीओ डॉ. जितेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह, जरवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश पाल, देवीपाटन चौकी प्रभारी अमर सिंह, मंदिर सुरक्षा प्रभारी रामकुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### लगातार बर्बाद हो रहा पाइप लाइन से पेयजल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर गांव में जल जीवन मिशन के लहत बिछाई गई पाइपलाइन से लगातार पानी बह रहा है। पाइप में टोटी न होने और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, नल में टोटी नहीं लगाई गई है, जिसके चलते दिनभर पानी व्यर्थ बहता रहता है। लोगों ने अस्थायी रूप से कुछ लगाकर पानी के बहाव को कम करने का प्रयास किया है, लेकिन यह पूरी तरह रुकता नहीं है। यह बहता हुआ पानी सीधे सड़क पर जमा हो रहा है, जिससे लोक निर्माण विभाग की सड़क को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। सड़क पर लगातार जलभराव से उसके जल्दी खराब होने का खतरा हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी के बहाव को रोकने के लिए चैंबर या नाली का निर्माण कराया जाए।

# रन फ़ॉर रोड सेफ्टी के द्वारा चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्रों ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश




- नशे से दूर रहने की सीख के साथ यातायात नियमों के पालन की दी जानकारी
- संस्थान द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं ने नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं रन फ़ॉर रोड सेफ्टी, रैली निकाली। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं एनआईएसडी के निर्देश पर चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की इस रैली का शुभारंभ पुलिस चौकी अहमदपुर के प्रभारी, उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह, कांस्टेबल सुरजीत सिंह, तरुण यादव एवं संस्था अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमो को बताते हुए रैली को रवाना किया। चौकी इंचार्ज ने कहा कि बीमारी से ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हो रही हैं, यातायात नियमों का पालन न करना और नशे में वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। हमें अपनी जिंदगी से प्यार करना है, और सडक सुरक्षा के नियमो का पालन करना है। प्रधानाचार्य विनोद कुमार के नेतृत्व में यह रैली ग्राम बड़ी छंदवल, छोटी छंदवल की गलियों मोहल्ले से निकली तो घर की महिलाएं बच्चों ने जगह जगह स्वागत किया जिन्हें नशे से दूर रहने के साथ ही सड़क पर यातायात नियमों के पालन करने की जानकारी दी गई। रन फ़ॉर रोड सेफ्टी लिखी सफेद टी शर्ट में बच्चे, स्काउट बैंड के साथ कतारबद्ध सड़क सुरक्षा के नारे लगाते हुए गांवों के बीच बच्चों ने माहौल गुंजायमान कर दिया। हेलमेट लगाओ, जान बचाओ, नशे में वाहन चलाओगे , मौत को बुलाओगे, जिंदगी बचाएं, नशे से दूर रहें जैसे नारे लगाकर बच्चों ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया। रैली में शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, पूनम रत्नाकर, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया, अर्चना, अनीता एवं स्टाफ जियालाल, सरोज, सरस्वती सहित 175 छात्र छात्राओं ने रैली में भाग लिया।

# हाजी स्माइल डिग्री कॉलेज मैदान में विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उतरौला द्वारा आयोजित विधायक खेल स्पर्धा 2025-26 का बुधवार को हाजी स्माइल डिग्री कॉलेज मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। खेल प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाओं ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहरैची प्रसाद गुप्ता (डायरेक्टर) तथा विशिष्ट अतिथि रमेश गुप्ता (प्रधान) ने फीता काटकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मैदान में खिलाड़ियों में जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। क्षेत्रीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़, भाला फेंक, चक्का फेंक, वॉलीबॉल, फुटबॉल, ऊँची कूद, लंबी कूद, कुश्ती सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस स्पर्धा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है।जिसमे 200 मीटर लम्बीदौड़ सीनियर बालक वर्ग में राजा बाबू (रेहरा बाजार) प्रथम,गोरखनाथ द्वितीय, फैजान आलम तृतीय रहे। 200 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में मोहनी वर्मा (रेहरा बाजार) प्रथम, शालू विश्वकर्मा द्वितीय, शिल्पी तृतीय रहीं। 200 मीटर सीनियर बालिका वर्ग में मधू वर्मा (रेहरा बाजार) प्रथम, ममता वर्मा द्वितीय, लक्ष्मी वर्मा तृतीय रहीं।चक्का फेंक सीनियर बालिका वर्ग में काजल राठौर प्रथम, कामता द्वितीय जूनियरः लकी वर्मा प्रथम, आंचल सैनी द्वितीय, सब-जूनियरः तैयब खान प्रथम, संध्या द्वितीय, तनु तृतीय।100 मीटर जूनियर बालिका शांति वर्मा (सादुल्लनगर) प्रथम, सोनम यादव (नौडीहवा) द्वितीय, नंदिनी (सादुल्लहनगर) तृतीय 100 मीटर बालक वर्ग मे गौरव नाथ (उतरौला) प्रथम, आशीष यादव (रेहरा) द्वितीय, रूपेश कुमार वर्मा (रेहरा) तृतीय। खेल मैदान में दर्शकों की अच्छी-खासी भीड़ रही। विजयी खिलाड़ियों का चयन अगली प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, दीपचंद जायसवाल सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।





# स्कूलों में होने वाली प्रतियोगिताओं में ट्रॉफी की जगह अब भेंट की जाएंगी किताबें

## उत्तर प्रदेश के स्कूलों में अब छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने की एक नई पहल, बुके नहीं, बुक दें नाम से शुरू हुआ अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्कूलों में अब छात्रों को पढ़ने के लिए प्रेरित करने की एक नई पहल शुरू की गई है। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि अब स्कूलों, पुस्तकालयों में होने वाले विशेष कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं या सांस्कृतिक आयोजनों में फूलों के बुके या ट्रॉफी की जगह किताबें भेंट की जाएंगी।

यह अभियान बुके नहीं, बुक दें नाम से शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करना और उन्हें मोबाइल या डिजिटल उपकरणों से दूर रखकर ज्ञानवर्धक पुस्तकों की ओर आकर्षित करना है।

अब जब किसी छात्र को किसी प्रतियोगिता में पुरस्कार मिलेगा या किसी कार्यक्रम में अतिथि का स्वागत किया जाएगा, तो उन्हें पुष्पगुच्छ की जगह प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद पुस्तकें दी जाएंगी। यह बदलाव प्रतीकात्मक नहीं बल्कि एक गहरा शैक्षिक संदेश लेकर आया है, ज्ञान का सच्चा सम्मान पुस्तक से ही है।



### पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जिलों के शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। शिक्षकों, पुस्तकालय कर्मियों से कहा है कि वे स्वयं पुस्तकें पढ़ें और उनके सारांश को कक्षा में बच्चों के साथ साझा करें। शिक्षकों की भूमिका केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि वे बच्चों में पढ़ने की प्रेरणा भी जगाएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस अभियान को जमीनी स्तर पर शुरू कर दिया है। योजना के तहत छात्रों को केवल पाठ्यक्रम की किताबें ही नहीं बल्कि प्रेरणादायक, नैतिक और ज्ञानवर्धक साहित्य उपलब्ध कराया जाएगा। इससे बच्चों का दृष्टिकोण व्यापक होगा और वे जीवन मूल्यों को बेहतर समझ सकेंगे। आज बच्चे अधिकांश समय मोबाइल पर व्यतीत करते हैं, ऐसे में यह अभियान उन्हें फिर से पुस्तकों की ओर मोड़ने का प्रयास है। एक पुस्तक न केवल ज्ञान देती है, बल्कि सोचने और समझने की क्षमता भी बढ़ाती है। सरकार का कदम शिक्षा के साथ बच्चों के मानसिक और बौद्धिक विकास की दिशा में भी अहम साबित हो सकता है।

# पीडीए प्रहरी एसआईआर में सपा के वोट की करेंगे निगरानी : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) प्रहरी बनाने का हमारा मकसद यह था कि एक भी जगह समाजवादी पार्टी (सपा) के वोट कट न पाएं। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही।

वे उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश है कि आप कंफ्यूज रहे और आप वोट बनवाने में ही व्यस्त हो जाए और जिन मुद्दों में सरकार असफल है, उन सवालों को वह न कर पाएं। पूरा प्रशासन भाजपा के वोट बनावाने में और वह फ्री होकर बैठे हुए हैं। हमारा वोट न बने और परेशान करने के लिए सरकार में अधिकारी बैठा रखे हैं। इसको देखते हुए समय-समय पर हमें जानकारी देंगे हमारे एसआईआर पीडीए प्रहरी और हम लोग इलेक्शन कमीशन से शिकायत करेंगे। आयोग हमारी मदद और निष्पक्ष कार्यवाही करेगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) बहुत कम्युनल स्पीच देने लगे हैं, क्योंकि वे घबरा जाते हैं कि जनता खिलाफ है। पार्टी के लोग खिलाफ हैं। एमएलए खिलाफ हैं। ऐसा तो नहीं कि कुर्सी हिल जाएगी। उन्हें जब कुर्सी का डर लगता है तो वे कम्युनल स्पीच देने लगते हैं। उन्हें विजन इंडिया, स्टार्टअप से कोई लेना-देना नहीं है। अखिलेश ने स्वास्थ्य विभाग पर तंज कसा।



## खबरें एक नजर में

### लखनऊ जेल में कड़ी हो गई सुरक्षा व्यवस्था

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली धमाके के बाद लखनऊ जेल प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला कारागार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। हाई सिक्योरिटी बैरक में 50 बंदी रखे गए हैं जिनमें 18 आतंक के आरोपी हैं। सुरक्षा के मद्देनजर व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त कर दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक अफसरों ने जेल में बाहरी लोगों का प्रवेश अस्थायी रूप से रोका गया है। अंदरूनी बैरकों में विशेष तलाशी अभियान चलाया गया है। गहन छानबीन शुरू हो गई है। अब जेल में प्रवेश से पहले आधार व पहचान पत्र अवश्य दिखाना होगा। 3650 बंदियों की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। जेलकर्मियों और बंदियों के सामान की सघन जांच की जा रही है। वॉच टॉवर, चहारदीवारी और मुख्य द्वार पर तैनाती बढ़ाई गई है।

### यातायात जागरूकता, महिला सुरक्षा व स्वच्छ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर में आगामी 16 नवम्बर को होने जा रही लखनऊ मैराथन यातायात जागरूकता, महिला सुरक्षा व स्वच्छ लखनऊ की थीम पर आधारित होगी। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफइवेंट मैनेजमेंट (आईआईईएमआर) और संस्कृति युवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हो रही यह मैराथन 1090 चौराहा से शुरू होगी। जिसका फ्लैग ऑफ एमटीवी रोडीज रणविजय सिंहा करेंगे। आयोजक मुकेश मिश्रा ने बताया कि एस.के. फाइनेंस के सहयोग से हो रही चार किलोमीटर की दौड़ को महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है। मैराथन की सभी श्रेणियों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। सभी पंजीकृत धावकों को एक आकर्षक रेस किट, टी-शर्ट, शानदार मेडल और डिजिटल सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। आयोजक मुकेश मिश्रा ने कहा लखनऊ के लिए यह दोहरी खुशी है कि पहले एस.के. मैराथन के साथ यूथ आइकन रणविजय सिंहा भी हैं। रणविजय सिर्फएक स्टार नहीं हैं, वे एक एटीट्यूड हैं फिटनेस, हिम्मत और जुनून का। उनका हमारे साथ होना यह साबित करता है कि यह मैराथन सिर्फ दौड़ नहीं, बल्कि लखनऊ के युवाओं की ऊर्जा का उत्सव है। हमें पूरा विश्वास है कि रणविजय को अपने बीच पाकर लखनऊ का हर युवा दौड़ेगा लखनऊ की इस मुहिम से पूरे दिल से जुड़ेगा।

### आम के पेड़ से फंदा लगाकर युवक ने की आत्महत्या

राजधानी के बख्शी का तालाब (बीकेटी) इलाके में मदारीपुर दुर्गा मंदिर के पास बुधवार को एक व्यक्ति ने आम के पेड़ से फंदे लगाकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान बीकेटी थाना क्षेत्र के रामपुर देवराय निवासी जगदीश सिंह के बेटे ज्ञानेंद्र सिंह उर्फगुड्डू सिंह के रूप में हुई है। घटना का पता सुबह करीब 8.50 बजे चला जब स्थानीय निवासी रामऔतार ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारा। उन्होंने बताया कि जांच के लिए फील्ड यूनिट टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### लाईफ सर्टिफिकेट सत्यापन के लिए महिला काउन्टर खुला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाडेंय व कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने संयुक्त बयान में बताया कि आदर्श कोषागार जवाहर भवन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए प्रतिवर्ष नवम्बर माह में अधिकतम लाइफ सर्टिफिकेट का सत्यापन होता हैं। जिसके कारण काफी संख्या में पेंशनभोगी आते हैं जिसके दृष्टिगत महासंघ के कार्यवाहक महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने मुख्य कोषाधिकारी आनंद कुमार से मुलाकात कर महिलाओं के लिए अलग से काउंटर खोलने के लिए कहा जिसके बाद मुख्य कोषाधिकारी ने अलग से काउंटर खुलवाया और स्वयं काउंटर पर बैठकर पेंशनरों का सत्यापन कर रहें है। महासंघ ने सीटीओ साहब का आभार व्यक्त किया है।

### अखबार हॉकर से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां पुलिस ने गौतमखेड़ा जंगल में अखबार हॉकर से हुई लूट की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटा गया मोबाइल फोन और 1100 रुपए नकद बरामद किए हैं। यह घटना चार दिन पहले हुई थी। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को सिसेंडी निवासी अखबार हॉकर अमरेश कुमार अपने क्षेत्र में अखबार बांटने निकले थे। दाऊदपुर पेट्रोल पंप के पास गौतमखेड़ा जंगल से गुजरते समय दो नकाबपोश युवकों ने उन्हें रोककर मोबाइल फोन और नकदी लूट ली थी। अमरेश कुमार की सूचना पर निगोहां पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी अनुज तिवारी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने छानबीन के बाद दोनों आरोपियों को गांव गोविंदपुर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गोविंदपुर, मोहनलालगंज, लखनऊ निवासी राज पुत्र योगेश कुमार और सूरज उर्फगौतम पुत्र शिवकुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वारदात के दिन उन्होंने शराब पी रखी थी और नशे की हालत में लूट को अंजाम दिया था।

### 15 नवंबर को प्रदेशभर के लेखपाल करेंगे आंदोलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेशभर के लेखपाल 15 नवंबर को अपने अधिकारों और मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। इस दौरान वे अपनी सभी सरकारी जिम्मेदारियों का बहिष्कार करेंगे। लेखपालों का कहना है कि वे लंबे समय से वेतन, भत्तों और अन्य सेवा संबंधित सुधारों की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। इसलिए उन्होंने यह बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। आंदोलन के दौरान विभिन्न जिलों में लेखपाल कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हो सकता है। प्रशासन ने भी संभावित समस्याओं को देखते हुए आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं। लेखपालों की प्रमुख मांगों में वेतन और भत्तों में वृद्धि, सेवा नियमों में सुधार और अन्य अधिकारों की सुरक्षा शामिल हैं।

## आज देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बनकर उभरा यूपी : जयवीर सिंह

# वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी में भागीदार बनेगा पर्यटन विभाग

**कम खर्च में सर्वाधिक आय वाला महकमा सिर्फ टूरिज्म डिपार्टमेंट**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी के लक्ष्य में बड़ा भागीदार पर्यटन विभाग बनने जा रहा है। कम खर्च में सर्वाधिक आय वाला महकमा सिर्फ टूरिज्म डिपार्टमेंट ही है।

उत्तर प्रदेश की ओर देशी ही नहीं विदेशी पर्यटकों का रूख प्रमाण है। पर्यटन विभाग अब सफेद हाथी नहीं रहा। आज देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बनकर उभरा है। पहले यह महकमा पहचान का मोहताज था, इस महकमे में क्या-क्या होता है और क्या-क्या हो सकता है, आमजन को पता ही नही था। जबसे यूपी में योगी सरकार आई तबसे पर्यटन विभाग से लोगों का जुड़ाव शुरू हुआ। आज हालत यह है कि यह पर्यटन विभाग बड़ा राजस्व अर्जन वाला विभाग बन गया है। एक पर्यटक आता है तो सीधे कम से कम आधा दर्जन लोगों की आमदनी होती है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा हिस्सेदार बनने जा जा रहा है पर्यटन विभाग। देश विदेश के पर्यटन यूपी की ओर आकर्षित हुए हैं, यह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह दावा मीडिया से मुखातिब प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने किया। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की वर्तमान उपलब्धियों में पर्यटन से सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान, यात्रा और पर्यटन में रोजगार सृजन, और विश्व आर्थिक मंच के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक में 39वें स्थान पर आना शामिल है। सरकार वेलनेस, ईको, ग्रामीण और आध्यात्मिक जैसे आधुनिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, और प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ परिपथों का विकास कर रही है। स्थानीय कलाकारों का रजिस्ट्रेशन शुरू किया है। कोई विधानसभा क्षेत्र ऐसा नहीं, जहां हमारा विभाग काम न कर रहा है। धार्मिक स्थलों और धरोहरों को विकसित किया है ताकि देश ही नहीं विदेशी पर्यटकों की भी आमद बढ़े, आमद बढ़ेगी तो आमदनी भी बढ़ेगी।

### पर्यटन से राज्य की जीडीपी में 15 फीसदी योगदान का लक्ष्य

2027 तक 10 फीसदी वार्षिक क्षेत्रीय वृद्धि और पर्यटन से राज्य की जीडीपी में 15 फीसदी योगदान का लक्ष्य है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में 10 लाख से अधिक रोजगार सृजन का लक्ष्य है। सरकार चिकित्सा पर्यटन, ईको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, ग्रामीण पर्यटन और आध्यात्मिक पर्यटन जैसे आधुनिक आयामों को बढ़ावा दे रही है।ग्रामीण पर्यटन के विकास पर भी ध्यान केंद्रित है, जिसमें ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन, कुशीनगर और गोरखपुर जैसे प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों का समग्र विकास किया जा रहा है। रामायण परिपथ, व्रज परिपथ और बौद्ध परिपथ जैसे परिपथों का विस्तार हुआ है। प्रमुख सड़कों के किनारे ढाबे और फूड कोर्ट विकसित किए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पहले कोई न नीति थी न रीति। उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति 2022 को लागू किया है। एआई तकनीक की मदद से पर्यटकों की गिनती की जा रही है। राज्य के होटलों और रिसॉर्ट के लिए स्टार वर्गीकरण प्रणाली शुरू की है।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दी छात्रा संजना कुमारी को कांस्य पदक जीतने पर बधाई

**लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि, लखनऊ की छात्रा संजना कुमारी को इंडोनेशिया परा बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट 2025 में कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह निदेशक खेल एवं योग प्रकोष्ठ प्रो. पांडेय राजीवनयन तथा बैडमिंटन कोच इरशाद अहमद को बधाई दी। संजना जैसी प्रतिभाशाली छात्राएँ दिव्यांगजन सशक्तिकरण का सजीव उदाहरण हैं। उन्होंने न केवल अपनी मेहनत से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का झंडा ऊँचा किया है, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं और विशेष रूप से दिव्यांगजन विद्यार्थियों को प्रेरणा दी है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों में चीनी कंपोनेंट की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्ट प्रीपेड मीटर को उत्तर प्रदेश में बड़े जोर-शोर से लागू किया गया था। बिजली चोरी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य से इस योजना के तहत राज्य में लगभग 18,885 करोड़ के टेंडर को बढ़ाकर 27,342 करोड़ में अवार्ड किया गया। लेकिन अब जो आंकड़े सामने आए हैं, वे पूरे देश के लिए चिंता का विषय बन गए हैं।

उपभोक्ता परिषद शुरू से या मांग उठा रहा है कि जो स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर के कंपोनेंट अधिक मात्रा में चीनी है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच जरूरी है। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में अब तक 36,44,871 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं, जिनमें से लगभग 3,050 उपभोक्ताओं के मीटरों में क्रिटिकल इवेंट दर्ज किए गए हैं। यह क्रिटिकल इवेंट दरअसल उन मामलों को दर्शाता है, जहाँ मीटर से छेड़छाड़ की गई है।

छेड़छाड़ में मीटर कवर ओपन किया गया, मैग्नेटिक टेंपरिंग की गई, सील तोड़ी गई या न्यूट्रल मिस किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि स्मार्ट मीटरों में इस प्रकार की घटनाएं होना अत्यंत गंभीर है। यह पूरे सिस्टम की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

### इस्लामिक पृष्ठभूमि रखने वाले शिक्षण संस्थान बन रहे आतंकियों की शरणस्थली

**लखनऊ।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने दिल्ली में हुये कार बम विस्फोट में मारे गये लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा है कि इस घटना की प्रारम्भिक जांच में सामने आये शिक्षण संस्थानों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल करने की मांग की है, साथ ही ऐसे शिक्षण संस्थानों में सामने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की निष्पक्ष जांच होती है तो एक नहीं सैकड़ों परवेज अंसारी इंटीग्रल से निकलेंगे। श्री त्रिवेदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इस्लामिक पृष्ठभूमि रखने वालों के संस्थान आतंक की शरणस्थली बनती जा रही है, और ऐसे में जरूरी हो गया है कि केन्द्र और राज्यों की सरकारें ऐसे संस्थानों पर कड़ी नजर रखे।

# विश्व विद्यालय समर्थ पोर्टल के अधिकारियों से निरंतर बनाए रखें संपर्क, समस्या का करें शीघ्र समाधान

**राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने समर्थ पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन में प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल के 39 मॉड्यूल के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

बैठक में रजिस्ट्रेशन, नामांकन, परीक्षा, परिणाम, काउंसलिंग, फीस भुगतान और डिजिलॉकर इंटीग्रेशन से जुड़ी तकनीकी समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की गई। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी विश्वविद्यालयों को समर्थ पोर्टल के अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने और तकनीकी व प्रक्रियागत समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।



उन्होंने राजभवन स्तर पर एक विशेषज्ञ टीम गठित करने के निर्देश दिए, जिसे समर्थ पोर्टल के अधिकारी प्रशिक्षित करेंगे और जो विश्वविद्यालयों को पोर्टल आधारित कार्य प्रणाली में दक्ष बनाएगी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने फीस जमा करने के बाद प्रवेश नहीं लिया है, उनकी फीस वापसी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि नामांकन से लेकर परीक्षा परिणाम तक के सभी कार्य समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षित आईटी टीम गठित करने, सत्रों की समयबद्ध शुरुआत करने और विद्यार्थियों को समर्थ पोर्टल के उपयोग की प्रक्रिया समझाने के लिए वीडियो बनाकर विश्वविद्यालयों के यूट्यूब चैनलों पर साझा करने के निर्देश दिए।

# महापौर सुषमा खर्कवाल ने लाल कुआं वार्ड स्थित बांस मंडी पोर्टेबल कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का किया उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लाल कुआं वार्ड स्थित बांस मंडी पोर्टेबल कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा किया गया। यह नया ट्रांसफर स्टेशन न केवल क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सक्षम बनाएगा।

इस अवसर पर आयोजित उद्घाटन समारोह में पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी', पार्षद आशीष हितैशी, नगर मंत्री महिला मोर्चा साईदा खान, भाजपा नेता विशाल सोनकर, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, लखनऊ स्वच्छता अभियान के प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन, एस.के. वर्मा, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान सहित नगर निगम के अधिकारीगण, लखनऊ स्वच्छता अभियान टीम और क्षेत्र की सम्मानित जनता बड़ी संख्या में मौजूद रही। महापौर सुषमा खर्कवाल ने इस अवसर पर कहा कि लखनऊ को स्वच्छ, हरित और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में नगर निगम लगातार प्रयासरत है। यह नया पोर्टेबल कंपैक्टर ट्रांसफर स्टेशन इस दिशा में एक और मजबूत कदम है, जिससे कचरा प्रबंधन और सफाई कार्यों की दक्षता में अभूतपूर्व सुधार होगा। यह परियोजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के अंतर्गत लखनऊ स्वच्छता अभियान प्रा. लि. द्वारा संचालित की जा रही है। लखनऊ नगर निगम ने इस कंपनी को शहर के पांच जोनों कृ जोन 01, 03, 04, 06 और 07 में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के संचालन का दायित्व सौंपा है।



# 11 साल में सरकार ने बढ़ने नहीं दिया डीएपी के दाम : सूर्य प्रताह शाही

**हर क्षेत्र में लोगों को बनाया जाएगा आत्मनिर्भर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पद्म विभूषण गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल में वाराणसी व मिर्जापुर मंडल की संयुक्त मंडलीय रबी उत्पादन गोष्ठी 2025 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही उपस्थित हुए। गोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य कृषि निवेशों की व्यवस्था तथा कृषि में तकनीकी पक्ष को बढ़ावा देना है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि वर्तमान में केंद्र तथा प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं के निवारण हेतु लगातार प्रयास कर रही है। पिछले 11 साल में डीएपी के दामों को बढ़ने नहीं दिया गया है। किसानों को बीज तथा खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कृषि मंत्री ने मंडलायुक्त वाराणसी तथा मिर्जापुर को सरकारी केंद्रों पर उपलब्ध बीज वितरण में धीमी गति को देखने हेतु कहा कि किसानों को अनुदानित बीज वितरण का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। सरकार का लगातार प्रयास है कि हम समय से 25 नवम्बर तक गेहूं की बुवाई सुनिश्चित करें ताकि फसल का उचित उत्पादन सुनिश्चित हो। हम जायद, खरीफ की फसल की बुवाई समय से करने का चक्र शुरू करें तभी हम अपनी उत्पादकता को बढ़ा सकेंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जागरूकता से वहां का कृषि चक्र सही है इसलिए वहां उत्पादकता का स्तर पूरब से ज्यादा होती है। हम लगातार प्रयास करें की फसलों को उनके उचित समय पर बोना सुनिश्चित करें।

### नगर निगम ने सड़क से अतिक्रमण हटाया सब्जियों-फल के ठेले जब्त

**लखनऊ।** राजधानी में नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। जोन 1, 3 और 7 में प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्रवाई हुई। शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत व्यापक अभियान चलाया। यह कार्रवाई महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार के नेतृत्व में की गई।प्रवर्तन टीम ने विभिन्न जोनों में सक्रिय रहीं। जोन-1 में जोनल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह अगुआई में अमीनाबाद झण्डेवाला पार्क, लाल कुआं पुल से राणा प्रताप चौराहा और कालीदास मार्ग से 1090 चौराहा तक अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थायी और अस्थायी दोनों प्रकार के अतिक्रमण हटाए गए। लगभग दो ट्रक सामान जब्त किया गया।

# सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को बनाया और भी सशक्त

**उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से स्वीकृति, अध्यक्ष पद की पात्रता में विस्तार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (संशोधन) अध्यादेश, 2025 का प्रख्यापन कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से स्वीकृत कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा उच्च, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभागों में सहायक आचार्य, टीईटी, टीजीटी, पीजीटी जैसी परीक्षाओं को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से संचालित करने हेतु उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम, 2023 के तहत आयोग का गठन किया गया था। यह आयोग सभी स्तरों पर शिक्षा सेवा से जुड़ी भर्ती परीक्षाओं को एकीकृत, निष्पक्ष और तकनीकी रूप से सुदृढ़ प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार है। मंत्री उपाध्याय ने बताया कि आयोग की कार्य-संरचना और इसके बढ़ते दायरे को देखते हुए, अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु पात्रता का दायरा विस्तारित किया गया है।



अधिनियम की धारा 4 (2)(क) में संशोधन करते हुए पूर्व प्रावधान 'भारतीय प्रशासनिक सेवा का सदस्य हो या रहा हो और राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद धारण किया हो' के स्थान पर अब 'राज्य सरकार में प्रमुख सचिव का पद या उसके समकक्ष पद पर हो या रहा हो' प्रतिस्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि आयोग का नेतृत्व ऐसे अनुभवी, सक्षम और प्रशासनिक दृष्टि से दक्ष व्यक्तित्व को मिले, जो आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित परीक्षा प्रणाली को अपनाकर पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती सुनिश्चित कर सके।

नई पहल

## बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में अरविंद राष्ट्रीय इतिहास निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# शब्दों में राष्ट्रभाव रचेंगे परिषदीय नौनिहाल व केजीबीवी की बालिकाएं

**10 से 15 दिसंबर के बीच होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे परिषदीय बच्चे**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का बेसिक शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास की दिशा में लगातार नई पहलें कर रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए अरविंद राष्ट्रीय इतिहास निबंध प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है।



यह प्रतियोगिता भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं फाउंडेशन फॉर इंडियन हिस्टोरिकिल एंड कल्चरल रिसर्च (एफआईएचसीआर) के सहयोग से 10 से 15 दिसंबर तक आयोजित होगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, अभिव्यक्ति और ऐतिहासिक चेतना का विकास करना है, ताकि वे अपने ज्ञान और कल्पनाशक्ति के माध्यम से भारत की अमर संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं को महसूस कर सकें। कक्षा 7, 8 एवं 9 के परिषदीय विद्यालयों और केजीबीवी की छात्राएं इसमें भाग लेकर अपने विचार, भाषा कौशल और इतिहास के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करेंगी। इस सम्बंध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का कहना है कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन के प्रति रुचि जगाना और उन्हें यह एहसास कराना है कि भारत का इतिहास एक जीवंत प्रेरणा है। यह पहल विद्यार्थियों में अंग्रेज़ी दक्षता और रचनात्मक सोच को बढ़ाएगी तथा उनमें यह आत्मविश्वास भी जगाएगी कि उनके भीतर भी सृजन की वह शक्ति है, जो राष्ट्र के भविष्य को गढ़ सकती है।

### प्रदेश के हर जिले के विद्यार्थियों की होगी सक्रिय भागीदारी

राज्य के सभी जिलों में स्थित परिषदीय विद्यालयों एवं केजीबीवी संस्थानों को इस प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। शिक्षकों को विद्यार्थियों को प्रेरित करने तथा उनकी अभिव्यक्ति को सही दिशा देने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतियोगिता के आयोजन, मूल्यांकन और उत्कृष्ट प्रतिभागियों को सम्मानित करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। महानिदेशक स्कूल मोनिका रानी का कहना है कि यह पहल प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### निबंध लेखन के माध्यम से आत्म-अभिव्यक्ति को बल

यह प्रतियोगिता एक शैक्षणिक गतिविधि के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भारत की सांस्कृतिक आत्मा से संवाद का अवसर है। बता दें कि निबंध के विषय स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने नायकों, भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण, प्राचीन धरोहरों के संरक्षण और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्वों पर केंद्रित रहेंगे। इससे विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, गौरव और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा।

# तेज सांस व पसली धंसना निमोनिया के प्रमुख लक्षण

▸ विश्व निमोनिया दिवस पर जनपद में आयोजित हुई जागरूकता गोष्ठी

समृद्धि न्यूज




**बहराइच।** विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में जागरूकता गोष्ठी और हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को निमोनिया की रोकथाम, पहचान और समय पर इलाज के प्रति जागरूक करना था। गोष्ठी की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया मृत्यु का प्रमुख कारण है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार बाल मृत्यु के सभी कारणों में से 14 फीसदी मृत्यु निमोनिया से होती है, जबकि यह पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी एफआरयू पर बाल रोग विशेषज्ञों की तैनाती की गई है। जिला अस्पताल में पीकू और एसएनसीयू में निमोनिया प्रबंधन की आधुनिक सुविधाएँ मौजूद हैं। जिले की आशा कार्यकर्ताओं को होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर के तहत प्रशिक्षित किया गया है, जो तेज सांस वाले नवजातों को चिन्हित कर उन्हें अस्पताल रेफर करती हैं। डिप्टी सीएमओ डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि निमोनिया फेफड़ों का संक्रमण है, जो बैक्टीरिया, वायरस या धुएं के प्रदूषण से होता है। इससे फेफड़ों में सूजन और तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई होती है। इसके मुख्य लक्षण हैं तेज सांस, पसली धँसना, दूध या खाना न पी पाना, उल्टी, नथुनों का फूलना, सुस्ती या बेहोशी। उन्होंने कहा कि सामान्य सर्दी-जुखाम में घरेलू उपाय किए जा सकते हैं लेकिन निमोनिया के लक्षण दिखते ही बच्चे को अस्पताल ले जाना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यदि 0-2 माह के शिशु की सांस प्रति मिनट 60 या अधिक, 2-12 माह के बच्चे की 50 या अधिक, और 1-5 वर्ष के बच्चे की 40 या अधिक है, तो यह तेज सांस का संकेत है और ऐसे बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए। डीएचईआईओ बृजेश सिंह ने बताया कि बचाव के लिए बच्चों को पीसीवी टीका लगवाएँ, जन्म के 48 घंटे के भीतर न नहलाएँ, हाथों की स्वच्छता बनाए रखें, शिशु के आसपास धुएं रहित वातावरण रखें, और यदि खांसी 30 दिन से अधिक बनी रहे तो चिकित्सक से संपर्क करें। शिशु को छह माह तक केवल स्तनपान कराएँ और ठंड से बचाने के लिए पैर और सिर ढककर रखें।

कार्यक्रम के अंत में निमोनिया मुक्त बहराइच के संकल्प पत्र पर सभी प्रतिभागियों ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एसीएमओ डॉ. संतोष राना, तेजवापुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिषेक अग्निहोत्री, डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मोहम्मद राशिद, एआरओ मुशर्रफ और जेएसआई संस्था के मनीष त्रिवेदी सहित बीपीएम व बीसीपीएम उपस्थित रहे।

## निमोनिया दिवस पर मेडिकल कॉलेज में बच्चों के स्वास्थ्य पर दिया जोर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में बुधवार को जागरूकता संगोष्ठी और सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निमोनिया की रोकथाम, लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. परवेज़ ने की, जबकि संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. अरविंद शुक्ला ने किया और बताया सर्द मौसम में छोटे बच्चों को संक्रमण से बचाना बेहद जरूरी है। अगर बच्चे को तेज बुखार, खांसी या सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्या दिखे तो तत्काल डॉक्टर से संपर्क करें। जल्द पहचान और इलाज से जान बचाई



जा सकती है। संगोष्ठी में एमबीबीएस छात्रों, पैरामेडिकल स्टाफ और मरीजों के अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञों ने बताया कि निमोनिया बच्चों में मृत्यु का प्रमुख कारणों में से एक है, लेकिन यह पूरी तरह रोकी जा सकने वाली बीमारी है। समय पर पहचान, टीकाकरण और उचित उपचार से अधिकांश मामलों में बच्चे को स्वस्थ किया जा सकता है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय खत्री ने कहा कि निमोनिया से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका टीकाकरण और समय पर इलाज है। बच्चों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। बाल रोग विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है और इससे समाज में स्वास्थ्य चेतना को बल मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को निमोनिया की रोकथाम और टीकाकरण के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. अन्नू सिंह, डॉ. विकास, डॉ. मजहर, डॉ. एस.के. त्रिपाठी, डॉ. विजय मिश्रा, डॉ. कुरील समेत विभाग के अन्य चिकित्सक भी मौजूद रहे।

# एडी बेसिक ने किया जरवल और हुज़ूरपुर के विद्यालयों का निरीक्षण



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बुधवार को सहायक शिक्षा निदेशक, देवीपाटन मंडल ने जिले के विकास क्षेत्र जरवल व हुजूरपुर स्थित परिषदीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया।शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल ने प्राथमिक विद्यालय लालपुर जगदीशपुर, सहित आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान विद्यालय में शिक्षक अखिलेश मिश्र व शिववरदान मौर्य उपस्थित जबकि शिक्षा मित्र बबली गुप्ता अनुपस्थित थी, विद्यालय में प्रार्थना सभा के समय विद्यालय में कुल नामांकित 151 विद्यार्थियों के सापेक्ष 97 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। सहायक शिक्षा निदेशक ने स्वयं प्रार्थना सभा में प्रतिभाग किया तथा बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर उनका मनोबल बढ़ाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की भौतिक व्यवस्था, स्वच्छता की स्थिति, शैक्षिक वातावरण, तथा अभिलेख संधारण आदि भी देखा।

विद्यालय में छात्रों बैठने की व्यवस्था, ब्लैकबोर्ड लेखन, शिक्षण सामग्री का उपयोग तथा विद्यार्थियों की शिक्षण उपलब्धियों पर संतोष जताया। इस मौके पर राकेश गुप्ता, अखिलेश मिश्र, शिव वरदान मौर्य समेत स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में घायल पत्रकार मोहम्मद अनीश की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** लगभग 1 सप्ताह पूर्व बक्सर्वा के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए पत्रकार मोहम्मद अनीस की आज मौत हो गई। इनका इलाज लखनऊ में चल रहा था परिवार में एक पत्नी दो बेटे और दो बेटियां हैं मुश्किल से 45 वर्ष की उम्र में परिवार को छोड़कर इस दुनिया से चले गए इस अल्प आयु में उनकी मौत से गोंडा के पत्रकारों में शोक प्राप्त है ईश्वर से प्रार्थना है की अनीश भाई की आत्मा को शांति मिले और परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति ओम शांति।

### नाव हादसे में लापता तीन की तलाश 14वें दिन जारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ट्रांस गेरुआ स्थित भरतापुर गांव में 29 अक्टूबर को कौड़ियाला नदी में नाव पलटने से आठ लोग लापता हो गए थे। हादसे के तुरंत बाद एक महिला का शव बरामद हुआ था। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसएसबी और पीएसी द्वारा चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच अन्य लोगों के शव नदी से निकाले गए। हालांकि, दो बच्चों सहित तीन लोग अभी भी लापता हैं। लापता दो बच्चों सहित इन तीन लोगों की तलाश बुधवार को 14वें दिन भी जारी रही। एसएसबी और पीएसी की 30वीं बटालियन के जवान गेरुआ और कौड़ियाला नदी में सघन अभियान चला रहे हैं।प्लाटून कमांडर कमलेश ने बताया कि जवानों द्वारा नदी के दोनों किनारों पर रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लापता तीनों लोगों का शीघ्र पता लगाया जा सके।

### पुलिस महानिरीक्षक ने एनसीसी कैंडिडेट्स को किया संबोधित




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा मां पाटेश्वरी इंजीनियरिंग कॉलेज में 48 वीं वाहिनी एनसीसी कैंडेट्स को दिये जा रहे प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया गया।* एनसीसी कैडेट्स द्वारा पुलिस महानिरीक्षक को सलामी दी गई। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया गया। सम्बोधन के दौरान पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बताया गया कि एनसीसी टेनिंग का मुख्य उद्देश्य देश सेवा के लिए प्रशिक्षित और नैतिक मूल्यों से युक्त युवाओं का समूह तैयार करना है। सभी एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन को आत्मसात करना चाहिए।

### इमपैनल्ड सीड कम्पनियों ने शाकभाजी बीज के लगाए स्टॉल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन एवं निदेशालय स्तर से इमपैनल्ड कम्पनियों बापना सीड्स कम्पनी, ट्रोपिका सीड्स कम्पनी एवं इनवेस्टिव सीड्स प्रा.लि., बैंगलोर द्वारा जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में शाकभाजी बीज के स्टाल लगाये गये। जिले के शाकभाजी एवं मसाला बीज उत्पादक किसानों द्वारा स्टालों का अवलोकन करते हुए शाकभाजी बीज क्रय करने में अभिरूचि दिखायी गई। जिला कृषि अधिकारी ने यह भी बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत मंगलवार को सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा लहसुन एवं प्याज बीज वितरण कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात जिला उद्यान कार्यालय, बहराइच में कृषकों को बीज का वितरण भी किया गया।

# टीबी मुक्त अभियान को नई दिशा अब 'टीबी चैंपियन' बनेंगे जागरूकता के नायक

▸ सीएचसी चरदा में इलाज से ठीक हो चुके मरीजों को दिया गया प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** अब हम जैसे लोग किसी और को टीबी से डरने नहीं देंगे, बल्कि सही इलाज और जागरूकता के जरिए उन्हें हिम्मत देंगे। यह कहते हुए चौगाई बिलासपुर गाँव के राजेश कुमार की आँखों में आत्मविश्वास झलक उठा। वह उन 30 टीबी मरीजों में से एक हैं जो अब स्वस्थ होकर समाज में टीबी चैंपियन की भूमिका निभाने जा रहे हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक के विभिन्न गाँवों से आए टीबी से ठीक हो चुके मरीजों को प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे अपने अनुभवों को साझा कर दूसरों को प्रेरित कर सकें और उपचार में सहयोग कर सकें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सचिन कुमार सोनकर ने प्रतिभागियों को टीबी के लक्षण, जाँच प्रक्रिया, उपचार की निरंतरता, निक्षय पोषण योजना के तहत इलाज की अवधि तक प्रति माह 1000 रुपये की सहायता राशि तथा समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। सीएचसी अधीक्षक डॉ महेश विश्वकर्मा ने बताया इन टीबी चैंपियनों को गाँव-गाँव जाकर यह संदेश देना है कि टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है, इसका इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है, बस इलाज बीच में नहीं छोड़ना चाहिए।

कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने बताया कि अब इन प्रशिक्षित चैंपियनों की मदद से हर गाँव में टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिससे मरीजों की समय पर पहचान हो सके और वे शीघ्र उपचार प्राप्त कर सकें। ये चैंपियन अपने अनुभव साझा कर टीबी मरीजों का मनोबल बढ़ाएँगे, ताकि वे इलाज को लेकर विश्वास बनाए रखें और पूरा उपचार कोर्स पूरा करें। राजेश कुमार जैसे पूर्व मरीज अब अपने गाँव में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए तैयार हैं। उनका कहना है कि जब वह बीमार थे, तो डर लगता था कि लोग अलग कर देंगे। लेकिन अब मैं दूसरों को बताऊँगा कि टीबी शर्म की नहीं बल्कि इलाज से ठीक होने वाली बीमारी है।

# स्कूली बच्चों को घर छोड़ने जा रही मारुति वैन में अचानक लगी आग



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** वजीर गंज थाना क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित वन घुसरा ग्राम पंचायत के पास एक मारुति वैन गाड़ी बच्चो की छुट्टी होने के बाद स्कूल से घर छोड़ने जा रही थी। वन घुसरा ग्राम के पास मारुति वैन में अचानक आग लग गई जिस से हड़कंप मच गया। मारुति वैन के चालक ने गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा कर स्कूल के दस बच्चों को बाहर निकाल लिया।

बच्चे सभी सुरिक्षत है। मारुति वैन के चालक ने घटना की सूचना फायर बिग्रेड को दिया। कड़ी मशक्कत के बाद मारुति वैन की आग को बुझा पाए।तब तक मारुति वैन पूरी तरफ से जल कर खाक हो गई। मारुति वैन गैस। सिलेंडर से चल रहा था। गैस सिलेंडर में लीकेज होने की वजह से मारुति वैन में आग लगी है। आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।तमाम लोगो की भीड़ इक्कठा हो गई। स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मारुति वैन एक स्कूल की थी। जिस का रजिस्ट्रेशन खत्म हो चुका था। इस के बाद भी बच्चों के जान को जोखिम में डाल कर बच्चो को ले जा रही थी।

## आठ साल के बच्चे पर भेड़िए का हमला, हालत गंभीर

**बहराइच।** आठ साल के बच्चे पर भेड़िए ने हमला कर दिया। बच्चे की हालत गंभीर है। भेड़िए ने हाथ और सिर नोच डाला। बच्चा घर के पीछे लगे नल पर पानी भरने गया था। तभी पीछे से भेड़िए ने हमला कर दिया। चीख सुनकर लोग दौड़े। शोर मचाने पर भेड़िया छोड़कर भाग गया। बच्चा खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ा। लोगों ने उठाकर सीएचसी पहुंचाया। जहां गंभीर हालत देख डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया। पूरा मामला महसी तहसील के गंगापुर गांव का है। प्रत्यक्षदर्शी बोले- सोने लाल वर्मा का बेटा रोहित मंगलवार शाम करीब पांच बजे घर के पीछे लगे नल से पानी लेने गया था। तभी अचानक भेड़िए ने उस पर हमला कर दिया। जिसके बाद भेड़िया उसे छोड़कर खेतों में भाग गया। हमले में रोहित के सिर और हाथ पर गहरे जख्म हुए हैं। परिजन घायल रोहित को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने रोहित की गंभीर हालत को देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया है।

# एंबुलेंस में गूंजी किलकारी, चालक, ईएमटी व आशा के सूझबूझ से सुरक्षित हुआ प्रसव

▸ ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एंबुलेंस बनी वरदान

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जनपद के सुजौली थाना क्षेत्र के धनियाबेली गांव में एक महिला ने एंबुलेंस में स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है यह घटना जिला मुख्यालय से करीब 120 किलोमीटर की दूरी पर हुई। महिला को सुबह अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई इसके पश्चात गांव की आशा कार्यकर्ता को बुलाया गया आशा कार्यकर्ता ने 102 एंबुलेंस को सूचित किया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा महिला को पीएचसी सुजौली ले जाया जा रहा था। लेकिन प्रसव पीड़ा अधिक होने के चलते एंबुलेंस के भीतर ही आशा की मौजूदगी में महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। जानकारी मिलने पर जनपद के प्रोग्राम मैनेजर सुधीर मणि त्रिपाठी के द्वारा एंबुलेंस चालक और ईएमटी सहित आशा बहू की प्रशंसा की गई है सुजौली थाना क्षेत्र के धनियाबेली गांव निवासी गुड़िया देवी पत्नी रामसरन को सुबह से ही प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिस पर जिन्होंने गांव की आशा कार्यकर्ता को मौके पर बुलाया आशा उषा पाल ने सुबह 11־30 बजे 102 एंबुलेंस को कॉल किया। प्रसव पीड़ा से कराह रही गुड़िया देवी को लेकर एंबुलेंस संख्या ह्वश्च 32 द्गद्द 1170 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली के लिए रवाना हुई गांव से अस्पताल की दूरी लगभग 6 किलोमीटर के आसपास है रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण एंबुलेंस को रोकना पड़ा और महिला ने एंबुलेंस के भीतर ही बच्चे को जन्म दिया। इस दौरान ईएमटी राहुल मिश्रा और आशा की सूझ बूझ से सुरक्षित प्रसव कराया गया। पायलट शरीफ ने बताया कि एंबुलेंस के अंदर महिला को प्रसव पीड़ा ज्यादा होने लगी थी जिस पर उसने एंबुलेंस को रोक दिया और एंबुलेंस में मौजूद ईएमटी राहुल मिश्रा और आशा बहू के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर सुधीर मणि त्रिपाठी के द्वारा एंबुलेंस चालक शरीफ अहमद, ईएमटी राहुल मिश्रा और आशा बहू के कार्य की प्रशंसा की गई है।

# प्रयागराज में 20 से 22 नवम्बर तक दिव्य कला व कौशल प्रदर्शनी का आयोजन

▸ उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में होगी उत्कृष्ट कलाकृतियों और नवाचारों की प्रदर्शनी
▸ दिव्यांग विद्यार्थियों को मिली अपनी कला और तकनीकी प्रतिभा दिखाने का अवसर
▸ गोंडा जनपद के शिक्षण संस्थानों से दिव्यांग छात्र जल्द कराएं पंजीकरण

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं प्रतिभा संवर्द्धन के उद्देश्य से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में आगामी 20 से 22 नवम्बर 2025 तक दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी* का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की उत्कृष्ट कलाकृतियों, तकनीकी नवाचारों, अनुसंधान और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से दिव्यांग विद्यार्थियों को अपनी कला, तकनीकी दक्षता और नवाचार प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके माध्यम से न केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मंच मिलेगा, बल्कि उनके कार्यों को प्रोत्साहन और पहचान भी मिलेगी।

जनपद गोंडा के विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं से आग्रह किया गया है कि वे इस प्रदर्शनी में प्रतिभाग के लिए शीघ्र अपना पंजीकरण संबंधित कार्यालय में कराएं, ताकि उनकी जानकारी उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज को समय से उपलब्ध कराई जा सके। कार्यक्रम के माध्यम से दिव्यांग कलाकारों और शोधकर्ताओं को समाज के सामने अपनी रचनात्मक क्षमता प्रदर्शित करने और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होगा।

## कोर्ट ने महिला तस्कर को सुनाई 15 साल की सजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले की एक अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक महिला को दोषी ठहराते हुए 15 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा के साथ 1 लाख 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर महिला को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह मामला एक साल पहले का है, जब रूपईडीहा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान सयपुरा बुढ़ा नामक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 7 किलो 400 ग्राम चरस बरामद हुई थी। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था और न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

▸ रेडक्रॉस की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने व सदस्यता के विस्तार पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज






**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में रेड क्रॉस सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में रेड क्रॉस सोसायटी की गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाना तथा सदस्यता विस्तार पर चर्चा करना रहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी एक मानवता-सेवी संस्था है, जो आपदा, दुर्घटना या आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों को सोसायटी से जोड़ने का कार्य करें, ताकि समाज सेवा की भावना को और व्यापक रूप दिया जा सके। जिलाधिकारी ने सदस्यता अभियान को गति देने तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संगठनों में रेड क्रॉस की गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा डॉ. अनिल तिवारी, सीएमएस जिला अस्पताल गोण्डा को सर्वसम्मति से रेड क्रॉस सोसायटी, गोण्डा का सचिव नामित किया गया। जिलाधिकारी ने नव-नामित सचिव को बधाई देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसायटी जिले में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करेगी तथा जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, सोसायटी के उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के समस्त पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रदर्शन

## बीएसए कार्यालय के समक्ष शिक्षामित्रों ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

# समर कैंप, स्टेशनरी भुगतान मानदेय समय से न मिलने पर आक्रोश

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले समर कैंप व स्टेशनरी भुगतान तथा समय से प्रतिमाह मानदेय न मिलने से आक्रोशित होकर हजारों की संख्या में शिक्षामित्र ने प्रांतीय प्रवक्ता शिव श्याम मिश्रा की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह को समास्याओं का ज्ञापन सौंपा।

प्रांतीय प्रवक्ता शिव श्याम मिश्रा ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि जिला विशेष शिक्षा अधिकारी से शिक्षामित्र प्रतिनिधिमंडल की वार्ता हो चुकी है बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सारी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित पटल को कठोर निर्देश दिए। और आश्वासन भी दिया है की मानदेय प्रेषण संबंधित कोई भी समस्या भविष्य में नहीं रहेगी।

जिला महामंत्री राहुल पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि मानदेय प्रेषण की समस्या सदैव बनी रहती है जिसका निराकरण नितांत आवश्यक है। प्रभारी जिलाध्यक्ष रिजवान अली ने धरने को संबोधित करते हुए कहा की इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य मानदेय से संबंधित सभी समस्याओं को हल कराना था, कार्यालय से जानकारी के अनुसार समर कैंप का मानदेय कल यानी 13 नवंबर तथा अक्टूबर माह का बेसिक का मानदेय तथा समग्र शिक्षा अभियान का मानदेय आज शाम तक बैंक को चला जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष पयागपुर प्रवीण तिवारी ने कहा की समस्या का शीघ्र निस्तारण नहीं हुआ तो इससे बड़े आंदोलन का आगाज किया जाएगा। धरने को जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह, मोहम्मद सलीम जिलामंत्री सरफुद्दीन खान जिला मंत्री, राजेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, दिनेश चक्रवर्ती जिला उपाध्यक्ष, अवधेश विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष, मुजीब अहमद जिला उपाध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुर जीत कुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष हुजूरपुर गिरीश जायसवाल, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी तजवापुर, ब्लॉक अध्यक्ष मिहीपुरवा रंजन खान, ब्लॉक अध्यक्ष रिसिया अमरीक सिंह ब्लॉक महामंत्री अवधेश गुप्ता रिसिया, शेष राज तिवारी अध्यक्ष चितौरा,राम गोविंद यादव अध्यक्ष कैसरगंज, प्रवीण वाजपेई अध्यक्ष महसी,जुगल किशोर वर्मा अध्यक्ष नवाबगंज रमेश कुमार पांडे अध्यक्ष विशेषरगंज आदि ने को संबोधित किया।

धरने में पुष्पा देवी, ममता मिश्रा किरण वर्मा, अनीता, श्यामू, मोइनुद्दीन, वसीम खान, बाल गोविंद,रामगोपाल आनंद प्रकाश, राधेश्याम सतीश विनोद, हितेश, मिश्रा कन्हैयालाल, खेमचंद ओमप्रकाश, शमीम खान ,बाल गोविंद, सूर्य प्रताप सिंह, दिलीप, बांकेलाल, शिवकुमार, मीरा देवी श्यामू आदि सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सेमरी शाखा के अथक प्रयासों से बढ़ी ग्राहकों की सुविधा, बैंक मित्र केंद्र का हुआ शुभारंभ



**खीरों (रायबरेली)।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा सेमरी शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अनुराग वर्मा के नेतृत्व में लगातार प्रगति के नए आयाम छू रही है। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शाखा ने जमा व निकासी की सेवाएं अब गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। शाखा प्रबंधक अनुराग वर्मा के प्रयासों से अब तक कुल 20 बैंक मित्र और बैंक शखी बनाए जा चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को बैंक आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। इसी क्रम में रीना वर्मा बैंक मित्र के ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ शाखा प्रबंधक अनुराग वर्मा के हाथों संपन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सुविधाएं पहुंचाना है। बैंक मित्रों के माध्यम से अब लोग आसानी से जमा, निकासी, खाते की जानकारी और सरकारी योजनाओं का लाभ अपने गांव में ही प्राप्त कर सकेंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब बैंकिंग सेवाएं उनके दरवाजे पर उपलब्ध होंगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

### राजस्व के मामले में साहब पुलिस कर रही परेशान सीओ से पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज, रायबरेली।** सीओ प्रदीप कुमार महराजगंज को शिकायती पत्र देते पीड़ित ने आरोप लगाया कि चन्दापुर पुलिस द्वारा राजस्व की जमीन पर विपक्षियों को जबरन कब्जा दिलवाया जा रहा जबकि न्यायालय मे मुकदमा विचाराधीन है। गंगा राम पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम चन्दापुर थाना चन्दापुर जिला रायबरेली वर्तमान पता ग्राम बन्दीपुर पोस्ट सन्दी नागिन परगना व तहसील सदर ने सीओ महराजगंज को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया की प्रार्थी की भूमि गाटा संख्या 50 रकबा 0.109 हैकटेयर ग्राम चन्दापुर परगना सेमरौता में स्थित है जिस भूमिका वरासत एवं विक्रय पत्र संबंधित वध न्यायालय नायक तहसीलदार महाराजगंज के यहां विचाराधीन है तथा न्यायालय एसीजेएम प्रथम ने रायबरेली न्यायालय में परिवारवाद संख्या 1978 /2017का वाद योजित है जिस पर प्रार्थी का कब्जा व दखल पुश्तैनी रूप से चला आ रहा है दीपक पुत्र राम सुमेर लव कुश पुत्र राधेश्याम बहादुर कहार पुत्र राधेश्याम संजय कहार पुत्र राधे श्याम निवासीगण पुरानी बाजार मंज़रे चन्दापुर व चन्दापुर पुलिस द्वारा जबरन दबाव बनाकर प्रार्थी से भूमि खाली करने की कोशिश की जा रही है तथा प्रार्थी की भूमि पर प्रतिपक्षीगणो को अवैध कब्जा करवाया जा रहा है तथा चन्दापुर पुलिस द्वारा प्रार्थी को धमकी दी जा रही है की भूमि खाली कर दो वरना सबको जेल में डाल दूंगा।

### डीएम ने किया ब्लाक हरगांव के मलिहाबाद उपकेंद्र का निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने बुधवार को ब्लाक हरगांव के मलिहाबाद उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपकेन्द्र खुला मिला, परन्तु कोई भी संम्बंधित कर्मचारी वहाँ मौजूद नहीं था, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी प्रकट की गई। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नौकरी से बर्खास्त करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने सेन्टर सुपरवाइजर का वेतन काटने तथा नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिये। डीएचएस में प्रस्ताव लाते हुये संम्बंधित बैम शीला देवी का वेतन काटने के निर्देश दिये। संबंधित विकास खण्ड के सीएचओ बलजिंदर कौर का वार्षिक वेतन वृद्धि एवं पीबीआई बिल काटनें के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि चेकलिस्ट बनाते हुये आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने वीएचएसएनडी की चेक लिस्ट तैयार कर सीएचओ, एएनएम, बीएएम, एमओआईसी तथा संबंधित ब्लॉक के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराते हुये जांचोपरान्त प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जाये। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामशाहपुर कृषि वानिकी सहकारी समिति पर अनुदान पर गेहूं बीज उपलब्ध



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड क्षेत्र शाहगढ़ के अंतर्गत क्षेत्र के रामशाहपुर कृषि वानिकी सहकारी समिति लिमिटेड में इस बार किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में गेहूं बीज उपलब्ध कराया गया है। सरकार की योजनाओं के तहत यह बीज अनुदान दर पर किसानों को दिया जा रहा है, जिससे वे आगामी रबी सीजन की बुआई सुचारु रूप से कर सकें। समिति प्रबंधक ने बताया कि सरकार की कृषि विकास नीतियों के अंतर्गत पंजीकृत किसानों को यह सुविधा दी जा रही है। समिति में इस समय प्रमुख किस्मों के प्रमाणित बीज उपलब्ध हैं, जिन्हें कृषि वैज्ञानिकों ने स्थानीय जलवायु के अनुकूल माना है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होने से किसानों की उपज में सुधार होगा और लागत में भी कमी आएगी। शाहगढ़ क्षेत्र के किसान इस व्यवस्था से काफी उत्साहित हैं। किसानों का कहना है कि अनुदान पर बीज मिलने से आर्थिक बोझ कम होगा और फसल उत्पादन भी बढ़ेगा। कृषि विभाग के अनुसार, बीज वितरण के साथ-साथ किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, खाद प्रबंधन और सिंचाई के आधुनिक तरीकों की भी जानकारी दी जा रही है।

### निर्माणाधीन जिला कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह के साथ बुधवार को निर्माणाधीन जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण किया। संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम जिला कारागार का मॉडल देखा तथा बैरक, रेजिडेंशियल एरिया, हाई सिक्योरिटी बैरक, किचन, पाठशाला, वाच टावर, गोदाम आदि का गहनता से निरीक्षण किया तथा लैब में जाकर निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही सामग्री की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। बताते चलें कि निर्माणाधीन जिला कारागार का निर्माण कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग क्षेत्र अयोध्या द्वारा कराया जा रहा है इसकी क्षमता 990 कैदियों की है। कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिला कारागार में रेजिडेंशियल एरिया के फिनिशिंग का कार्य चल रहा है जिसे शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा।

### पीएम स्वनिधि योजना में ऋण के लिए आवेदन शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उपजिलाधिकारी व परियोजना अधिकारी डूडा प्रीति तिवारी ने बताया कि कि कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना के अर्न्तगत जनपद के नगर पालिका परिषद् गौरीगंज, जायस, नगर पंचायत अमेठी, मुसाफिरखाना के रेडही पटरी पर व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेण्डर्स को अपने व्यवसाय को आगे बढाने के लिये ऋण योजना पुनः प्रारम्भ की गयी है। उन्होंने बताया कि योजना के प्रथम चरण में रू. 10,000 के ऋण को बढाकर रू. 15,000 किया गया है जिसकी 12 माह की आसान किश्तों की ससमय अदायगी के उपरान्त द्वितीय चरण का ऋण रू. 20,000 को बढाकर रू. 25,000 दिया जायेगा एवं द्वितीय चरण का ऋण 18 माह की आसान किश्तों की ससमय अदायगी किये जाने पर तृतीय चरण का ऋण रू. 50,000 बैंक द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा तथा द्वितीय ऋण की अदायगी पर रू. 30,000 का क्रेडिट कार्ड भी बैंक द्वारा निर्गत किया जायेगा। इच्छुक रेहडी-पटरी पर व्यवसाय करने वाले वेण्डर्स जन सुविधा केन्द्र व नगर निकाय के माध्यम से आवेदन करते हुये अपने-अपने नगर निकाय कार्यालय से सम्पर्क कर बैंक द्वारा ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

### शूटिंग प्रतियोगिता में नौ पदक 23 प्रशस्तिपत्र हासिल कर बढ़ाया जनपद पुलिस का मान



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में बीते 20 से 22 सितंबर तक अन्तर्जनपदीय लखनऊ ज़ोन शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस प्रतियोगिता-2025 एवं 50वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत दिनांक 12 से 18 अक्टूबर तक शूटिंग स्पोर्ट्स रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त दोनो प्रतियोगिताओं में जनपद पुलिस का हे.का. जोखई प्रसाद यादव व हे.का. ओपी राम राणा ने 15 गज, 25 गज, 40 गज व 50 गज में प्रतिनिधित्व किया । जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए हे.का. जोखई प्रसाद यादव द्वारा टीम व एकल की विभिन्न शूटिंग प्रतियोगिता जैसे- रायफल, रिवाल्वर, पिस्टल शूटिंग एवं एलार्म एफीशियेन्सी रेस में कुल 3 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य पदक व 18 प्रशस्ति पत्र एवं हे.का. ओपी राम राणा द्वारा कुल 2 स्वर्ण, 1 कांस्य व 5 प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर अमेठी पुलिस का मान बढ़ाया है। बुधवार 12 नवंबर को जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज में मुख्य आरक्षियों को उक्त उपलब्धियों के संदर्भ में शुभकामनाएं दी गई व उनके प्रदर्शन की सराहना की गई।

# डीएम की मेहनत लाई रंग, सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में हुआ सुधार

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग में जिले की रैंकिंग में जबरदस्त उछाल हुआ है। अक्टूबर की जारी रैंकिंग में जिले को विकास में 49वां स्थान मिला है। जबकि सितंबर में जिला 71वें स्थान पर रहा। डीएम हर्षिता माथुर की लगातार मानीटरिंग व समीक्षा के बाद काफी हद तक सुधार देखने को मिला है। जबकि कुछ विभाग योजनाओं का सही से क्रियान्यवन नही कर रहें है, जिसके चलते वह डी ग्रेड से विभाग का मान गिरा रहे हैं। शासन सभी विभागों की योजनाओं की प्रगति के आंकड़े सीएम डैश बोर्ड पर दर्ज करता है। विभागों से लेकर जिले की प्रगति की हर महीने रैंकिंग जारी होती है। सितंबर माह में जिला विकास की रैंकिंग में धरातल पर चला गया था। बीते माह मुख्य विकास अधिकारी ने रैंकिंग को लेकर समीक्षा बैठक की थी, जिसमें अधिकारियों को चेतावनी देते हुए सुधार के लिए कहा था। इसी का नतीजा रहा कि जिले की रैंकिंग में सुधार हुआ है। कई विभागाध्यक्ष योजनाओं को आखिरी पावदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सफल नहीं हो पा रहे है। विभागों में चल रही योजनाओं में जिले को बी व सी श्रेणी मिली है, जबकि कई विभागों ने कार्यशैली में उदासीनता दिखाते हुए डी ग्रेड प्राप्त किया है।जिला अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग की फैमिली आईडी योजना ने फजीहत कराई है, जिसमें उसे डी ग्रेड मिला है। समाज कल्याण योजना की छह योजनाओं ने विभाग की दुर्गति करा दी है। अनुसूचित जन जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में उसे डी ग्रेड मिला है। अनुसूचित जन जाति पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना बी ग्रेड मिला, जबकि अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्र वृत्ति योजना में उसे सी ग्रेड व अनुसूचित जाति पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में बी ग्रेड, सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में डी ग्रेड पाकर विभाग ने भद्द करा दी है सामान्य पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में उसे सी ग्रेड से ही संतोष करना पड़ा। लोक निर्माण विभाग को अपनी दो योजनाओं पर नीचा देखने को मिला है, जिसमें सेतु निर्माण में सी ग्रेड व नई सड़कों के निर्माण में बी ग्रेड से संतुष्ट होना पड़ा। नमामि गंगे जलापूर्ति विभाग की जल जीवन मिशन योजना धड़ाम है और उसे सी ग्रेड मिला। लोक शिकायत विभाग में निर्माण कार्य की गति ने इस विभाग की दुर्गति कर दी है, इसके चलते इस योजना को सी ग्रेड मिला है,ग्राम्य विकास की डे एनआरएलएम योजना में डी ग्रेड मिलने से इस विभाग की कलई खुल गई है। अल्पसंख्यक कल्याण की दशमोत्तर छात्रवृत्ति के तहत बच्चों को लाभ न देना महंगा पड़ा. उसे इसमें सी ग्रेड मिला, जबकि पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना में उसे बी ग्रेड मिला। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवतियों को पोषण सही से उपलब्ध नही कराया, जिसके चलते उसे मुंह की खानी पड़ी, उसे बी ग्रेड मिला। अन्य कई योजनाओं में बी ग्रेड आना ये बताता है कि जिले के अधिकारियों की उदासीनता योजनाओं पर भारी पड़ रही है।

## सीओ ने थाने का त्रैमासिक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार ने बुधवार को थाना बछरावा का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों, सुरक्षा व्यवस्था और रख-रखाव की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीओ ने साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने पर बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण प्राथमिकता होनी चाहिए। अपराध नियंत्रण, बीट जानकारी और आमजन से संवाद के बेहतर व्यवहार पर भी जोर दिया गया। सीओ कुमार ने ड्यूटी समय पालन, सतर्कता और शालीन व्यवहार पर विशेष बल देते हुए सभी कर्मियों से कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर थाना प्रभारी राजीव सिंह, उप निरीक्षक राजन तिवारी, उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र पांडे सहित स्थानीय थाने के सभी पुलिसकर्मी एवं स्टाफ मौजूद रहा।

## अपने नेता का धूमधाम से मनाया जन्मदिवस

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



कांग्रेस के ऊंचाहार के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह का जन्मदिन उनके मित्रों और कार्यकर्ताओं के द्वारा धूमधाम से उनके आवास पर मनाया गया अतुल सिंह पूर्व में कांग्रेस पार्टी के टिकट से ऊंचाहार विधानसभा में प्रत्याशी के रूप में खड़े हुए थे। सामाजिक कार्यों में इनके द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है और इनके द्वारा अपने उन दायित्वों का भी पूर्णतया निर्वाह किया जाता है जो समाज के हित में हो अगर इनके माध्यम से किसी गरीब शोषित व्यक्ति का भला होता है तो वो पीछे नहीं रहते। आज उनके जन्मदिन के उपलक्ष में आशीष शुक्ला अजीत सिंह और उनके अभिन्न मित्र गड़ की मंडली उनके आवाज तक पहुंची और अपने नेता का जन्मदिन धूमधाम के साथ उन लोगों के द्वारा मनाया गया।

## आठ दिवसीय डलमऊ महोत्सव का हुआ समापन

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी डलमऊ में आयोजित हुए आठ दिवसीय डलमऊ महोत्सव कार्यक्रम का मंगलवार को समापन किया गया कला संस्कृति और सभ्यता से परिपूर्ण रहे जलमऊ महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये जाने माने कलाकारों ने देश एवं प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखाई जो डलमऊ महोत्सव के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहे वही क्षेत्रीय प्रतिभाओं ने भी अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी महोत्सव के आखिरी दिन अंकित राज कृष्णा ग्रुप बरेली के कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य कल का प्रदर्शन किया गया जिसे देखकर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई और कलाकारों कब मनोबल बढ़ाया कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका सोनिया उपाध्याय द्वारा काहे नथिया गढ़वले उधार सैया जी गीत प्रस्तुत किया गया वहीं आंचल निषाद ने सैया मिले लड़कयां मैं का करूं गीत पर शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे दर्शकों ने जमकर सराहा और तालियों की बौछार करते हुए कलाकारों का उत्साह वर्धन किया डलमऊ महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सरेनी के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह अधिशासी अधिकारी डलमऊ सिकंदरादित्य नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ एवं चिकित्सा अधीक्षक नवीन कुमार ने कलाकारों कर्मचारी एवं सम्मानित जनों को अंग वस्त्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़ लिपिक सोहराब अली सतीश जायसवाल आशीष श्रीवास्तव गिरजा शंकर त्रिपाठी अमित तिवारी टेसू दीक्षित मिंटू तिवारी राजकुमार त्रिवेदी जनार्दन द्विवेदी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डंपर को ओवरटेक कर रही बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटी

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- आगे के हिस्से में बुरी तरह फंसा बस चालक, एक दर्जन घायल, आधा दर्जन गंभीर, दो रेफर



थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर ठकुराइन खेड़ा गांव के पास डंपर को ओवरटेक करते समय एक एसी जनरथ बस अनियंत्रित होकर खाई में कूद गई। जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक यात्रियों में आधा दर्जन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं अन्य यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस बछरावां से लालगंज की ओर जा रही थी। तभी उक्त मार्ग पर आगे जा रहे डंपर को ओवरटेक करने के चक्कर में बस दो शीशम व एक कंजी के पेड़ को तोड़ते हुए खाई में जा घुसी। जिसमें बस चालक बहादुर पुत्र भैयादीन उम्र 55 वर्ष निवासी कैलाशपुरी जनपद बांदा क्षतिग्रस्त बस के अगले हिस्से में फंस गए, वही बस परिचालक अजय कुमार पुत्र सुखदेव उम्र 22 वर्ष, शानवी बाजपेई पुत्री अजय कुमार उम्र 22 वर्ष, दिलीप कुमार पुत्र रामकिशोर उम्र 30 वर्ष, प्रतिष्ठा पुत्री संदीप उम्र 19 वर्ष निवासीगण जनपद बांदा एवं कार्तिकेय पुत्र सुनील कुमार गुप्ता उम्र 23 वर्ष निवासी राधा नगर जनपद फतेहपुर व अभय राज सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह उम्र 70 वर्ष निवासी पूरनपुर थाना सरेनी जनपद गंभीर रूप से घायल हो गए, एवं बस में सवार अन्य यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना पुलिस एवं एंबुलेंस को दी गई। वहीं बस के अगले हिस्से में गंभीर रूप से फंसे बस चालक को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बस से बाहर निकाला। सूचना पर मय फोर्स के साथ पहुंचे बछरावां थाना अध्यक्ष राजीव सिंह के द्वारा गंभीर रूप से घायल आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। वहीं अन्य घायलों का पास में स्थित निजी अस्पताल में इलाज कराकर उनको उनके गंतव्य के लिए दूसरी बस से भेज दिया गया है। बस परिचालक अजय कुमार ने बताया कि बस में कुल 12 यात्री सवार थे, जिनमें 6 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात बस चालक बहादुर एवं यात्री कार्तिकेय की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटनास्थल पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस के उप निरीक्षक हरिमोहन सिंह ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से चालक केबिन में लगी आग को बुझाने के साथ साथ घटना के बाद से चालू अवस्था में बस को बंद किया गया, नहीं तो कोई अप्रिय घटना भी हो सकती थी। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना की जांच की जा रही है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जायेगी।

## बधिर चालकों के वाहन पर लगे 'ड्राइवर इज डेफ' का चिन्ह



- बधिर संघ ने एसपी को सौंपा पत्र

**सीतापुर।** एसोसिएशन ऑफ द डेफ (बधिर संघ) द्वारा सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान में सहयोग हेतु मूक-बधिर वाहन चालको के लिए कान के प्रतीक चिन्ह योजना के प्रचार-प्रसार के लिए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पत्र सौपा गया। संघ के महासचिव नरेन्द्र सिंह व विधिक सलाहकार सूरज राय के नेतृत्व में दिए गए पत्र में कहा गया कि मूक-बधिर वाहन चालको द्वारा वाहन चलाने के दौरान अन्य वाहन चालको को यह जानकारी नहीं हो पाती है कि वाहन मूक-बधिर चला रहे है। इसी के तहत बधिर संघ मूक-बधिर चालको के वाहन पर कान के प्रतीक चिन्ह लगाने हेतु प्रचार-प्रसार का आग्रह किया गया। जिससे सड़क सुरक्षा सप्ताह में सहयोग हो सके और मूक-बधिर वाहन चालक भी सुरक्षित वाहन चला सके। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात पुलिस निरीक्षक को विधिक अनुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। संघ के पदाधिकारियों इस सम्बन्ध में यातायात पुलिस निरीक्षक से भी मुलाकात कर उन्हें मूक-बधिर चालको के वाहन हेतु 'ड्राइवर इज डेफ' कान का प्रतीक चिन्ह सौंपा गया। इस मौके पर संघ के महासचिव नरेन्द्र सिंह, विधिक सलाहकार सूरज राय, कोषाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, सदस्य अंकित त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## सड़क किनारे पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत चहेती नगर बाईपास के निकट बुधवार की सुबह नेशनल हाइवे के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा गया। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृत युवक किसी ट्रक का क्लीनर हो सकता है। मृतक की जेब से 20 रुपये नकद और बीड़ी मिली है, जबकि कोई पहचान से जुड़ा दस्तावेज नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ट्रक से गिर गया होगा और इसके बाद किसी अन्य वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई हो। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह हादसा संभवतः सुबह करीब चार बजे हुआ होगा। पुलिस ने ग्राम प्रधान की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है पुलिस आसपास के थानों और परिवहन केंद्रों से संपर्क कर युवक की पहचान कराने की कोशिश में जुटी है।

## जिला सैनिक बन्धु की बैठक 19 को

**सीतापुर।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक ने बताया कि 19.11.2025 को 04.00 बजे स्थान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया है, जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर राजीव कुमार पाठक (अप्रा) ने आग्रह किया है कि सभी भूतपूर्व सैनिक/सेवारत सैनिक उनके आश्रित अधिक से अधिक संख्या में सैनिक बन्धु बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत करायें। सभी भूतपूर्व सैनिक कलेक्ट्रेट सभागार में अपरान्ह 3.30 बजे तक अपनी उपस्थिति दर्ज करवाये।

## वंदेमातरम् राष्ट्रगीत भारत की अजर-अमर आत्मा है: राजेश शुक्ला



**सीतापुर।** भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा संपूर्ण राष्ट्र में उत्सव मना रही है इस उत्सव में भारत माता के बच्चे गौरवान्वित हो रहे हैं। हमारा मानना है कि वंदेमातरम हमारे राष्ट्रीय गीत के साथ-साथ भारत की अजर अमर आत्मा भी है उक्त बातें भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा डीसीबी मुख्यालय पर प्रेसवार्ता के दौरान कही गईं। आगे उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा विभिन्न अभियानो के माध्यम से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें 7 नवंबर 2025 को उत्तर प्रदेश के 18 अलग-अलग स्थान पर 150 कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक वंदे मातरम गायन एवं सभा का आयोजन किया गया।

**8 से 15 नवंबर तक सभी जिला मुख्यालय पर सामूहिक गायन एवं सभा के कार्यक्रम आयोजित होंगे:** विधानसभा स्तर पर सांसदों एवं विधायकों के नेतृत्व में कार्यक्रम होंगे साथ ही मंडल स्तर पर भी आमजन की सहभागिता के साथ वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान के तहत तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां ,बाइक रैलिया प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जन भागीदारी के साथ निकाली जाएंगी। इसी तरह विद्यालयों व महाविद्यालयों मे राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न प्रकार के निबंध कविताएं व चित्रकलाएं प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। अंत में जिला अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में आए पत्रकारों का धन्यवाद करते हुए कहा की राष्ट्रगीत की गौरव गाथा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ देश का बच्चा-बच्चा गाए ऐसी राष्ट्रभक्तों की मंशा है। इस अवसर पर अभियान संयोजक विष्णु मौर्य, जिला महामंत्री रमेश भार्गव दीपू, मनोज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## न्याय की आस में तहसील में धरने पर बैठी पीड़िता



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र अमेठी के रायपुर फुलवारी गांव की एक महिला अपने परिवार के साथ अमेठी तहसील परिसर में धरने पर बैठ गई है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला का आरोप है कि पिता की मौत के बाद विरासत में मिली जमीन पर कुछ दबंग लोग अवैध रूप से जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इस मामले की शिकायत कई बार पुलिस और राजस्व विभाग से की है लेकिन न्याय नहीं मिला,पीड़िता का कहना है कि जब तक उसकी जमीन पर से अवैध कब्जा हटाकर उसे न्याय नहीं दिलाया जाएगा, उसका धरना अनवरत जारी रहेगा।

## दादरा में खेलकूद प्रतियोगिता का महेंद्र मिश्र ने किया शुभारंभ

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड मुसाफिरखाना क्षेत्र के दादरा में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय दादरा में किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र व दादरा प्रधान प्रतिनिधि संदीप सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन व फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। नोडल संकुल रामायण सिंह की देखरेख में सुचारू व व्यवस्थित ढंग से प्रतियोगिता संपन्न हुई। कबड्डी बालक, बालिका वर्ग में जू. हाई स्कूल दादरा ने पहला स्थान प्राप्त किया। खो खो बालक, बालिका वर्ग में निजामुद्दीन पुर प्रथम स्थान, प्राथमिक वर्ग कबड्डी में दादरा प्रथम विश्राम राय दूसरा स्थान तथा प्राथमिक बालक वर्ग 100 और 200 मी दौड़ में दादरा प्रथम से प्रिंस प्रथम रहे। प्राथमिक बालक वर्ग 400 मी. में दौलत अली ने पहला स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक बालक और बालिका वर्ग ने वॉलीबॉल में दादरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्रा बालक वर्ग ऊंची कूद में शिवांग प्रताप जूनियर हाई स्कूल दादरा ने प्रथम स्थान, बालिका वर्ग में सेजल ने प्रथम स्थान, लंबी कूद में दादरा उच्च प्रा वि से दुर्गा प्रसाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे खेल में दादरा उच्च प्रा वि के बच्चों का दबदबा कायम रहा। अंत में सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया। कंचन श्रीवास्तव, मीरा अलका पंत, मीनाक्षी, राना बेगम, राजेंद्र कुमार देवेश पटेल संतोष यादव अमित कुमार, मोहम्मद असगर, देवेश सिंह, रविंद्र बहादुर, मनोज रमेश, आत्म प्रकाश, हरिचरण जितेंद्र सिंह, श्री राम, राम कुमार घनश्याम यादव, राजकुमार प्रदीप सहित पूरे न्याय पंचायत दादरा के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का खेल संपन्न कराने में पूरा योगदान रहा।

## डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बेमौत न मरें यात्री

विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी, लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। तंत्र की चतुराई ये होती है कि मुआवजे और दुर्घटना की फौरी जांच की घोषणा तो कर दी जाती है लेकिन सड़क दुर्घटना के मूल कारणों की तह तक नहीं पहुंचा जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। आए दिन खबर आती है कि तेज गति से आता कोई वाहन सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया और अनेक निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इस संकट की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी इलाके में हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से दो सप्ताह में दुर्घटना के कारणों पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस भीषण दुर्घटना के मामले में स्वतरू संज्ञान लेते हुए ये निर्देश दिए हैं। दरअसल, इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हादसे की वजह सड़क के किनारे गलत ढंग से खड़ा ट्रक बना। जिससे यात्रियों से भरा तेज गति से आता एक टेम्पो ट्रेवलर टकरा गया। हादसा इतना भीषण था कि इसमें चार बच्चों तथा दस महिलाओं समेत पंद्रह लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल भी हुए। आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। लेकिन वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं। एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती हैं, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। लेकिन हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं। लेकिन अकसर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी ही दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है। यह विडंबना ही है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं, लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगायी जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है? निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जवाबदेही बनती है कि राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये नियमित जांच-पड़ताल की जाती रहे। ताकि निर्दोष लोगों के बेमौत मरने का सिलसिला खत्म हो सके। इन विभागों व मंत्रालयों का जिम्मा सिर्फ टोल वसूलना ही नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना भी इनकी जवाबदेही है। निश्चित रूप से सड़क के निर्माण की गुणवत्ता तथा उसे दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये उच्च सुरक्षा मानकों का क्रियान्वयन भी उतना जरूरी है। इसके अलावा सख्त कानून व निगरानी के जरिये ट्रकों को सड़क के किनारे खड़े करने पर रोक लगायी जाए। देश में सैकड़ों लोगों की मौत सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक से वाहनों के टकराने से होती है, लेकिन दोषी ट्रक चालक को कड़ी सजा नहीं मिलती। वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को भी गति सीमा में रहने तथा अन्य सावधानियों का सख्ती से पालन करना चाहिए। सरकारों का दायित्व भी बनता है कि राजमार्गों पर रफ्तार की सीमा के नियमन के साथ बाधामुक्त सफर भी सुनिश्चित करें।

# भारत की जनसंख्या के मूल में हिंदुत्व

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा एक उत्तेजक वैचारिक यात्रा रही है। मनुष्य की शारीरिक खुराक रोटी-पानी और हर हाथ को रोजगार के बाद जो सर्वाधिक जरूरी है, वह है मानसिक वैचारिक खुराक। इस खुराक में सब अस्मिताएं दर्ज हैं, जो किसी भी राष्ट्र के जीवंत रहने को प्रमाणित करती हैं। इसमें राष्ट्र की सीमाएं और उसमें आलोड़ित धर्म एवं संस्कृति के वे मूल्य अंतर्निहित रहते हैं, जिनमें भाषा, वेशभूषा, खानपान और रीति-रिवाज पारंपरिक रूप में गतिशील रहते हैं। इन भारतीय मूल्यों पर सबसे पहला बड़ा प्रहार इस्लामी आक्रांताओं ने किया, तो दूसरा प्रहार अंग्रेजों ने किया। इन प्रहारों ने सनातन संस्कृति के उन सब मूल्यों पर प्रबल आघात किए जो वैदिककाल से लेकर वर्तमान तक न केवल वर्चस्व बनाए हुए हैं, बल्कि अपनी संस्कृति के मूल स्रोतों से आज भी आंदोलित हो रहे हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के यही अक्षुण्ण मूल्य भारत की अखंडता के आधार स्तंभ हैं। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में बेंगलुरू में सरसंघ चालक मोहन भागवत ने ठीक ही कहा है कि भारत में कोई भी अहिंदु नहीं हो सकता, क्योंकि सबका मूल हिंदुत्व है। तथाकथित सांस्कृतिक मार्क्सवाद की अस्मिता के लिए यह बड़ा प्रतिकार है। यह एक ऐसा क्षितिज है, जो भारत विभाजन और मतांतरण की पड़ताल करता है।

16 अक्टूबर 1905 को बंगाल विभाजन और 30 दिसंबर 1906 को ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन हुआ। इसके बाद से ही दो राष्ट्रों के रूप में भारत विभाजन की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी। ज्यादातर कांग्रेस नेता इन सुगाबुगाहटों से या तो निश्चिंत थे या फिर नजरअंदाज कर रहे थे। किंतु दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी तथा कांग्रेस सदस्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कानों में इस अनुगूंज को अनुभव किया और भारत की तत्कालीन धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के आकलन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विभाजन की संभावना को टालने के लिए हिंदू समाज को न केवल संगठित करने की जरूरत है, अपितु राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने की भी जरूरत है। हिंदुओं में परस्पर एकता का अभाव और जातीय अस्मिता को बनाए रखने वाली सुप्त पड़ी चेतना के कारण बड़े हिंदू समाज में आंतरिक विखंडन और आत्मगौरव का क्षरण निरंतर बढ़ रहा है। हिंदुओं की लाचार मनःस्थिति और मुस्लिम लीग का इस्लाम के आधार पर बढ़ते विस्तार की पृष्ठभूमि में 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन मात्र 50 स्वयंसेवकों के साथ हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रख दी। राष्ट्र और भारतीय समाज के निर्माण में लगे इस संघ की आयु अब सौ वर्ष हो गई है। आज संघ अपने पुनीत उद्देश्य के साथ संपूर्ण समाज को संगठित बनाए रखने का मूल-मंत्र देते हुए भारत को एक सशक्त और परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस मंत्र की अवधारणा के चरित्र में राष्ट्रीय संस्कारों के बीजारोपण के साथ समरसता और स्वदेशी के भावों को परिपक्व करना है।

प्रत्येक मनुष्य के शरीर में एक अवचेतन मन होता है। यह हमारे दिमाग का वह हिस्सा है, जो हमारी चेतन जागरूकता के नीचे काम करता है। यह हमारे मस्तिष्क में दर्ज विचारों, भावनाओं और अंतक्रियाओं की पृष्ठभूमि में रहते हुए अंतर्चेतना को प्रभावित करता है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने के बाद कांग्रेस नेता और मंत्री रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा था कि इस्लाम का उद्भव तो मात्र 1500 वर्ष पहले हुआ है, अतएव भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी मुसलमान इसी देश के वासी हैं। मूल रूप में वे हिंदू ही हैं। बाद में उनका मतांतरण हुआ। कश्मीर में सभी मुसलमान कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरित हुए हैं। अतएव सभी का जन्म सनातन हिंदू धर्म में ही हुआ है। आजाद ने यह बात डोडा के चिरल्ला गांव में 9 अगस्त 2023 को एक सभा में कही थी। बाद में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। फारुख अब्दुल्ला भी भगवान राम को सबके भगवान कहने के साथ अपने मूल में हिंदू होने को स्वीकार चुके हैं।



सनातन संस्कृति की अवचेतन में आंदोलित हो रही जागृति की यह बात मजबूती से पाकिस्तान के प्रखर सिंधी राष्ट्रवादी नेता रहे जीएम सैयद ने बहुत तार्किक ढंग से उठाई थी। वे एक विद्वान लेखक थे। उन्होंने ही सिंधि पहचान के लिए वैचारिक आधार तैयार किया और सिंधु देश आंदोलन की नींव रखी थी। वे 1937 में सिंध विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1940 में शिक्षा मंत्री बने थे। इन्होंने ही 1946 में कट्टरवादी मुस्लिम लीग से अलग होकर प्रोगेसिव मुस्लिम लीग की स्थापना की थी। 1970 के दशक में उन्होंने ही जय सिंध मुत्ताहिदा महाज एक सिंधी राष्ट्रवादी दल बनाया जिसका लक्ष्य सिंध को पाकिस्तान से पृथक कर स्वतंत्र देश का निर्माण था। आज भी पाकिस्तानी सेना की दमनकारी नीतियों के विरोध में जय सिंध मुत्ताहिदा महाज़ और जय सिंध कौमी महाज जैसे संगठन स्वतंत्र सिंधुदेश की मांग का अलख जगाए हुए हैं। अवचेतन में निहित इसी सांस्कृतिक जागरण के परिप्रेक्ष्य में जीएम सैयद ने कहा था, 'मैं पाकिस्तानी तो मात्र 43 साल से हूं, जबकि मुसलमान 700 साल से हूं। परंतु सिंधी पांच हजार वर्ष से हूं। यानी वैदिक काल से। अवचेतन में बैठी अपनी संस्कृति के आत्मबोध की यह स्वीकार्यता, उसी ऋग्वैदिक भू-सांस्कृतिक वैचारिकता का उद्घोष है, जिसे आज संघ 'हिंदुत्व' या सनातन हिंदुत्व कह रहा है। सांस्कृतिक पहचान का यह आत्मबोध प्रत्येक उस धर्मांतरित हिंदू के अवचेतन में अंगड़ाई ले रहा है, जो आक्रांताओं की तलवार की नोंक पर लाचारी की अवस्था में अपने धर्म से विमुख हुआ। कालांतर में जैसे-जैसे आत्मबोध के भाव जागृत होंगे, वैसे-वैसे घर वापसी में तेजी आएगी ?

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज अपनी शताब्दी यात्रा पर है। एक सदी की यह यात्रा केवल संगठन एवं अपने अनुषांगिक संगठनों का विस्तार या उन्हें कट्टर हिंदू बनाना भी नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले सभी जाति एवं धर्म समुदायों के बीच समावेशी सद्भाव विकसित करना है। यह यात्रा सामाजिक जीवन में रचनात्मक बदलाव के लिए राष्ट्रीय चेतना का पुनर्जागरण है। यही वह भाव है, जिसका उद्घोश जीएम सैयद ने किया था और अब गुलाम नबी आजाद कर रहे हैं। इसी समावेशी भाव को पुरातत्वशास्त्री केके मोहम्मद ने समझते हुए इस्लामिक कट्टरता का परिचय दिए बिना अयोध्या के विवादित ढांचे के गर्भ में समाए अवशेषों को आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए राम मंदिर के साक्ष्य बताया। उनका मानना है कि 'हिंदू आस्था के स्रोत काशी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही ईदगाह हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। क्योंकि इन स्थलों से मुस्लिमों की कोई भावना नहीं जुड़ी है। राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम इसी समावेशी भाव के अनुगामी थे। जिस राष्ट्र की मूल वैदिक संस्कृति की सांस्कृतिक अवधारणा में संपूर्ण मानव जाति के लिए समावेशी जीवन-दर्शन के भाव हैं, वह वैशिष्ट्य अन्य संस्कृतियों में कहीं नहीं है।

इसी परिप्रेक्ष्य में मोहन भागवत ने कहा है, भारत एक हिंदू राष्ट्र है। हिंदू राष्ट्र की अवधारणा का अर्थ किसी को बाहर करना नहीं है, अपितु सभी समुदायों और आस्थाओं का इसमें समावेशन करना है, क्योंकि भारत सभी का है। इसीलिए भारत में अब जातिगत बाधाओं को जड़-मूल से खत्म करने के लिए एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान की भावना से काम करना है। इस संदर्भ में वास्तव में हिंदू राष्ट्र और भारतीय राष्ट्रवाद एकभाव हैं। अटलबिहारी वाजपेयी भी हिंदू राष्ट्रवाद की अवधारणा के प्रखर पक्षधर थे। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-5 में नागरिकता की जो परिभाषा दी गई है, वह भी इसी तरह के भारतीय राष्ट्रवाद की पोषक है। परंतु घुसपैठियों की नागरिकता का समर्थन नहीं करती है। इस परिभाषा में रेखांकित है कि भारत में रहने वाले, भारत में जन्मे या जिनके माता-पिता भारत में पैदा हुए, ऐसे सभी लोगों को भारत का नागरिक माना जाएगा। संविधान में पाकिस्तान का उल्लेख करते हुए स्पष्ट कहा है कि यदि किसी व्यक्ति के जनकों में से कोई भारत शासन अधिनियम 1935 (यथा मूलतः अधिनियमित) में परिभाषित भारत में जन्मा था या फिर वह 1948 की जुलाई के 19 दिन से पूर्व प्रव्रजन (पलायन/विस्थापन) कर आया है, तब वह भारतीय नागरिक कहला सकता है। अतएव राष्ट्रीय नागरिक पत्रक (एनआरसी) के तहत जो अभियान असम राज्य सरकार ने चलाया हुआ है, वह नागरिकों की वैध पहचान के उद्देश्य से चलाया गया है। 1971 और उसके बाद बांग्लादेश तथा म्यांमार से घुसपैठियों के रूप में आकर बसे लोगों को भारत की वैध नागरिकता नहीं दी जा सकती है? कालांतर में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इसे पूरे देश में लागू करने की इच्छुक है।

मूल संविधान में उल्लेखित नागरिकता को लेकर एक अत्यंत रोचक पहलू है कि यह अध्याय वैदिक काल के एक चित्र से आरंभ होता है, जो किसी आश्रम के गुरुकुल का है। जिसका परिवेश प्राकृतिक छटा से परिपूर्ण है। सृष्टि से तालमेल बनाए रखते हुए इस चित्र में घर और मार्ग हैं। प्रकृति अथवा परमात्मा के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए मंदिर हैं। प्रकृति के रहस्य के साथ, जीवन के रहस्य को जानने की जिज्ञासा को आतुर विद्यार्थी हैं और जिज्ञासा की पूर्ति के लिए दक्षता प्राप्त अनुभवी गुरु हैं। यानी भारत बोध के आदर्श से प्रणीत गुरुकुल! संविधान के इस अध्याय का मूल विषय है नागरिकता। योग्य नागरिक ही नागरिकता की गरिमा को स्थापित कर सकता है, घुसपैठिए नहीं।

साफ है, संविधान सनातन संस्कृति और भारतीय की उत्प्रेरणा देने वाली संहिताओं से व्याख्यायित है। हिंदू, हिंदुत्व, हिंदू राष्ट्र या फिर भारतीय राष्ट्र के समावेशी चरित्र पर अभिमान स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, स्वामी दयानंद सरस्वती, बकिमचंद चटर्जी, महर्षि अरविंद, रमन महर्षि और आचार्य विनोबा भावे तक करते रहे हैं। इस परंपरा की अनूठी देन यह है कि यह न केवल हिंदुओं में हिंदुत्व पर गर्व करती है, बल्कि जो गैर हिंदू राष्ट्रभक्त भारतवासी हैं, उन पर भी गर्व करती है। अतएव हिंदुत्व के अस्मिता बोध में जो सांस्कृतिक प्रवाह निहित है, उसके जागरण की गूंज न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में गुंजाने की जरूरत है। यही गूंज एक दिन भारत को विश्वगुरु के पायदान पर ला खड़ा करेगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# हाईवे के किनारे खड़ी गाड़ियों पर सुप्रीम टिप्पणी

*डॉ. आशीष वशिष्ठ*

देशभर में नेशनल हाईवे व शहर के अंदर व बाहरी इलाके में संचालित होटलों, ढाबों के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए रोड पर जहां-तहां वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। सड़क किनारे खड़े ऐसे वाहन, अन्य वाहन चालकों और यात्रियों के लिए यमदूत साबित हो रहे हैं। 10 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के फालौदी और तेलंगाना के श्रीकाकुलम के सड़क हादसों में 37 लोगों की मौत के मामलों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सड़क सुरक्षा की गंभीर खामियों पर चिंता जताई।

सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान हाईवे के किनारे अवैध ढाबों पर भी चिंता जताई। कहा कि इन ढाबों पर आने वालों की गाड़ियां हाईवे पर खड़ी रहती हैं, जिनसे हादसे होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से सड़क किनारे मौजूद ढाबों और सड़क मेंटेनेंस की स्थिति पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। जस्टिस जे.के. महेश्वरी और जस्टिस विजय विश्नोई की बेंच ने कहा कि दो सप्ताह के भीतर एक सर्वे कराया जाए, जिससे यह पता चल सके कि कितने ढाबे राजमार्गों के किनारे ऐसे क्षेत्रों में बनाए गए हैं जो इस तरह की सुविधाओं के लिए अधिसूचित नहीं है यानी अवैध ढाबों के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। यातायात नियमों के मुताबिक, हाईवे के किनारे सड़क पर ट्रक व अन्य वाहन खड़े नहीं किए जा सकते हैं।

शीर्ष न्यायालय की टिप्पणी के आलोक में बात की जाए तो इसमें दो राय नहीं कि विकास के नाम पर हमने सरपट वाहन दौड़ने वाली सड़कें तो बना दी लेकिन यह सुनिश्चित नहीं किया कि यात्रा दुर्घटनाओं से निरापद कैसे रहे। यह हृदय विदारक होता है कि सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों, ट्रकों की अराजकता तथा राजमार्ग के अवरोधों के चलते परिवार के परिवार असमय काल कवलित हो जाते हैं। जिम्मेदार विभाग और सरकार की चतुराई यह होती है कि वह समस्या के मूल में जाने की बजाय जांच और फौरी कार्रवाई में लग जाता है। इन हादसों की जवाबदेही तय नहीं की जाती। हर हादसे के बाद सरकरी तंत्र पुरानी स्क्रिप्ट को दोहराता है।

आमतौर पर किसी भी बड़े हादसे में शिकार हुए यात्रियों की संख्या का ही जिक्र होता है और सरकार मुआवजे की घोषणा करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है। अधिक से अधिक हमारे विमर्श का मुद्दा यह होता है कि दोषी कौन था? कौन-सा ड्राइवर लापरवाही से वाहन चला रहा था, वह नशे में था या उसे नींद की झपकी लग गई। या फिर वाहन में तकनीकी खामी की वजह से हादसा हुआ। वास्तव में हम उन तकनीकी व वास्तविक खामियों को नजरअंदाज कर देते हैं जो दुर्घटना का कारण बनती हैं।

एक ओर जहां सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा की गई चूक होती है, वहीं सड़कों के किनारे बेतरतीब बने ढाबे भी होते हैं, जहां अकसर ट्रक चालक अपने वाहन गलत ढंग से खड़े कर देते हैं। हर हादसे में कहीं न कहीं ऐसे कारण जरूर होते हैं, जो दुर्घटना की तात्कालिक वजह बनते हैं लेकिन अक्सर हम उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण कारक को अनदेखा करने की वजह से भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका बलवती होती है।

भारत में सड़क हादसा एक गंभीर चिंता का विषय है, जहां हर साल बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की साल 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 4,80,583 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,72,890 से अधिक मौतें हुईं और 4,62,825 लोग घायल हुए। देश में प्रतिदिन लगभग 1,316 हादसे और 474 मौतें होती हैं, यानी हर घंटे लगभग 20 जानें जाती हैं। दुनिया के केवल 1 प्रतिशत वाहन भारत में हैं लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली वैश्विक मौतों का 11 प्रतिशत हिस्सा यहीं है।

यह विडंबना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर जगह-जगह टोल संग्रह केंद्रों के



जरिये टैक्स तो खूब वसूले जाते हैं लेकिन राजमार्गों को दुर्घटनाओं से निरापद बनाने के लिये गंभीर प्रयास नहीं होते। कुकुरमुत्तों की तरह सड़कों का अतिक्रमण करते ढाबों पर लगाम नहीं लगाई जाती। गंभीरता से पड़ताल नहीं होती है कि क्या सड़क निर्माण में ठेकेदार ने सभी तकनीकी मानकों का पालन किया है?

सबसे ज्यादा बड़े वाहन ढाबों पर खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां वाहन एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय तो आलम और भी भयंकर होता है, यहां से निकलने में भी डर बना रहता है। नियमित चेकिंग और चालान न होने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है। छुटपुट मामले तो आये दिन होते रहते हैं। बरसात के मौसम में इन ढाबों के पास हादसे की अधिक आशंका रहती है। ट्रक मिट्टी में खड़े होकर हाईवे पर आते हैं तो मिट्टी सड़क पर जमा हो जाती है। बरसात में इस मिट्टी से फिसल कर बाइक सवार हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा कई बार ट्रकों या अन्य लोडिंग वाहनों में उनकी क्षमता से अधिक माल भरा होता है। मुख्यता लोहे के सरिये, गर्डर आदि जो लोडिंग की लंबाई में न आते हुए पीछे तक निकले रहते हैं। इस तरह के वाहन भी हादसों का कारण बनते हैं।

यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से लाखों रुपये रुपये प्रचार-प्रसार पर बहाया जाता है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा के नियम-निर्देश कहीं भी धरातल पर देखने को नहीं मिलते हैं। गोष्ठियों और सेमिनारों में तो वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया जा जाता है लेकिन हाईवे ट्रक, डीसीएम, कंटेनर या अन्य वाहन चालकों को समझाने वाला कोई नहीं है। देश में सैकड़ों लोगों की मौत सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़े ट्रक से वाहनों के टकराने से होती है लेकिन दोषी ट्रक चालक को कड़ी सजा नहीं मिलती। वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को भी गति सीमा में रहने तथा अन्य सावधानियों का सख्ती से पालन करना चाहिए। सरकारों का दायित्व भी बनता है कि राजमार्गों पर रफ्तार की सीमा के नियमन के साथ बाधामुक्त सफर भी सुनिश्चित करें। निश्चित रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की जवाबदेही बनती है कि राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये नियमित जांच-पड़ताल की जाती रहे। ताकि निर्दोष लोगों के बेमौत मरने का सिलसिला खत्म हो सके। इन विभागों व मंत्रालयों का जिम्मा सिर्फ टोल वसूलना नहीं है बल्कि सड़कों को सुरक्षित बनाना भी इनकी जवाबदेही है। निश्चित रूप से सड़क के निर्माण की गुणवत्ता तथा उसे दुर्घटना मुक्त बनाने के लिये उच्च सुरक्षा मानकों का क्रियान्वयन भी उतना जरूरी है। इसके अलावा सख्त कानून व निगरानी के जरिये ट्रकों व भारी वाहनों को सड़क के किनारे खड़े करने पर रोक लगायी जाए। भारत में हर साल हजारों सड़क हादसे होते हैं। ज्यादातर में लापरवाही जिम्मेदार होती है। सुप्रीम कोर्ट का ये कदम सरकार और अधिकारियों पर दबाव डालेगा। इससे हाईवे सुरक्षित होंगे, ढाबे नियंत्रित जगह पर चलेंगे और ट्रक पार्किंग के लिए अलग जगह बनेगी। आम जनता की जान बचाने के लिए ये बड़ा फैसला साबित हो सकता है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

साहित्य



## क्या? सिर्फ प्यार जताने के लिए मिलते हो

**संजय एम तराणेकर**

क्या? सिर्फ प्यार जताने के
लिए मिलते हो,
साथ निभाने के लिए मिलोगे तो
बात बनेगी।

मिलके भी हम न मिले तो फिर
बात ही क्या?
हम खुलके बात न कर पाये वो
बात ही क्या!

यार कभी तो मेरा साथ देने की
सोचा करिए,
साथ देने के लिए तुम्हारे पास है
कई जरिए।

जिंदगी में उनका उपयोग करो
प्यार पाओगे,
मेरे रहनुमा बनके कभी तो मेरे
पास आओगे।

अब बहुत हो चुका एक-दूसरे से
प्यार जताना,
हमको एक-दूजे के साथ हैं ये
जिंदगी बिताना।



## राशिफल

**मेष:-** विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को खुश रखेगी।

**वृषभ:-** निकट संबंधों में शंकाओं को हावी न होने दें। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। घर में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**मिथुन:-** कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। सगे-संबंधियों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में मनोवांछित सफलता के आसार हैं।

**सिंह:-** कुछ नये पारिवारिक तनावों से मन में अशांत होगा। कुछ रोजगार संबंधी चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में केंद्रित हों। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य का त्याग करें।

**कन्या:-** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**तुला:-** ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश या लांछन मिले। नकारात्मक चिंताएं उत्साह में कमी लाएंगी। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में कोई निर्णय न लें।

**वृश्चिक:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी अच्छी छवि बनायें। भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।

**धनु:-** नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय संभव। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी काम समय से करें।

**मकर:-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। जरूरी कार्य को समय पूर्ण करने हेतु केंद्रित रहेंगे।

**कुंभ:-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता संभव। घर में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मीन:-** परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे।

# सरकार से समाज तक : हिमाचल की नशामुक्ति मुहिम बनी जनआंदोलन

*डॉ. रचना गुप्ता*

उस मां पर क्या बीत रही होगी, जिसका एक बेटा मात्र 19 वर्ष में नशे की ओवरडोज से मर गया। बाद में पता चला कि जिस स्कूल में वह पढ़ता था, वहां दूसरे प्रदेशों के लोग सामान की फेरी लगाने के बहाने बच्चों को चरस देते थे। इसी जाल में हिमाचल जैसे करीब 78.54 लाख जनसंख्या वाले प्रदेश में 15 से 25 साल तक के युवाओं को टारगेट करके नशे की सप्लाई के खुलासे रौंगटे खड़े करने वाले हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने जब इस विषय में नकेल कसी तो खौफनाक मंजर सामने आए।

मात्र डेढ़ वर्ष में 1000 किलो चरस जिस राज्य में पकड़ी जाए, 35 किलो हैरोइन, 90 किलो अफीम, वहां का युवा किस दिशा में जा रहा होगा, यह बेहद चिंताजनक है। प्रदेश में सुखविंदर सुक्खू ने इस मामले की कमान बतौर गृहमंत्री खुद संभाली है। जो मास ड्राइव चली है, उसके अभी तक जो नतीजे आए हैं, वे और भी खेदजनक हैं, क्योंकि जिन सरकारी कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों पर सुरक्षा का जिम्मा है, वही इस घिनौने कृत्य को अंजाम दे रहे हैं। एक वर्ष में प्रदेश सरकार के 80 कर्मचारियों को सजा मिलने का मतलब है कि कैसे यह ड्रग माफिया सरकारी पदों की आड़ में छोटे-छोटे बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहा है। न जाने कितने घरों के चिराग बुझ गए या फिर युवा बोझ बन गए। सरकार द्वारा डेढ़ वर्ष में की गई कार्रवाई का आकलन करें तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की बेटियों तक को योजनाबद्ध टारगेट किया जा रहा है। चिंता बस यही नहीं है, बल्कि जिन सुइयों से यह नशे के इंजैक्शन लगा रहे हैं, उनसे बच्चों में एच.आई.वी. रोग फैल चुका है। अब सरकार के सामने एक और संकट यह आ गया कि एच.आई.वी. रोग को बढने से कैसे रोकें। नशा कैसे पहुंचता है, कैसे बिकता है, कैसे इससे लोग धन कमाते हैं, यह पूरे प्रदेश में अलग केस स्टडी है। डेढ़ वर्ष में 1500 लोगों को एन.डी.पी.एस. एक्ट में पकड़ा गया। इन लोगों ने चरस व अफीम बच्चों को बेचकर 100 करोड़ रुपए की संपत्ति बना ली थी। आप समझ सकते हैं कि यह कारोबार कैसे फल-फूल रहा था।

हालत यह हो गई कि सरकार को सिरमौर में महिलाओं व बेटियों के लिए अलग से 100 बिस्तरों वाला नशा निवारण होस्टल खोलना पड़ा। राज्य के डी.जी.पी. अशोक तिवारी भी इस मसले पर खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। टीम सुक्खू इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ अपराधियों को पकड़ रही है, बल्कि युवाओं को सही राह की ओर ले जाने के लिए अलग-अलग योजनाएं चला रही है और नशे के सेवन व तस्करी के प्रति जीरो टॉलरैंस की नीति अपना रही है। नशे में लिप्त युवाओं को उपचार के बाद पुनर्वास के लिए रोजगार के उचित अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वहीं नशे के आदी लोगों के पुनर्वास के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था के तहत सरकार ने हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण एवं नियंत्रण) विधेयक, 2025 पारित कर नशा तस्करों को मृत्यु दंड, आजीवन कारावास और 10 लाख रुपए जुर्माने के अतिरिक्त अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति को कुर्क करने का प्रावधान किया है। इसके अतिरिक्त, नशामुक्ति, पुनर्वास, निवारक शिक्षा एवं आजीविका सहायता के वित्त पोषण के लिए एक राज्य कोष की स्थापना का प्रावधान भी किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा कुल्लू, ऊना, हमीरपुर और कांगड़ा जिलों में पुरुषों के लिए चार व रैड क्रॉस सोसायटी कुल्लू द्वारा महिलाओं के लिए एक नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र संचालित किया जा रहा है। गत वर्ष राष्ट्रीय नशा निवारण अभियान के अंतर्गत सभी जिलों के 5,545 गांवों और 3,544 शैक्षणिक संस्थानों में 5,26,372 लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। बच्चों में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों और दुरुपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूली पाठ्यक्रम में एक अध्याय शामिल करने का निर्णय लिया है, जिसकी प्रदेश सरकार पंचायत स्तर पर मैपिंग कर रही है। सिरिंज के माध्यम से नशा करने वाले लोगों की इस आदत को छुड़वाने के लिए ओपिओइड सबस्टी यूशन थैरेपी (ओ.एस.टी.) के अंतर्गत मुंह से ली जाने वाली दवाओं जैसे बुप्रेनोफिन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में 14 टारगेटिड इंटरवैन्शन प्रोजैक्ट्स के माध्यम से सुरक्षित सुइयों, परामर्श और एच.आई.वी./एस.टी.आई. के लिए रैफरल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। एच.आई.वी. को लेकर नियमित जांच की जा रही है और पॉजिटिव पाए जाने वाले मामलों को ए.आर.टी. केन्द्र से जोड़ा जा रहा है। सरकारी डाटा बताता है कि पुलिस विभाग ने नशे के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 से जून 2025 तक एन.डी.पी.एस. के 1140 मामले पकड़े और 1803 लोगों को गिरफ्तार भी किया।

वर्ष 2024 में लागू किए गए पी.आई.टी. एन.डी.पी.ए. के अंतर्गत 123 प्रस्ताव भेजे गए और 41 आदेश गिरफ्तारी के जारी किए गए। नशा तस्करी से जुड़े आरोपी लोगों की 1214 संपत्तियों को चिन्हित, अतिक्रमण के 70 मामलों का पता लगाया और 7 मामलों में संपत्ति गिराने व खाली करवाने की कार्रवाई की गई। वर्ष 2023 में 4.87 करोड़ रुपए, 2024 में 24.42 करोड़ और 2025 में 6.66 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की गई, जबकि 7.74 करोड़ रुपए की संपत्तियों के मामले पुष्टि के लिए भेजे गए हैं। नशे की समस्या सिर्फ कानून-व्यवस्था की नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जागरूकता और भागीदारी का विषय है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने जिस प्रतिबद्धता के साथ इस संकट के खिलाफ मोर्चा खोला है, वह आने वाली पीढ़ियों को बचाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। लेकिन यह जंग तब ही सफल होगी जब हर माता-पिता, हर शिक्षक, हर पंचायत और हर नागरिक यह ठान ले कि वह किसी भी रूप में इस जहर को अपने समाज में पनपने नहीं देगा। नशे के खिलाफ यह संघर्ष सिर्फ सरकार का नहीं, बल्कि पूरे हिमाचल की आत्मा को बचाने की लड़ाई है और इसमें जीतना ही एकमात्र विकल्प है।

**(लेखिका हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# डीएम ने परखी प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग महोबा के द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ताओं एवं अवर अभियन्ताओं की उपस्थिति में किया गया। जिसमें जनपद में महोबा लौड़ी अन्य जिला मार्ग (महोबा खजुराहो मार्ग) पर गेट का निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था का कार्य लागत रुपए 154.19 लाख है, जिसका कार्य प्रगति में है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि उपरोक्त कार्य दिनांक- 31.01.2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा, तत्पश्चात कबरई पहरा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। मार्ग की लम्बाई 9.300 किमी. एवं लागत रुपए 1820.92 लाख है। कार्य पूर्ण करने की तिथि-03.04.2026 है। जिसमें 06 किमी. तक बिटुमिनस (डीबीएम) का कार्य किया गया है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मार्ग पर पोल शिपिटंग एवं मार्ग के किमी-11 में इन्टर स्टेट गेट का निर्माण भी किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा उपरोक्त कार्यों की प्रगति बढाकर अतिशीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रिवई प्रतीक्षालय मोड़ से अवैध शराब लिये सलमान खान पुत्र अली मुहम्मद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कुनाटा को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके कब्जे से एक



प्लास्टिक की बोरी मे 20 क्वार्टर देशी शराब झूम ब्राण्ड अवैध बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर मुकदमा धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई ।

### अर्जुन फीडर नहर में 19.72 करोड़ से बनाई जाएगी सीसी लाइनिंग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

किसानों के लिए वरदान बनी अर्जुन फीडर नहर में अब विभिन्न स्थानों पर सीसी लाइनिंग का निर्माण कार्य कराया जाएगा। सीसी लाइनिंग बनाने का काम 19.72 करोड़ से होगा। इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। इसमें नहर के तल और किनारों पर कंक्रीट की अभेद्य परत तैयार कराई जाएगी। जिससे पानी का रिसाव को कम करने, कटाव को रोकने व खरपतवार को उगने से रोकने में मदद मिलेगी। सिंचाई विभाग की ओर से लहचूरा बांध से अर्जुन बांध तक अर्जुन नहर बनाई गई है। इस नहर को अर्जुन बांध से कबरई बांध तक जोड़ा गया है। ऐसे में लहचूरा बांध में पानी ज्यादा भंडारित होने पर उसे नहर से अर्जुन बांध में लाया जाता है। अर्जुन बांध में पर्याप्त पानी आने पर नहर से कबरई बांध में भेजा जाता है। ऐसे में यह बांध भी पानी से लबालब हो रहे हैं। सिंचाई विभाग की ओर से अब अर्जुन फीडर नहर में अलग-अलग स्थानों पर सीसी लाइनिंग तैयार किए जाने का खाका तैयार किया गया है। सीसी लाइनिंग बनने से नहर में रिसाव और वाष्पीकरण से पानी की हानि कम होगी। सिंचाई के लिए अधिक पानी उपलब्ध हो सकेगा। खरपतवारों की वृद्धि व मिट्टी के कटाव को रोका जा सकेगा। नहर के रखरखाव की लागत कम हो जाएगी। साथ ही नहर में पानी का वेग और प्रवाह बढ़ेगा। सीसी लाइनिंग से नहर की दक्षता और दीर्घायु बढ़ती है। 20 नवंबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद नहर में सीसी लाइनिंग बनाने का काम शुरू होगा। अर्जुन फीडर नहर के विभिन्न फीलिंग रीच में सीसी लाइनिंग का काम कराया जाएगा। काम शुरू होने के बाद यह 18 माह में पूरा होगा।

# गुरुवार तक भरे जाएंगे विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से संबद्ध कॉलेजों के स्नातक व स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 13 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। विवि की ओर से परीक्षाएं 15 नवंबर से प्रस्तावित हैं। ऐसे में परीक्षा शुरू कराने की तिथि बढ़नी तय है। यह परीक्षाएं 25 नवंबर से शुरू हो सकती हैं। जनपद के 23 निजी व चार राजकीय महाविद्यालय बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से संबद्ध हैं।

बीयू से संबद्ध कॉलेजों के गैर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी, बीकॉम, बीएससी गृहविज्ञान, एमए, एमकॉम, एमएससी और व्यावसायिक पाठ्यक्रम बीएससी ऑनर्स, एलएलबी, बीएससी कृषि, एमएससी आदि की विषम सेमेस्टर परीक्षा के फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर थी। सोमवार तक कई विद्यार्थी परीक्षा फार्म नहीं भर सके। ऐसे में फार्म भरने की तिथि बढ़ाई गई है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर ने बताया कि फिलहाल विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 13 नवंबर तक बढ़ाई है। उन्होंने परीक्षा की तिथि कुछ दिन और बढ़ने की संभावना जताई है।

### गूगल फार्म पर भेजना होगा सीसीटीवी कैमरे का डाटा

**महोबा।** विश्वविद्यालय के नियंत्रक राजबहादुर ने संबद्ध कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि विषम सेमेस्टर परीक्षाएं शुचिता व पारदर्शिता से कराई जानी है। परीक्षा केंद्रों पर 12 नवंबर तक सीसीटीवी कैमरे चालू करना सुनिश्चित करें। इसके लिए परीक्षा मूल्यांकन केंद्र में कंप्यूटरीकृत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। सीसीटीवी कैमरों का डाटा गूगल फार्म पर भरकर भेजें। ऐसा न करने पर संबंधित कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाने पर विचार नहीं किया जाएगा।

# एसपी की जनसुनवाई छोड़ रही छाप, फरियादियों को मिल रहा त्वरित न्याय

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गयी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।




जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

### महामना मदनमोहन मालवीय व आदिवासी सूरमा विरसा मुंडा को नमन कर दी पुष्पांजलि



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि एवं आदिवासी सूरमा विरसा मुंडा की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इन विभूतियों का अपना अलग अलग महत्व है। मालवीय के परिवारीजन मालवा से आये थे। इस कारण ये मालवीय कहलाये। इनका जन्म 25 दिसंबर 1861 को ब्रजनाथ और मूना देवी के घर प्रयागराज में हुआ था। प्रारम्भ से ही देशसेवी सोच वाले मालवीय ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक किया था। इन्होंने 1916 में काशी विश्वविद्यालय की स्थापना कर शैक्षिक क्षेत्र में मील का पत्थर गाड़ दिया था। गांधी जी ने इन्हें महामना की उपाधि दी थी। ये जीवन भर लोकसेवी रहे। इन्होंने देश की अथक सेवा की। इनको 1914 में भारत रत्न दिया गया। कालांतर में इनका 12 नवंबर 1946 को निधन हो गया। बिरसा मुंडा का 12 नवंबर 1875 को झारखंड में सुगना और कर्मी के घर जन्म हुआ था। ये आदिवासियों के नायक थे, इन्होंने उलगुलान आन्दोलन चलाया था। जो आदिवासियों के लिए था। ये मात्र 25 वर्ष की उम्र में 12 नवंबर 1900 को नहीं रहे। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, दयाराम सोनकर, रिचा, कमलेश सोनकर, पंकज सिंह, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

# सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता हेतु कार्यक्रम का आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



थाना अजनर की मिशन शक्ति टीम द्वारा सुखानंद इंटर कॉलेज में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से सुरक्षा एवं यातायात माह के तहत जागरूक किया गया। टीम द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर ठगी से बचाव तथा यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। इसी क्रम में अन्य थानों की पुलिस टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों, उनकी रोकथाम तथा शिकायतों के निस्तारण हेतु उपलब्ध सुविधाओं व हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई, जिसमें वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई एवं शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका व उनके माध्यम से महिलाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी साझा की गई।

# मंडलायुक्त को ग्रापए मंडल अध्यक्ष युनुस खान के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

- पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कमिश्नर के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार बुधवार को अपनी मांगों को लेकर मंडलायुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बांदा अजीत कुमार सिंह को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बांदा के मंडलाध्यक्ष युनुस खान के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें तहसील/ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों को मान्यता देने, लखनऊ स्तर पर कार्यालय, पत्रकारों को चिकित्सा, परिवहन सुविधा, आयुष्मान कार्ड की सुविधा आदि मांगें रखी गई। इस दौरान बांदा जिला अध्यक्ष राहुल निगम, महोबा जिले अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी, चित्रकूट जिला अध्यक्ष दिनेश गोस्वामी, हमीरपुर जिला अध्यक्ष सहित अवधेश शिवहरे, प्रवीण कुमार, जगत नारायण शास्त्री, दिलीप कुमार, शशिकांत राजन, दिनेश कुमार गुप्ता, सुधांशु अग्रवाल, वीर दर्शन नायक, अनूप कुमार गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता, समीर पठान, हरि सिंह वर्मा, गणेश सिंह, राकेश सिंह, अरविंद सिंह, विनायक लश्कर, इस्तखार, मोहम्मद तौफीक, शारदा प्रसाद, ब्रज गोपाल गुप्ता आदि सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान उपभोक्ताओं और कर्मियों के बीच हुई हाथापाई

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के चांद थोक में प्राइवेट कर्मियों द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान पुरानी केबिल ले जाने से मना करने पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्रता करने व जबरन कनेक्शन काट देने की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर हंगामा शांत कराया। उपभोक्ताओं ने कहा कि वह इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। विद्युत विभाग के अवर अभियंता ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है। चांद थोक निवासी कई उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत कर्मी बनकर कुछ लोग उनके यहां स्मार्ट मीटर लगाने आए थे। स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान उन्होंने उनकी पुरानी केविल काट कर ले जाने की कोशिश की। जिस पर उनके द्वारा मना करने पर इन कर्मियों ने उनके साथ धक्कामुक्की कर अभद्रता की। उपभोक्ताओं द्वारा आदेश दिखाने की बात सुनते ही उन्होंने कनेक्शन काट दिया। इसी बीच एक



उपभोक्ता ने डायल 112 को हंगामा होने की सूचना दी जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। किसी का कनेक्शन काटने के लिए प्राइवेट कर्मी अधिकृत नहीं है। साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में लगाई गई केबिल नहीं ली जा सकती है।

# नाला के रपटे में पैर फिसलने से नौनिहाल डूबा, मौत

- घर से आंगनवाड़ी जा रहा था पढ़ने, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**





थानाक्षेत्र के चंदौली डेरा में घर से आंगनबाड़ी पढ़ने जा रहा नौनिहाल का नाले के रपटे में पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चला गया। इसकी डूब जाने से मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।चंदौली डेरा निवासी महेश कुटार ने बताया कि उसका पुत्र देवी प्रसाद उर्फ सुमित (6)अपने चाचा के लड़के अंकुल,नकुल के साथ करोड़न नाला के उस पार बनी आंगनवाड़ी केंद्र में सुबह करीब साढ़े नौ बजे पढ़ने के लिए जा रहा था। तभी उसका रपटा पार करते समय उसमें लगी काई में पैर फिसल जाने ने गहरे पानी में चला गया। साथ जा रहे बच्चे दौड़ कर घर आकर उसके डूबने की घटना बताई। परिजन तत्काल नाले में पहुंच कर उसको खोजना शुरू किया।थोड़ी देर बाद वह मिल गया, लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी।अचानक हुई घटना ने पिता महेश कुमार,मां शिवकांती सहित भाई बहनों में कोहराम मच गया।मृतक छह भाई बहनों में पांचवे नंबर का था। ग्राम प्रधान कामता प्रसाद वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है।

# सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में आरंभ हुआ तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में विद्या भारती के योजनानुसार विद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक निरीक्षण अत्यन्त गरिमामय वातावरण मे सम्पन्न हुआ। निरीक्षण का शुभारम्भ माॅ सरस्वती की वन्दना से हुआ। जिसके पश्चात मुख्य निरीक्षणकर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार गुप्ता (प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज महरौनी ललितपुर) तथा सहायक निरीक्षणकर्ता शिवराम सिंह (प्रवक्ता अंग्रेजी) एवं करुणाशंकर पटेल (प्रवक्ता गणित एवं अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी) एवं रामसेवक चैबे (कार्यालय प्रमुख) का स्वागत विद्यालय के सह व्यवस्था प्रमुख घनश्यामदास राठौर ने अंगवस्त्र देकर




किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने वन्दना सत्र मे सभी आगन्तुक निरीक्षणकर्ता बन्धुओ का परिचय कराया। वन्दना सत्र मे भैया बहिनो को आगन्तुक प्रधानाचार्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भविष्य में आप कुछ न कुछ लक्ष्य तय करे साथ ही साथ उन्होने कहा कि सभी छात्रो को एक लक्ष्य बनाकर अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिये एवं अनुशासन का अनुसरण करके अपने जीवन मे कठिन परिश्रम करते हुए उस लक्ष्य को अनिवार्य रुप से हासिल करना चाहिये। इसके उपरान्त निरीक्षणकर्ताओ द्वारा विद्यालय के भौतिक संसाधन, शिक्षण कार्य, कार्यालयीय व्यवस्था, वित्तीय अभिलेख, शारीरिक एवं शैक्षिक गतिविधियो का सघन निरीक्षण किया गया। साथ ही पूर्व छात्र परिषद, प्रबन्ध समिति, छात्र संसद एवं कन्या भारती एवं अभिभावको के साथ बैठक व आचार्य परिषद की बैठको मे सहभागिता कर विद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियो की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। निरीक्षण दल ने विद्यालय मे विद्यमान अनुशासन, शिक्षण गुणवत्ता और सांस्कृतिक वातावरण की सराहना की। तथा भावी प्रगति हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने दी।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1300/ई.ई.-3/जीएल-7/2025-26 दिनांक- 12.11.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 19.11.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 19.11.2025 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 19.11.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जलकल विभाग जोन-3 के कुर्सी रोड अलीगंज स्थित सेक्टर-जे के हेरिटेज क्लब के निकट ट्रंक सीवर लाइन पर बने 6 मी. गहरे डिफंट ट्रंक सीवर मैनहोल निर्माण का कार्य | रू. 8400/- | 450/- |
| 2. | जलकल विभाग जोन-3 के कुर्सी रोड अलीगंज स्थित सेक्टर-जे के सुलभ गेट नं.-3/जेनेसस क्लब गेट से ब्लस ग्रीन लान तक 255 मी. 600 एमएम डाया ट्रंक सीवर लाइन सफाई के साथ-साथ 04 नग मैनहोल मरम्मत एवं स्लैब डालने का कार्य | रू. 8500/- | 450/- |
| 3. | जलकल विभाग जोन-3 के कुर्सी रोड अलीगंज स्थित सेक्टर-जे के सिटी क्लब के निकट 05 नग क्षतिग्रस्त ट्रंक सीवर लाइन पर बने 05 नग मैनहोलों की मरम्मत का कार्य | रू. 7400/- | 400/- |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

# मेजर जंक्शन की जगह बन गया पार्किंग स्थल

- पूर्वी बाईपास पर जाम से निजात पाने की उम्मीद हुई खत्म
- एनएचएआई ने जंक्शन के लिए मिट्टी का कराया था भराव




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वी बाईपास पर एनएचएआई ने मेजर जंक्शन बनाने के लिए मिट्टी का भराव कराया था। मेजर जंक्शन तो बना नहीं अब इसका उपयोग पार्किंग स्थल के लिए होने लगा है। इसके कारण जाम से निजात मिलने की उम्मीद खत्म हो गई है। पिछले वर्ष जून माह में पूर्वी बाईपास पर अधिग्रहीत जमीन पर बनी दुकानों को एनएचएआई ने ध्वस्त करा दिया था, लेकिन कुछ दिनों बाद बरसात शुरू हो जाने के कारण मेजर जंक्शन का निर्माण चालू नहीं हो पाया। ध्वस्त दुकानों का मलबा हटने के बाद से पूर्वी बाईपास पर तालाब की तरह बन गया था। इस कारण यहां अक्सर हादसे हो रहे थे। विगत वर्ष 20 नवंबर को नगर पालिका के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ तत्कालीन जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने किया था। उसे समय उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू एवं महामंत्री अनिल यादव ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पूर्वी बाईपास तिराहे पर मेजर जंक्शन शीघ्र बनवाने की मांग की थी। इस मामले को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया और एनएचआएआई के परियोजना निदेशक कानपुर को पत्र भेजकर मेजर जंक्शन शीघ्र बनाने और की गई कार्रवाई से अवगत कराने का निर्देश दिया था। तब कहीं हाइवे के अधिकारियों की नींद खुली और यहां पर मिट्टी का भराव डालकर काम शुरु होने की आख्या भेज दी गई। डेढ़ साल बीत चुके हैं लेकिन आगे कोई कार्य नहीं हुआ। इसके कारण मेजर जंक्शन वाली जगह पर प्राइवेट रोडवेज बसों सहित टेंपो व ई-रिक्शा आदि का पार्किंग स्थल बन गया है। इसके साथ ही इस जगह का उपयोग टॉयलेट के लिए भी होने लगा है। इसके कारण लोगों को बदबू का सामना करना पड़ता है। यहां पर पाइप लाइन लीकेज के कारण हर समय पानी भरा रहता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मेजर जंक्शन का निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए ताकि यहां के जाम से छुटकारा मिल सके।

## दबंगों ने रातोंरात जोत ली सैनिक की जमीन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** देश की सीमाओं पर जम्मू और लद्दाख में तैनात दो सैनिक पुत्रों के बुजुर्ग पिता आशाराम पुत्र लाखन सिंह निवासी ग्राम हमीरपुर की पैत्रक व बैनामा से प्राप्त जमीन पर गांव के दबंगों ने फिर से कब्जा जमा लिया है। उनकी आराजी मौजा निगोह खास की गाटा संख्या 647, रकबा 1.271 हेक्टेयर पर वह वर्षों से मालिकाना हक रखते आए हैं। आरोप है कि कुछ वर्ष पूर्व गांव के ही कुछ दबंगों ने दबंगई दिखाते हुए उनकी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया था। आशाराम ने इसकी शिकायत एसडीएम से की, जिस पर उन्होंने राजस्व टीम व पुलिस बल के साथ पैमाइश कराई और मेड़ बांधकर जमीन को कब्जामुक्त कराकर उनके सुपुर्द कर दिया था, लेकिन दबंगों की हिम्मत नहीं टूटी। मंगलवार की रात अंधेरे का फायदा उठाते हुए विपक्षियों ने ट्रैक्टर से खेत जोत डाला और गेहूं की फसल बो दी। इससे आशाराम की मेहनत पर पानी फिर गया। अब वे जान से मारने की धमकियां भी दे रहे हैं। एक तरफ आशाराम के दोनों बेटे देश की रक्षा में बॉर्डर पर जान जोखिम में डालकर ड्यूटी निभा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके बुजुर्ग मां-बाप गांव में खेती-बाड़ी कर गुजारा कर रहे हैं।

# पूरा माफ होगा बिजली बिल बकाएदारों का अधिभार



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने बताया प्रदेश में पहली बार बिजली बिल बकायेदारों को अधिभार ;सरचार्ज पूरा माफ होगा। बिल के मूलधन में भी अधिकतम 25 फीसदी छूट मिलेगी। इसके लिए एक दिसंबर से पंजीयन करना होगा। उन्होंने कहा योजना के लिए तीन चरण में पंजीयन करना होगा। पंजीयन के वक्त उपभोक्ता को दो हजार रुपया जमा करना होगा। शेष बकाये पर तीन विकल्प मिलेंगे। पहले विकल्प के तौर पर एकमुश्त जमा कर सकते हैं। दूसरे विकल्प में 750 रुपया मासिक किस्त के रूप में और तीसरे विकल्प में 500 रुपया मासिक किस्त होगी। यह सुविधा उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगी जिनका कनेक्शन 31 मार्च 2025 से पहले का है। पहला चरण एक से 31 दिसंबर 2025, दूसरा चरण एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 और तीसरा चरण एक फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा।

### कहां होगा पंजीयन

उपभोक्ता विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यू डॉट यूपीपीसीएल डॉट ओआरजी परए विभागीय कार्यालय, जनसेवा केंद्र पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। मीटर रीडर अथवा विभागीय कैश काउंटर पर भी पंजीयन करा सकते हैं।

### पंजीयन के बाद बिल जमा नहीं किया तो होंगे डिफाल्डर

छिबरामऊ। बिजली बिल राहत योजना में पहले, दूसरे और तीसरे चरण में पंजीयन के बाद भी पूरा बिल नहीं जमा करने पर उपभोक्ता को डिफाल्टर घोषित कर दिया जाएगा। ऐसे में उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उपभोक्ता को दी गई छूट व डिफाल्टर अवधि का अतिरिक्त भुगतान करना होगा।

- अधिभार पूरा माफ, मूल बिल में भी 25 फीसदी तक की छूट
- किस्तों में भी जमा कर सकेंगे बिजली का बिल

# तालग्राम में निकला यूनिटी मार्च, दिखी एकता की मिसाल




भव्य यूनिटी मार्च में शामिल एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स व अन्य

- सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के तहत सरदार 150 एक भारत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत तालग्राम में भव्य यूनिटी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सलेमपुर पुलिस चौकी से विधायक अर्चना पांडेय, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत व जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए जीवन समर्पित किया। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि स्वतंत्र भारत की रियासतों के एकीकरण का श्रेय पटेल को ही जाता है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने उन्हें सच्चा राष्ट्र निर्माता बताया। यूनिटी मार्च सलेमपुर से प्रारंभ होकर सुशीला देवी इंटर कॉलेज तक निकाला गया, जिसमें एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड, माय भारत के स्वयंसेवक, युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग व विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत, नशा मुक्त भारत व राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। स्वदेशी मेले में स्टाल प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक और एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण भी किया गया। एकता दीवार पर अतिथियों व युवाओं ने हस्ताक्षर कर सहभागिता दर्ज की।



शव घर आने पर विलाप करती महिलाएं

## युवक का शव आने पर परिजनों में मची चीख पुकार

**समधन, समृद्धि न्यूज।** बीता मंगलवार शाम गाजियाबाद- कानपुर ग्रीनफील्ड हाईवे पर गांव घिलोई के निकट एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी पोस्टमार्टम होने के वाद शव घर आया तो परिजनों मे चीख पुकार मच गई। समधन नगर के मोहल्ला कादर खान नगर निवासी विपिन कुमार 22 वर्ष पुत्र अवधेश सक्सेना अपने दोस्त धीरज कुमार पाल की बहन की शादी के कार्ड रिश्तेदारों के यहां बटवाने बाइक से पहले फर्रुखाबाद गये इसके वाद जनपद मैनपुरी के बेवर होते हुए नेशनल हाईवे से घर वापस लौट रहे थे तभी ग्राम घिलोई के पास बाइक दुर्घटना में मौत हो गई थी जब कि दोस्त धीरज कुमार पाल घायल हो गया था बुधवार को पोस्टमार्टम होने के दोपहर वाद जैसे ही शव घर पर आया तो परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

# तीन दिनों की जद्दोजहद के बाद बहाल होगी पेयजल आपूर्ति




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पिछले तीन दिनों से पेयजल संकट ने नागरिकों को परेशान कर रखा था। मेन राइजिंग पाइपलाइन का वाल्व बदलने के साथ ही गुरुवार से जलापूर्ति बहाल होने की उम्मीद जगी है।

फर्रूखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी के ओवरहेड टैंक का मुख्य वाल्व खराब हो जाने से गीतापुरम, सीतापुरम, पीपल वाली गली, आवास विकास कॉलोनी, बस्तीराम, न्यू टीचर्स कॉलोनी, ताजपुर रोड, कोलियान, ग्रेसीगंज और हनुमानगढ़ी सहित कई मोहल्लों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई थी। नलकूप के साथ जुड़े इस टैंक से इन इलाकों को नियमित पानी मिलता है। नगर पालिका ने तत्काल राहत के लिए टैंकरों से जगह-जगह जल वितरण की व्यवस्था की। अध्यक्ष मनोज दुबे और कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर कानपुर से नया वाल्व मंगवाया गया। जलकल विभाग के लिपिक ज्ञानेंद्र कुमार और रामवीर की निगरानी में बुधवार शाम से मरम्मत कार्य प्रारंभ हुआ। देर रात तक चले इस प्रयास के बाद गुरुवार सुबह से सभी प्रभावित मोहल्लों में सामान्य आपूर्ति बहाल होने की पूरी उम्मीद है। इससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। नगर पालिका ने भविष्य में ऐसी खराबी न हो, इसके लिए नियमित जांच के आदेश दिए हैं।

# गौशालाओं में ठंड से बचाव के हो पुख्ता इंतजाम: बीडीओ

- बिना सूचना बैठक से अनुपस्थित सचिवों को नोटिस जारी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड सभागार में आयोजित बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही बिना सूचना के अनुपस्थित दो सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही अधूरे कार्य समय पर पूर्ण कराने और गौशालाओं में ठंड से बचाव के बेहतर इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए।

बीडीओ दीपांकर आर्य ने विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही जिन 99 आवासों की प्रथम किश्त पहुंच गई है, उनका निर्माण कार्य नियमानुसार समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने मनरेगा योजना की समीक्षा की, जिसमें ई-केवाईसी पर जोर दिया। उन्होंने खराब स्थिति वाली ग्राम पंचायत असालतनगर, गिरधरपुर, रामपुर बैजू, सिंहपुर व रनवीरपुर के सचिवों को निर्देश दिए कि ई-केवाईसी की प्रगति बढ़ा लें। साथ ही मनरेगा कार्य में महिला श्रमिकों की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने बिबिया जलालपुर में बने रहे मनरेगा पार्क, खेल के मैदान का कार्य तेजी से कराने के सचिवों को निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम पंचायत असालताबाद व निगोह खास के सचिवों को केंद्रीय वित्त व राज्य वित्त की धनराशि नियमानुसार व्यय करने की बात कही।

छिबरामऊ देहात समेत 13 ग्राम पंचायतों में रेट्रोफिटिंग की स्थिति खराब होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने सचिवों को कड़ी हिदायत दी कि गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम कर लिए जाएं। इसके साथ ही हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कर लें। वहीं बीडीओ ने बिना सूचना बैठक से अनुस्थित सचिव योगेंद्र सिंह व शिवम यादव का एक दिन का वेतन अवरुद्ध करते हुए नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। बैठक में एडीओ पंचायत यशकरन, सचिव व अन्य ब्लॉककर्मी मौजूद रहे।

# खाद्य विभाग टीम ने मारा छापा, की कार्रवाई



- सरसों तेल के दो नमूने लिए, 350 किग्रा तेल सीज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

आमजन को शुद्ध, ताजे एवं गुणवत्तापरक खाद्य तथा पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कस्वा गुरसहायगंज में कार्रवाई की। इस दौरान टीम ने सरसों तेल के दो नमूने जांच हेतु एकत्र किए और लगभग 350 किलोग्राम सरसों का तेल सीज कर दिया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष श्रीवास्तव के नेतृत्व में, सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 उमेश प्रताप के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार साहू एवं सर्वेश ने पूर्वी क्रॉसिंग स्थित मोहम्मद जलिस पुत्र मोहम्मद अनीस निवासी गुरसहायगंज की दुकान पर छापेमारी की। टीम ने दुकान से सरसों तेल के दो नमूने जांच हेतु संग्रहित किए। मौके पर मौजूद लगभग 350 किलोग्राम सरसों का तेल, जिसकी कीमत करीब 60,000 बताई गई, को सीज कर विक्रेता की अभिरक्षा में दे दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, आज लिए गए दोनों नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तदनुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य कारोबार करने वालों एवं आमजन को मिलावट, रंगीन व दूषित खाद्य पदार्थों के हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने खाद्य पदार्थों की जांच की विधियां भी बताईं और लोगों से अपील की कि वे शुद्ध एवं गुणवत्तापरक खाद्य सामग्री का ही उपयोग करें। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार निरंतर अभियान जारी रहेगा।

## समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन




**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में यूपी एजूकेशन मिनिस्ट्रियल आफीसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद डायट प्राचार्य को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। यूपी एजूकेशन मिनिस्ट्रियल आफीसर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मयंक त्रिपाठी व जनपदीय सचिव आनंद दीक्षित ने बताया कि समूह (ग) में कार्यरत लिपिक सवर्गीय सहायकों के लंबित प्रकरणों व समस्याओं का निराकरण न किए जाने के कारण प्रांतीय आवाहन पर डायट परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही डायट प्राचार्य को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी को सौंपा। उन्होंने बताया कि लंबित प्रकरणों और समस्याओं का समय से निराकरण न किए जाने को लेकर प्रांतीय नेतृत्व ने क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन की रणनीति तय की थी। उसी के धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आलोक गुप्ता, राघव शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, शैलेंद्र पाल, विपिन शर्मा, आलोक मिश्रा, धीरूगोपाल, अंकुर भट, प्रसून यादव व कमलेंद्र बाबू प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्राइवेट चिकित्सक को जालसाजों ने बनाया ठगी का शिकार

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

नगर में प्राइवेट चिकित्सक के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने खुद को कानपुर के रीजेंसी हॉस्पिटल का कर्मचारी बताकर डॉक्टर से 99,999 रुपये हड़प लिए। डॉक्टर ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला चुरखीबाल निवासी डॉ. मदन पाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्हें अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए रीजेंसी हॉस्पिटल, कानपुर में अपॉइंटमेंट बुक करना था। इस संबंध में उन्होंने बीती सात अक्टूबर 2025 को रीजेंसी हॉस्पिटल के रिसेप्शन पर कॉल किया। कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम मनीष कुमार बताया और कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व अपॉइंटमेंट के लिए शुल्क जमा करना होगा। उस व्यक्ति ने उन्हें एक एप जेएम-पे जैप-एस डाउनलोड करने के लिए कहा। उन्होंने उसे वास्तविक हॉस्पिटल कर्मचारी मानते हुए ऐप डाउनलोड कर लिया। इसके बाद ठग ने उन्हें मोबाइल स्क्रीन पर पीएम केयर्स नाम का खाता दिखाया, जिसे देखकर उन्होंने भरोसा कर लिया और परीक्षण के लिए एक रुपया भेज दिया। तीन दिन बाद, 10 अक्टूबर 2025 की सुबह उनके मोबाइल पर संदेश आया कि उनके बैंक खाते से 99,999 रुपये चले गए हैं।

## कुठौंदा बुजुर्ग में खेल मैदान, डिजिटल लाइब्रेरी स्थापना की डीएम से मांग

जालौन,उरई। गांव में खेल का मैदान व डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना कराने के लिए ग्रामीण ने डीएम को मांग भेजा है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने डीएम को मांग पत्र भेजकर बताया कि उनके गांव में खेल का मैदान नहीं है। खेल का मैदान बनाए जाने की मांग वह कई वर्ष से कर रहे हैं। लेकिन हर बार कोई न कोई बहाना बना दिया जाता है। गांव में गाटा संख्या 291 में खेल का मैदान बनाया जा सकता है। लेकिन इसका श्रेधी परिवर्तन किया जाना है। इसके लिए भूमि प्रबंधन समिति की बैठक 29 जुलाई 2025 को हो चुकी है। समिति द्वारा प्रस्ताव तहसीलदार कार्यालय भेजा जा चुका है। लेकिन अब तक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस प्रस्ताव पर तत्काल कार्रवाई कर उपरोक्त भूमि का श्रेणी परिवर्तन कराकर खेल का मैदान बनवाया जाए।

# बैंक हैंडओवर के बाद भवन पर जबरन कब्जे का प्रयास, पीड़ित ने की शिकायत

- एसपी व माधौगढ़ पुलिस को दी घटना की जानकारी

**माधौगढ़, जालौन समृद्धि न्यूज।**



नगर के प्रमुख बाजार स्थित भूमि संख्या 351 व 353 को लेकर विवाद उस समय गहरा गया जब हैंडओवर के बाद कथित रूप से कुछ लोगों ने जबरन कब्जे का प्रयास किया। मामले में इंदौर निवासी रामशंकर पुत्र गौरीशंकर के मुख्तारखास ने पुलिस अधीक्षक जालौन को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि भूमि संख्या 351 पर वर्ष 1985 से इलाहाबाद बैंक किराए पर संचालित थी। बैंक द्वारा नियमित रूप से किराया उनके खाते में जमा किया जाता रहा तथा नगर पंचायत में वह हाउस टैक्स भी भरते रहे हैं। 3 नवंबर 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे बैंक ने भवन का हैंडओवर प्रार्थी को विधिवत रूप से किया, जिसका फोटो और अन्य प्रमाण उनके पास मौजूद हैं। बैंक का एसी व टॉवर अभी भी भवन में लगा है, जिसे हटाने के लिए बैंक ने कुछ समय समय मांगा था। हैंडओवर के बाद प्रार्थी ने उक्त भवन को सचिन तरसौलिया पुत्र राकेश के नाम 11 माह के लिए किराए पर दिया। जिसमें अपने सामने ही करीब दो लाख रुपये का किराना सामान भी भवन में रखा गया। अगले दिन जब सचिन अपने कर्मचारी के साथ भवन पहुंचा, तो पाया कि ताले तोड़ने का प्रयास किया गया था और भवन के अंदर व बाहर अतिरिक्त ताले लगा दिए गए थे। किराएदार के अनुसार, मौके पर आशुतोष लहारिया व राहुल लहारिया पुत्रगण ब्रजमोहन पहुंचे और विवाद करने लगे। उन्होंने कथित रूप से कहा कि वह इस भवन पर कब्जा करेंगे, इसलिए ताले उन्होंने ही लगाए हैं। घटना की जानकारी जैसे ही दिलीप सेठ को मिली, उन्होंने तत्काल थाना माधौगढ़ के कोतवाल को फोन पर घटना की जानकारी दी और अब उन्होंने एसपी जालौन से न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थी के अनुसार यह मामला संपत्ति पर जबरन कब्जा व ताले तोड़ने के प्रयास से जुड़ा है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर भवन का कब्जा सुरक्षित कराया जाए।

### सूचना

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संजीव पुत्र हेतराम अंकित हो गया है। जबकि मेरे जन्म प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेखो में मेरा नाम नरेन्द्र पुत्र हेतराम अंकित है। संजीव व नरेन्द्र दोनो मेरे ही नाम है। अतएव आधार कार्ड मे मेरा नाम संशोधित कर नरेन्द्र पुत्र हेतराम कर देने की कृपा करें।

**नरेन्द्र पुत्र हेतराम नि.मो. दुर्गानगर, तिर्वा जनपद, कन्नौज।**

# फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसान योजनाओं से होंगे वंचित

## फिलहाल अभी खाद वितरण पर रोक लगाने की चल रही है तैयारी

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई तो किसान सचेत हो जाए। अन्यथा की स्थिति में शासन की योजनाओं से वंचित हो सकते हैं फिलहाल अभी खाद वितरण पर रोक लगाने की तैयारी है।

विदित हो कि शासन ने अब किसानों के खेतों को भी आधार कार्ड से जोड़ने की योजना बनाई है जिसे फार्मर रजिस्ट्री नाम दिया गया है हालांकि इस योजना को चालू हुए कई माह बीत चुके हैं पर अभी तक महज 60 प्रतिशत किसानों ने ही अपनी जमीन को आधार कार्ड से जोड़ा है लेकिन प्रशासन ने इस अभियान को युद्ध स्तर पर शुरू किया है जिसके तहत प्रशासनिक अधिकारी गांव गांव दौरा कर रजिस्ट्री की हकीकत देख किसानो को जागरूक भी कर रहे हैं जिससे यह कार्य रफ्तार पकड़ गया लेकिन अभी बडी संख्या में किसान इसके प्रति गम्भीर नही है जिसके चलते प्रशासन सख्त हो गया है और कुछ दिनों पहले बगैर फार्मर रजिस्ट्री कराए खतौनी उद्धरण पर रोक लगा रखी थी लेकिन अब शासन ने नया फरमान जारी किया है जिसके तहत अभी सहकारी समितियों तथा संस्थानों को निर्देश जारी किए गए हैं कि बगैर फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को डीएपी खाद बिल्कुल न। दी जाए जिसके चलते वुधवार को बड़ी संख्या में किसानों को खाद बिक्री केन्द्र से बैरंग होना पड़ा है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार खाद वितरण पर रोक नहीं लगाई गई है बल्कि खाद बिक्री करने वाले संस्थानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा गया है। वही उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री सभी किसानों के लिए अनिवार्य है क्योंकि इससे शासन द्वारा संचालित फायदे की योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल सकेगा इसलिए सभी किसान समय से जनसेवा केंद्रों पर अपना पंजीकरण करा ले जिससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

## जल संचयन जन भागीदारी में उत्कर्ष कार्य हेतु 18 को दिया जाएगा राष्ट्रपति द्वारा अवार्ड

**उरई,जालौन।** जनपद के लिए यह गर्व का क्षण है कि जल संचयन जन भागीदारी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जनपद को भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा जल संचय जन भागीदारी 1.0 अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय सम्मान राष्ट्रपति द्वारा 18 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय जल मिशन के पत्र के अनुसार जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में जल संरक्षण जन भागीदारी एवं सामुदायिक सहभागिता के अभिनव प्रयासों ने जल सुरक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# डीएम ने अन्नदाता कृषक बंधुओं से की अपील, पराली न जलाएं

- फसल अवशेष प्रबंधन का अपनाएं वैज्ञानिक तरीका

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने एनआईसी सभागार में बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार, उप कृषि निदेशक, बीडीओ सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पराली जलाने की किसी भी घटना पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि जोत के अनुसार जुर्माने की राशि निर्धारित की गई है, दो एकड़ भूमि जोत वाले किसानों पर पांच हजार रुपये, दो से पांच एकड़ भूमि जोत वाले किसानों पर दस हजार रुपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि जोत वाले किसानों पर तीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद के अन्नदाता कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे पराली न जलाएं, बल्कि फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीके अपनाएं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन हेतु आवश्यक उपकरण जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर, स्ट्रॉ रीपर आदि रियायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसान इन यंत्रों का उपयोग कर पराली को मिट्टी में मिलाकर जैविक खाद तैयार कर सकते हैं, जिससे फसल की उत्पादन क्षमता और मिट्टी की गुणवत्ता दोनों में वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने राजस्व, कृषि एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों और वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा दोषी पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक भाई हमारे अन्नदाता हैं और पर्यावरण की रक्षा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यदि सभी किसान पराली न जलाने का संकल्प लें, तो हम अपने प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### सूचना

मेरी पुत्री के आधार कार्ड नंबर 2926 61962534 में नाम त्रुटिवश अवन्तिका पुत्री प्रमोद कुमार गलत अंकित हो गया था जबकि उसके सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में नाम शीलू पुत्री प्रमोद कुमार अंकित है। अतः पुत्री के आधार कार्ड में सही नाम शीलू पुत्री प्रमोद कुमार अंकित कराना चाहता हूं जो सही व सच है।

**प्रमोद कुमार पुत्र, लटूरी निवासी ग्राम-बरुआ मौजा सबलपुर तहसील छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# चटकी रेल पटरी पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य, कॉशन देकर गुजारी जा रही ट्रेनें

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद-कानपुर रेलमार्ग पर कमालगंज और खुदागंज रेलवे स्टेशन के बीच रेल की पटरी चटकने की घटना के बाद बुधवार सुबह से रेलवे विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। मंगलवार देर रात पटरी में दरार की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। तत्काल कन्नौज के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का जायजा लेकर अपनी देखरेख में स्थाई मरम्मत का कार्य शुरू करवाया। रेलवे कर्मियों ने सुबह से ही ट्रैक पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हिस्से को बदलने और ट्रैक को दोबारा मजबूती से जोड़ने का कार्य आरंभ किया। मरम्मत के दौरान ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह नहीं रोकी गई,


चल रहा मरम्मत का कार्य


सर्दी में रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री

बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी ट्रेनों को कॉशन देकर सीमित गति में निकाला जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। घटना के कारण मंगलवार रात कालिंदी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के संचालन पर असर पड़ा। दिल्ली जाने वाली कालिंदी एक्सप्रेस को फर्रुखाबाद स्टेशन से करीब साढ़े बारह बजे रात बाद रवाना किया जा सका। वहीं कानपुर की ओर जा रही ट्रेन को कमालगंज स्टेशन पर और फर्रुखाबाद आने वाली पैसेंजर ट्रेन को भी देरी से निकाला गया। इससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने कहा कि मरम्मत कार्य पूरी गति से जारी है और जल्द ही पटरी को पूरी तरह सुरक्षित बनाकर रेल यातायात सामान्य कर दिया जाएगा। स्थानीय रेलवे कर्मियों के साथ-साथ तकनीकी टीम भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न दोहराई जाएं।

# गैर इरादातन हत्या के मामले में दंपति पर दोष सिद्ध

▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीवार को लेकर हुए विवाद के मामले में पति-पत्नी को गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश शैली रॉय ने रामबरन पुत्र गंगाराम, गुड्डी पत्नी रामबरन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 14 नवम्बर की तिथि नियत की गयी है। बीते सात वर्षों पूर्व कोतवाली अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कोलासोता बहादुरपुर निवासी रामदेवी पत्नी रामकुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दिनांक 14 जून 2018 को समय करीब छः बजे शाम को मेरे



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

पड़ोसी रामबरन अपनी दीवार मेरी जमीन की तरफ बढ़ा के बना रहे थे। जब मेरे पति रामकुमार ने दीवार बनाने का विरोध किया, तो इसी बात पर नाराज होकर रामबक्स व उसकी पत्नी गुड्डी देवी गाली देते हुए लात-घूसों से मारने लगे। जिससे वह बेहोश हो गए। जिन्हें अस्पताल लेकर गए। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर लिया। मुकदमा में पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैली रॉय ने रामबरन, गुड्डी देवी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 14 नवम्बर की तिथि नियत की गयी है।

## मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरुक


छात्राओं को जागरुक करते पुलिसकर्मी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत बुधवार को थाना नवाबगंज क्षेत्र के सूर्य कुमारी इंटर कॉलेज मंझना में बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर जिनमें प्रमुख रुप से महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी दी गई व इन नंबर का प्रयोग कब और कैसे करना है, यह भी बताया गया। छात्राओं को बताया गया कि आपको जब भी पुलिस की जरुरत महसूस हो, आप लोग तुरंत इन नंबरों को डायल करें। पुलिस आपकी मदद के लिए पहुंच जायेगी। इसके अलावा अन्य सुरक्षा से संबंधित जानकारियां भी दी गयीं।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद


पुलिस हिरासत में चोर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने एक ऐसे अंतरराज्यीय चोर का गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसके सदस्य दिन में सोलर पैनल लगाने का काम करते थे और रात में उन्हीं घरों व दुकानों में चोरी करते थे। यह गिरोह फर्रुखाबाद सहित आसपास के जिलों में सक्रिय था। कमालगंज पुलिस, एसओजी टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम बलीपुर, कमालगंज निवासी मोहित और एक बाल अपचारी को गिरफ़्तार किया गया। हालांकि गिरोह का सरगना और अन्य साथी अभी फरार है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी दिन में सोलर प्लेट लगाने के बहाने दुकानों और घरों की रेकी करते थे। रात में यही गिरोह लोडर वाहन का इस्तेमाल कर सोलर पैनल, इनवर्टर, तिरपाल और हार्डवेयर का सामान चोरी कर ले जाता था। अभियुक्तों ने कमालगंज, शमसाबाद और नवाबगंज

▸ दिन में लगाते सोलर पैनल और रात में करते थे चोरी

थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग चोरियों को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है जिसमें सोलर पैनल, इनवर्टर, बैटरी, तिरपाल, प्लास्टिक बंडल और कई अन्य वस्तुएँ शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि यह एक अंतरराज्यीय गिरोह है जो फर्रुखाबाद के अलावा एटा और आसपास के जनपदों में चोरी का माल बेचता था। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज कर तीनों चोरियों का खुलासा किया गया है और पूरा माल बरामद कर लिया गया है। अभी मुख्य सरगना सहित दो आरोपी फरार हैं।


पुलिस हिरासत में आरोपी

## दहेज हत्या के मामले में ससुर गिरफ्तार

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दहेज हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके पुत्र को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जानकारी के अनुसार दिनांक 26 अक्टूबर को वादी रामशंकर पुत्र प्यारेलाल मिश्रा निवासी ग्राम बिल्हा, थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद द्वारा थाना मेरापुर पर अभियुक्तों द्वारा वादी की भतीजे से अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रताड़ित करना व हत्या कर देने के संबंध में तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर थाना मेरापुर पुलिस ने मु.अ.सं. 146/2025 धारा-85/80(2) बीएनएस व 3/4 डी.पी.एक्ट के तहत मुकदमा अभियुक्त प्रदीप आदि 05 नफर के विरुद्ध दर्ज किया था। पुलिस ने बुधवार को मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव चंदुईया निवासी ससुर प्रदीप पुत्र राम गुलाम त्रिवेदी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। गौरतलब है कि इसमें मृतिका का पति विष्णु त्रिवेदी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुका है।

# मारपीट व लूट के मामले में चार अभियुक्त पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एंटी डकैती न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने मारपीट व लूट के मामले में हनीफ पुत्र मटरू, जाबिर पुत्र सिताव, मुशर्रफ पुत्र शहादत, मुशर्रफ उर्फ कारिया पुत्र मुनबर निवासीगण राजेपुर सरायमेंदा कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 नवम्बर की तिथि नियत की है। बीते 23 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम राजेपुर सरायमेंदा निवासी जन मोहम्मद पुत्र बलीशेर ने उपरोक्त के न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसमें बताया कि दिनांक 13 अगस्त 2002 को दिन मंगलवार को मेरा भाई

▸ सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 नवम्बर की तिथि नियत
▸ 23 वर्षों पूर्व न्यायालय में दायर की थी याचिका

शेर मोहम्मद भैंस खरीदने के लिए गया था। मैं व मेरा भाई बाजार में भैंस देख रहा था। इसी बीच गांव उक्त आरोपी आ गए और लाठी-डंडों से लैस होकर जान से मारने की नियत से मारपीट की। जिससे मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा।

भाई अपनी जान बचाकर भागकर पेड़ के पीछे छिप गया। होश आने पर जब मैंने देखा, तो जेब से 8200 रुपए उपरोक्त लोग निकाल ले गये थे। मैंने प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष कमालगंज को दिया था। उन्होंने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया था और मुशर्रफ को आरोपी नहीं बनाया था। लूट की घटना को शामिल नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया।

कार्यवाही न होने पर न्यायालय में याचिका दायर की। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने हनीफ पुत्र मटरू, जाबिर पुत्र सिताव, मुशर्रफ पुत्र शहादत, मुशर्रफ उर्फ कारिया पुत्र मुनबर निवासीगण राजेपुर सरायमेंदा कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 नवम्बर की तिथि नियत की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों विधवा की झोपड़ी जलकर राख

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में विधवा की झोपड़ी जलकर राख हो गयी। परेशान महिला का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर इमलाक निवासी रम्मो पत्नी स्वर्गीय नवी हुसैन कि गांव में झोपड़ी पड़ी हुई है। देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक झोपड़ी में आग लग गई। जिससे गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित रम्मो ने बताया की उसके पति की कैंसर से 4 साल पहले मौत हो गई थी। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह मनरेगा में मजदूरी करके अपना और अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही थी। देर शाम लगी अचानक आग से उसके घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने घटना का जायजा लिया। बताते चलें कि घटना के बाद पीड़ित महिला सड़क पर आ गई है। परेशान महिला का रो-रोकर बुरा हाल था।


झोपड़ी में लगी आग बुझाता ग्रामीण

# प्रशिक्षु आईएएस टीम ने बच्चों के साथ खाया मिड-डे-मील

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजेपुर ब्लॉक के दारापुर गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों की एक टीम बुधवार को पहुंची। टीम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ मिड डे मील का भोजन किया और बच्चों से कई सवाल पूछे।

जानकारी के अनुसार प्रशिक्षु आईएएस टीम जब विद्यालय में पहुंची, तो बच्चे खेलकूद रहे थे। टीम ने बच्चों के खेलकूद की सराहना की। टीम ने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक हैं, क्योंकि इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है और बीमारियां नहीं आती हैं। इसके बाद टीम ने बच्चों को परोसी गयी तहरी का भी स्वाद लिया और छात्र-छात्राओं से कई विषयों पर बातचीत की। टीम ने विद्यालय में साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लड़ते की भी सराहना की। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस टीम के साथ खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार, एडीओ पंचायत अजीत पाठक, प्रधान शशि राठौर और सचिव राजीव सुमन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


विद्यालय में मौजूद प्रशिक्षु आईएएस टीम व खेल रहे बच्चे

# जमीनी विवाद में मारपीट, पांच घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद में हुई मारपीट के मामले में एक ही पक्ष से पांच लोग घायल हो गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कुतुबुद्दीनपुर निवासी विश्राम सिंह पुत्र अमर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बुधवार दोपहर 11:00 अपनी जगह में गया था, तभी पहले से मकान का निर्माण कर रहे बलराम पुत्र रामस्वरूप, बृजभान, रत्नेश, अजमेर पुत्रगण बलराम निवासीगण कुतुबुद्दीनपुर अचानक आए और गाली-गलौज करने लगे। जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त आरोपीगणों ने लाठी-डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर बचाने आए भाई सुखराम पुत्र अमर सिंह तथा अतिराज, सचिन पुत्रगण सुखराम तथा जयशंकर अमर सिंह के भी बीच बचाव में काफी चोटें लगीं। जिससे सभी लोग घायल हो गए तथा पीड़ित घायल अवस्था में खुद तथा अपने परिजनों के साथ थाने आए और थाना पुलिस को आरोपीगणों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया तथा मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को ब्लाक के अधिकारियों/कर्मचारियों ने किया सम्मानित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

तीन दिवसीय दौरे पर आए प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को विकास खंड के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर विदा किया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिलखाना में शासन स्तर से ग्राम पंचायत की देखरेख व प्रशिक्षण प्राप्त करने आए प्रशिक्षु आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों को समापन के बाद ग्राम प्रधान तथा विकास खंड के अधिकारियों व कर्मचारियों, ग्राम सचिव ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्राम पंचायत की व्यवस्थाएं देख खुश नजर आए। वहीं ग्राम प्रधान प्रीति देवी तथा ग्राम प्रधान पति सुनील कुमार तथा विकास खंड के कर्मचारियों तथा ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार ने संकिसा गेस्ट हाउस पहुंचकर सभी अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर इस मौके पर एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम प्रधान प्रीति देवी, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार, सचिव कुलदीप राजपूत, सचिव अरविंद कुमार, ग्राम पंचायत सचिव सुनील कुमार गौतम, सचिव प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, मोतीलाल, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, प्रवीण कुमार सहित विकास खंड के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


गेस्ट हाउस में मौजूद सम्मानित प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी

# दबंगों ने घर में घुसकर की गाली-गलौज व मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

जमीनी विवाद के चलते हुए गाली-गलौज के मामले में पीड़ित को घर में घुसकर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी सत्यपाल पुत्र देवराज ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती रात वह अपने घर के अंदर बैठा था, तभी जमीनी विवाद के चलते आरोपीगण घर में घुस आए और गाली- गलौज करने लगे। पीड़ित के बताएं मुताबिक जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने मारपीट करनी शुरू कर दी। बचाने आए पीड़ित के पुत्र तथा पुत्रवधू के साथ भी मारपीट की। मारपीट के दौरान पीड़ित की पुत्रवधू शिखा देवी के कान से कुंडल भी गिर गया। पीड़ित ने नामजद आरोपीगण नरेश सिंह, मनोज कुमार पुत्र नरेश सिंह तथा दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया तथा तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# गन्ना क्रय केंद्र पर धन उगाही को लेकर किसानों का हंगामा, तौल बंद

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रूपापुर गन्ना मिल से संबद्ध फैजबाग गन्ना क्रय केंद्र पर धन उगाही को लेकर मंगलवार को किसान विफर गए और केंद्र की तौल व्यवस्था बंद करा दी।

केंद्र पर अनिल कुमार सिंह तौल बाबू के रूप में तैनात हैं। जानकारी के अनुसार किसान जनमेजय, कर्मवीर सिंह, राकेश कुमार निवासी नगला दमू, राहुल, राजू निवासी किसरोली और अजय सिंह निवासी मुरेठी सहित कई किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों में गन्ना लेकर केंद्र पहुंचे थे। किसानों का आरोप है कि तौल के समय प्रति ट्रॉली 50 किलो गन्ना कम तौलने और 200 अतिरिक्त राशि मांगने की बात कही गई। किसानों ने इस पर आपत्ति जताई तो तौल बाबू और किसानों के बीच नोकझोंक हो गई। विवाद बढ़ने पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिला प्रचार मंत्री राजेश गंगवार मौके पर पहुंचे और अतिरिक्त वसूली का विरोध किया। स्थिति बिगड़ने पर हाइड्रा मालिक ने ट्राली से गन्ना उतारने से इनकार कर दिया।

जिससे सुबह से केंद्र पर तौल बंद हो गई। सूचना पर पहुंचे डिप्टी कैन मैनेजर शिवराज सिंह ने किसानों और केंद्र कर्मचारियों से बातचीत कर मामले को शांत कराया और बताया किसने से 200 की वसूली नहीं की जाएगी। प्लांट में गन्ने का किसान सट्टा लगाएंगे। हाइड्रा से वह गन्ना उठाकर ट्रक में डालेगा।


तौल केंद्र पर मौजूद भाकियू नेता व गन्ना किसान

## चार लोगों के विरुद्ध अनुसूचित जाति अधिनियम में मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला सूदन निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र शंकर लाल ने गांव के ही कन्ही लाल, अंकित पुत्रगण राजेश व राजीव पुत्र अतर सिंह तथा शिवम पुत्र ब्रजमोहन के विरुद्ध जाति सूचक गाली-गलौज, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 3 नवंबर रात 7 बजे मैं अपने भतीजे योगेंद्र सिंह पुत्र रामानन्द के साथ गांव में ही मथन्नी लाल के यहां तेरहवीं की दावत खाने जा रहे थे। जब मैं मथन्नी लाल की गली में पहुंचा कि तभी उक्त सभी आरोपितों ने मेरे साथ जाति सूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी के सुपुर्द कर दी।

# मछली मंडी के चलते आये दिन जाम से दो चार हो रहे लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज के मुख्य बाजार में स्थित मछली मंडी स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। यहां अतिक्रमण और ग्राहकों द्वारा सड़क पर वाहन खड़े करने से अक्सर लंबा जाम लग जाता है।

दुकानदारों ने फुटपाथ पर सामान रखकर कब्जा कर लिया है। वहीं मांस-मछली खरीदने वाले ग्राहक अपनी बाइक और चार पहिया वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं। इससे यातायात बाधित होता है। इसके अलावा शाकाहारी राहगीरों को दुर्गंध के कारण मुंह पर कपड़ा रखकर गुजरना पड़ता है। बुधवार शाम करीब साढ़े तीन बजे ऐसा ही एक नजारा देखने को मिला। ग्राहकों ने एक कार और कई बाइकें सड़क पर खड़ी कर दीं। जिससे लगभग पौन घंटे तक जाम लगा रहा। इस दौरान किसी ने भी वाहनों को हटाने का प्रयास नहीं किया। जिसके बाद काफ़ी मशक्कत से मार्ग सुचारू हो सका। पुलिस प्रशासन और नगर पंचायत नवाबगंज अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


जाम से जूझते लोग

# बाल विवाह करने अथवा कराने पर 2 वर्ष की सजा


बैठक में मौजूद अधिकारी

**फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कमालगंज में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शील चन्द्र राजपूत, जिला प्रोबेशन अधिकारी/खंड विकास अधिकारी अनिल चन्द्र की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। शील चन्द्र राजपूत ने कहा कि हम सभी को यशोदा माता की तरह बच्चों के संरक्षण और कल्याण का कार्य मिल जुलकर करना चाहिए। समाज का कोई भी शोषित, उपेक्षित और देखरेख की आवश्यकता वाला बच्चा हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। बाल श्रम और बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए लोगों को जागरूक करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी/खंड विकास अधिकारी अनिल चन्द्र ने कहा कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का उद्देश्य है कि हम सभी मिलकर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, देखरेख और भागीदारी के साथ साथ बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण आदि से बच्चों का संरक्षण करें। हमें प्रत्येक बच्चे का स्कूल में दाखिला कराना है। उन्होंने बताया कि आज के समय में बच्चों के द्वारा मोबाइल का अधिक मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उन्हें कई बीमारियां एवं समस्याएं होती है। साइबर अपराधी बच्चों को अपने जाल में फंसा कर ब्लैकमेल करते हैं, बेटियां भी बड़ी मुसीबत में आ जाती हैं। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल विवाह रोकने हेतु अभियान चलाए जाने को अपील की और बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना एवं 2 वर्ष तक सजा का प्राविधान है, उन्होंने गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी एवं कहा कि सभी बच्चों का विद्यालय में पंजीकरण अवश्य कराएं, निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा माता पिता के बैंक खाते में 1200 रूपये जूते मोजे, यूनिफॉर्म आदि के प्रेषित किए जाते हैं। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी दीपेन्द्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता शुक्ला, सुपरवाइजर पुष्पा सेन, सहायक विकास अधिकारी पंचायत विनय चौहान, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता, सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर उत्तमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# न्याय न मिलने पर किसान ने दी भूख हड़ताल की धमकी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव मझोला निवासी रामवतन पुत्र ख्यालीराम ने उपजिलाधिकारी अतुल कुमार को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी जमीन की गाटा संख्या -152, की पैमाईश चल रही थी। 4 अक्टूबर को भारतीय किसान अखण्ड प्रदेश के पदाधिकरियों ने तहसील दिवस मे एक ज्ञापन दिया था।

जिस पर तहसीलदार विक्रम सिंह को आदेशित किया था कि स्वयं मौके पर पहुंचकर लेखपाल व कानूनगो के सहयोग से दोनों पक्षों की पैमाइश करवाकर निस्तारण करे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि निर्देश के बावजूद आपकी अनुपस्थिति मे अन्य कोई लेखपाल या कानूनगो मेड़ डलवाने नहीं जायेगा, इसके बावजूद को सायं करीब 4 बजे लेखपाल कृष्णकान्त अपने साथी भूपेन्द व पुलिस को लेकर निजी लाभ के चलते खेत पर पहुंचे, जब थाना कायमगंज पुलिस को पता चला कि दूसरा पक्ष मौके पर नहीं है तो उन्होंने मेड़ डलवाने से इंकार कर दिया और वापस चले गये। इसी बीच लेखपाल कृष्णकान्त व उसके साथी भूपेन्द्र ने विपक्षी रामनरेश को थोड़ा अलग हटाकर कहा कि हम देख लेगे। इस दौरान 10 डिसमिल सरसों जुतवाकर मेड़ डलवा दी। इस दौरान मेरी नातिन सिखा सुनहरी ने वीडियो बना लिया। दोषी लोगों के विरुद्ध जब तक कार्यवाही नहीं होती और हमारे नुकसान की भरपाई नहीं की जाती, तब तक धरना जारी रहेगा, फिर भी कार्यवाही नहीं हुई तो भूख हड़ताल कर देंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।


धरने पर बैठे किसान

# भैरव बाबा के जन्मोत्सव पर भंडारे का हुआ आयोजन


बाबा भैरोनाथ को छप्पन भोग लगाते भक्तगण व पुजारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भैरव बाबा का जन्मोत्सव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन हुआ। शहर के भैरव घाट, भैरव मंदिर स्थित श्री बाबा भैरव नाथ, सिद्ध पीठ धाम पर भैरव बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया और विशाल भण्डारे का आयोजन भी हुआ। भैरव मंदिर में विधि विधान से पूजन आरती की गई। भैरव बाबा के बाल स्वरूप की भी पूजा अर्चना की गई। भक्तगणों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भैरव बाबा का जन्मोत्सव मनाया। साथ ही महाआरती की गई। मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। भंडारे के प्रसाद के लिए पुरुष व महिलाओं के अलग-अलग गेट बनाए गए। वहीं भक्तों ने भैरव की मूर्ति पर प्रसाद के रूप में शराब चढ़ाई। इस अवसर पर राजेश शिवानी ने भंडारे और मंदिर की व्यवस्था संभाली। उपाध्यक्ष चैतन्य रस्तोगी, कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र गुप्ता, महामंत्री रमाशंकर चित्रांश ने मंदिर की व्यवस्था में सहयोग किया। रामू राठौर, गोविंद, विशाल कश्यप, मनीष वर्मा ने भैरव जी एवं काली जी का भव्य श्रृंगार किया। इस अवसर पर रुपचंद शिवानी, टानू रस्तोगी, डॉ0 वीनू गुप्ता, शालिनी शिवानी, मीनू रस्तोगी, लक्ष्मी पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# अनुराग सिंह यादव बने छात्रसभा के सदर विधानसभा उपाध्यक्ष


मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने श्याम नगर निवासी अनुराग सिंह यादव को समाजवादी छात्र सभा में सदर विधानसभा का विधानसभा उपाध्यक्ष घोषित किया। समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने जारी पत्र में उनसे यह अपेक्षा व्यक्त की कि वह सदर विधानसभा क्षेत्र में छात्र सभा के संगठन को और अधिक मजबूत करेंगे तथा वर्तमान में पार्टी द्वारा संचालित बीएलए बनाने के कार्यक्रम को मजबूती के साथ दिशा प्रदान करेंगे। इस दौरान जिला महासचिव इलियास मंसूरी, आयुष यादव सहित उपस्थित रहे।

# मिशन अस्पताल व भोलेपुर में अतिक्रमण पर कार्यवाही के दिये निर्देश

- आउटसोर्सिंग की शिकायत मिलने पर जांच के डीएम ने दिये निर्देश


बैठक लेते डीएम मौजूद अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुपालन की समीक्षा की गई।

डीएम ने निर्देशित किया कि स्ट्रीट वेंडरों की खाद्य गुणवत्ता की नियमित चेकिंग की जाये, कमी पाये जाने पर दंडित किया जाये। कोई भी खाद्य पदार्थ खुले में न रखा जाये, आगामी त्यौहारों के मद्देनजर चेकिंग की जाये, व्यापारियों द्वारा विभाग में कार्यरत आउटसोर्सिंग की शिकायत की गई। डीएम ने जाँच के निर्देश दिये। मिशन हॉस्पिटल व भोलेपुर में अतिक्रमण का मामला उठाया गया। डीएम ने कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारीए, अपर जिलाधिकारी न्यायिक व संबंधित मौजूद रहे।



बैठक लेते डीएम

# स्कूल-कालेजों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एनकोर्ड व एक युद्ध नशे के विरुद्ध बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी स्कूलों व कॉलेजों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाये, जनपद की सीमाओं पर चेकिंग अभियान चलाया जाये। कोडीन युक्त दवाओं की बिक्री पर नियंत्रण रखा जाये, स्कूलों में बनाये गए चिल्ड्रन क्लबो की सूची उपलब्ध कराई जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन की दी गई जानकारियां

- जिले भर में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान


छात्राओं को जागरुक करती मिशन शक्ति टीम


महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में महिलाओं व छात्राओं को एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने जागरुक किया।

नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए प्रारम्भ किए गए मिशन शक्ति-5.0 के दृष्टिगत थाना कमालगंज पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक कर हेल्पलाइन नंबर 1098/ 181/ 112/1090/1076 व महिला सम्बन्धी अपराधों, महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया। वहीं थाना कादरीगेट पुलिस, कोतवाली मोहम्मदाबाद में पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया तथा सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में व सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही सभी को सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया।

पुलिस ने टीम ने महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के महत्व से अवगत कराया गया।

## बाढ़ से निजात दिलाने को लेकर बैठक कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में प्रतिवर्ष गंगा जी में आने वाली बाढ़ से जनपद का बहुत बड़ा क्षेत्र प्रभावित होता है। हर वर्ष लाखों लोग इस बाढ़ की विभीषिका से प्रभावित होते हैं। गांव के गांव का अस्तित्व खत्म हो जाता है, लाखों एकड़ जमीन गंगा जी की लाई गई रेत के कारण और कटान के कारण कृषि योग्य नहीं रहती है। प्रतिवर्ष हजारों जानवर और जनहानि होती है, इससे बचाव के लिए आवश्यक है की गंगा जी के दोनों किनारो पर तटबंध बने। इसी को ध्यान में रखते हुए पिछले कई दिनों से अलग-अलग जगहों पर लोग तटबंध बनाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठा रहे हैं। इस आवाज को सामूहिक आवाज बनाने के लिए 14 नवंबर दिन शुक्रवार को समय 12 बजे दिन स्थान जमापुर चौराहा पर बैठक बुलाई गई है। जिसमें की भविष्य मे तटबंध बने इसके लिए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। यह जानकारी देते हुए फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने लोगों का आवाहन किया कि अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर अपने विचारों को रखें।

# समस्त जीवों के साथ समान बर्ताव पर श्रीहरि प्रसन्न होते है: राममूर्ति महाराज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कथा प्रवचन करते राममूर्ति महाराज मौजूद भक्तगण

श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस पर आचार्य राममूर्ति मिश्र महाराज ने भक्तों को कथा का रसपान कराया और कहा कि महाराज मनु कहते है कि तितिक्षया करुणया मैत्र्या चारिवल जन्तुषु। समत्वेन च सर्वात्मा भगवान सम्प्रसीदति अर्थात अपने से बड़ों के प्रति सहनशीलता, छोटों के प्रति दया, समान वयस्कों के समान मैत्री और समस्त जीवों के साथ समान बर्ताव करने से सर्वात्मा श्रीहरि प्रसन्न होते है।

लोको रोड पर चल रही कथा के तृतीय दिवस पर राममूर्ति महाराज ने कहा कि तितिक्षा-सहनशीलता, सर्वजन के प्रति करुणा और जगत के प्रत्येक जीव से मैत्री इन तीन गुणों से सम्पन्न व्यक्ति सुखी होता है और उस पर भगवान भी प्रसन्न होते है और भगवान के प्रसन्न होने से प्राकृतिक गुणों तथा लिंग शरीर से मुक्त होकर प्राणी स्वरुप ब्रह्म की प्राप्ती करता है। अतः रघुनाथ जी की कृपा प्राप्ती करने का सदैव प्रयत्न करना चाहिए। जितने तारे गगन में उतने शत्रु होय। जा पै कृपा रघुनाथ की, बाल न बांका होय। कथा का भक्तों ने रसपान किया। इस मौके पर पंडित शिवकुमार शास्त्री, राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ0 केएम द्विवेदी, डा0 नीरज द्विवेदी, अवधेश पांडे, विष्णु दीक्षित, आचार्य अविनाश पांडे, आचार्य सत्यपाल सिंह, प्रकल्प, आदेश शुक्ला, सभासद अनिल तिवारी, रामवीर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन अंजुम दुबे ने किया।

# भारतीय नारी को पश्चिम की जहरीली हवाओं से सावधान रहने की जरूरत

- प्रभारी निरीक्षक ने महिला सुरक्षा हेतु आवश्यक नंबरों का कराया बोध
- एचओ अकादमी में नारी सशक्तिकरण/यातायात पर संगोष्ठी सम्पन्न


छात्रों को जागरुक करते प्रभारी निरीक्षक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

नई बस्ती रोड स्थित एचओ अकादमी विद्यालय के सभागार में नारी सशक्तिकरण एवं यातायात नियम पालन पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर रामबाबू मिश्रा रत्नेश ने कहा कि भारतीय नारी को पश्चिम की जहरीली हवाओं से सावधान रहने की जरूरत है। राष्ट्रधर्म और संस्कृति की मर्यादा का पालन करते हुए भी आज भारतीय नारी कठिन मोर्चो पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कर रही है। यातायात के नियमों के अनुपालन को रेखांकित करते हुए प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद कामिल ने आत्मरक्षा के लिए हेलमेट प्रयोग करने की अनिवार्यता पर बल दिया तथा महिला सुरक्षा हेतु आवश्यक सुरक्षा हेतु नंबरों का भी बोध कराया। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला ने कहा कि आज भारतीय नारी सीमाओं पर तैनात है। जेट विमान उड़ा रही है। कुश्ती, निशानेबाजी बॉक्सिंग जैसी प्रतियोगिताओं में विश्व चैंपियन बन रही हैं। प्रख्यात गीतकार पवन बाथम ने भारतीय नारी को नसीहत देते हुए कहा कि ध्यान सीमाओं पर सदा रहे, सबका सम्मान यथोचित करना। हो कहीं फिर से ना महाभारत, व्यंग ऐसा किसी पर मत करना। समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर रामबाबू मिश्र ने तथा संचालन अन्या शाक्य एवं सौरभ चतुर्वेदी तथा छात्रा अरीवा ने किया। इस अवसर पर अजीत शाक्य, विपिन पाठक, दिव्या पाल, परवेज आलम, असमी खान, मेहर नाज, गोल्डी, ज्योति शर्मा, हितेश मिश्रा, शाहिद आदि सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में भाजपा बूथ अध्यक्ष पर फायरिंग

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के गांव बॉसखेड़ा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। इस दौरान एक पक्ष ने भाजपा के बूथ अध्यक्ष पर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, गांव बॉस खेड़ा निवासी राम सिंह ठाकुर, जो भाजपा के बूथ अध्यक्ष बताए जा रहे हैं, का खेत गंगा कटरी क्षेत्र में स्थित है। आरोप है कि थाना क्षेत्र के ही गांव भगवानपुर निवासी कुछ दबंग जबरन उक्त खेत को जोत रहे थे। जब राम सिंह ने खेत जोतने से मना किया तो दबंगों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित ने घटना की सूचना 112 नंबर पर दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस के लौटने के बाद आरोपियों ने फिर से हमला बोल दिया। इस दौरान लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए आरोपियों ने फायरिंग भी की और मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं पीड़ित ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि फायरिंग की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष डेढ़ गुना डीएपी उर्वरक का वितरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा प्रतिदिन सुबह जिला कृषि अधिकारी एवं उर्वरक से जुड़े समस्त अधिकारियों के साथ जनपद में उर्वरकों की आपूर्ति एवं वितरण तथा उपलब्धता की नियमित समीक्षा की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा उर्वरक वितरण की स्थिति पर सजग निगरानी की जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में गत वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना से अधिक डीएपी उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में कमालगंज क्षेत्र के सहकारी समिति चुनूपुर गढ़िया एनपीके 86 बोरी, जहानगंज 730 बोरी, कमालगंज 346 बोरी, खुदागंज 1726 बोरी उपलब्ध है। सहकारी समिति रजीपुर के साथ-साथ जनपद की अन्य समितियों पर 24240 बोरी एनपीके भेजी जा रही है, इसके अतिरिक्त जिन समितियों पर उर्वरक की मात्रा कम है उन समितियों पर 13000 बोरी डीएपी एवं यूरिया 66667 बोरी भेजी जा रही है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है एवं जनपद में रेलवे रैक एवं सड़क मार्ग से लगातार उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान समय में आलू की बुवाई किसानों के द्वारा पूर्ण की जा चुकी है।

रबी की फसल गेहूं की बुवाई किसानों के द्वारा की जा रही है एवं आलू की टापड्रेसिंग हेतु यूरिया उर्वरक भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिसको ध्यान में रखते हुए कृषि निदेशालय स्तर से जनपर को उर्वरकों की भरपूर आपूर्ति करायी जा रही है। किसान बिक्री केन्द्र पर खतौनी एवं आधार अवश्य लेकर जायें, जिससे उनकी भूमि के अनुपात में उर्वरक मिल सके।

कृषक मिट्टी की जांच के आधार पर संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। जनपद में उर्वरकों की आवश्यकतानुसारः समुचित उर्वरक उपलब्ध है, कोई कमी नहीं है औन ही कमी होने दी जायेगी। बिक्री करते समय कृषकों से इन्तखाब खसरा खतौनी/जोतवही एवं वोई गयी/वोई जाने वाली फसल की जानकारी के उपरान्त संस्तुत मात्रा में उर्वरक का विक्रय करें। कृषकों को निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिक्री करते हुए उनको पीओएस मशीन से रसीद निकालकर अनिवार्य रूप से दी जाये।

विक्रेताओं द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिया जाता है एवं जबरिया टैगिंग की जाती है, तो सम्बन्धित कम्पनी/ थोक/खुदरा विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के सुसंगत नियमों के तहत विधिक कार्यवाही की जायेगी। कृषक अपनी आवश्कतानुसार संस्तुत मात्रा में उर्वरक का प्रयोग करें। जनपद में कृषकों की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलका है। आगामी समय में उर्वरकों की कोई कमी नहीं होने दी जायेगी।

## विकास कार्यों में जनपद ने प्राप्त किया 6वां स्थान


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यो की अक्टूबर माह की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें विकास कार्यों में जनपद ने 06वां स्थान प्राप्त किया है। बैठक में 29 विभागों की 74 योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में सबसे खराब सी0 श्रेणी में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का कार्यक्रम पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना में रैंक 42 व 10 में से 5 अंक प्राप्त हुए है। जल निगम ग्रामीण विभाग का कार्यक्रम जल जीवन मिशन की रैंक 59 प्राप्त हुई है व 10 में से 5 अंक प्राप्त हुए है। ग्राम्य विकास विभाग का कार्यक्रम डे एन आरएलएम आरएफसीआई एफ में रैंक 29 है व 10 में से 4 अंक प्राप्त है। समाज कल्याण विभाग का कार्यक्रम सामान्य वर्ग दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में 27 रैंक प्राप्त हुई है व 10 में से 5 अंक प्राप्त हुए है। उद्योग विभाग ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 63 रैंक आई, नियोजन विभाग की फैमली आईडी में 15 रैंक आई है। पशुधन विभाग का कार्यक्रम अंडा उत्पादन में 57 रैंक व पशुओं में कृत्तिम गर्भाधान में 63 रैंक प्राप्त हुई है। चिकित्सा विभाग का कार्यक्रम एम्बुलेंस 102 में 44 एवं एम्बुलेंस 108 में 51 रैंक आई है, पर्यटन विभाग की पर्यटन राज्य योजना में 57 रैंक प्राप्त हुई है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त विभागों के अधिकारियों से नाराजगी जताई व अगले माह रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एक सौ अस्सी जोड़े हुए एक दूजे के

**अग्नि को साक्षी मानकर लिए सात फेरे, तीन का मौलवी ने कराया निकाह**

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

जिला समाज कल्याण विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नगर के चकईपुर मुहल्ले में स्थित परेड ग्राउण्ड पर वुद्धवार को सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत क्षेत्रीय विधायक के मुख्य आतिथ्य में तीन मुस्लिम व एक सौ सतहत्तर हिन्दू जोडों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। जहां पंडितों ने हिन्दू रितिरिवाज के अनुसार मंत्रोच्चारण कर विवाह संपन्र कराया वही मौलवी ने तीन जोडे को मुस्लिम रितिरिवाज के अनुसार कलमा पढकर निकाह का कार्यक्रम संपन्र कराया।




जबकि सामुहिक विवाह के आयोजन मे कुल 195 जोडों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। आयोजन मे क्षेत्रीय विधायक ने संबोधित करते हुए कहा कि सोलह संस्कारों में से एक संस्कार पाणीग्रहण संस्कार है जिसका महत्व भारतीय संस्कृति मे आध्यात्मिक एवं धार्मिक रुप मे प्रबल होता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि सामुहिक विवाह योजना के माध्यम से आर्थिक रुप से पिछड़े परिवारों के बेटियों की शादी धूमधाम से संपन्र परिवारों जैसा हो सके जिसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आर्थिक रुप से कमजोर लोगों को बेटियों की विवाह के लिए जमीन गिरवी या बेचना पड़ता था उसके बाद भी साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था लेकिन अब ऐसा नही है। अब गरीबों के बेटियों का भी विवाह सरकार के सहयोग से धूमधाम से संपन्र हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मंगरु साहनी, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, नगर पंचायत अध्यक्ष कछवा मिताली जायसवाल, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद चुनार बिजय कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी सिद्धार्थ मिश्र नव युगल जोडों को अपना आशीर्वाद देते हुए उपहार आदि के साथ प्रमाण पत्र देकर पवित्र परिणय का साक्षी बने। संपूर्ण कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा मीडिया कर्मीयो की उपेक्षा चर्चा का विषय रहा। जिलाधिकारी ने बताया कि कुल 180 जोडों का पाणीग्रहण संस्कार संपन्र हुआ जिसमें तीन मुस्लिम व 177 हिन्दू जोडे रहें। इस दौरान विधायक सहयोगी आलोक सिंह, पूर्व सभासद ज्योति प्रकाश सिंह एड0 आदि सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला के गले से उच्चको ने उड़ाया चेन

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** मॉर्निंग वॉक के लिए निकली महिला के गले से बाइक पर सवार दो बदमाश चेन छीन कर फरार हो गये। हालांकि इस बीच उसके गले के चेन का आधा हिस्सा छीना झपटी में वही टूट कर गिर गया। बदमाश आधा हिस्सा ही ले जा सके। महिला की चीख पुकार सुन आसपास के लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। कस्बे के लोहिया नगर निवासी दीप्ति गर्ग रोज की तरह बुधवार की सुबह भी टहलने निकली थीं। स्टेशन चौराहे के निकट स्थित पिंक शौचालय के सामने पहुंची ही थी कि उनके साथ चेन स्नैचिंग की घटना घट गई। महिला ने बताया कि बाइक पर सवार दो बदमाश में बाइक चालक ने हेलमेट लगा रखी थी जबकि पीछे बैठा बदमाश मुंह पर मास्क लगा रखा था। बाइक के नंबर प्लेट पर पीछे से पैर लगा रखा था। जिससे कि उसकी बाइक की पहचान न हो सके। महिला ने बताया कि अचानक बाइक उनके करीब आकर रुकी और एक ने उनके गले में झपट्टा मारा और गले में पड़ी सोने की चेन का आधा हिस्सा टूट कर वहीं गिर गया। जबकि आधा हिस्सा बदमाश लेकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल जांच पड़ताल में जुटी हुई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खँगाले जा रहे हैं । जल्द ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खेलकूद प्रतियोगिता से होता है बच्चों का मानसिक विकास : पूर्व जिला जज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल परिसर में बुधवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला जज छोटेलाल व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता लालगंज तहसील चंद्र दत्त त्रिपाठी ने सीनियर दौड़ व जूनियर दौड़ बालक बालिका को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद बालक खोखो कि प्रतियोगिता कराई गई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व जिला जज छोटेलाल व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता लालगंज तहसील चंद्र दत्त त्रिपाठी द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुहे बच्चों द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के साथ अभिभावको का मन मोह लिया।



इसके बाद नन्हें मुन्हे बच्चों द्वारा मोबाइल फोन के दुष्प्रभाव पर नाटक प्रस्तुत किया जिस पर उपस्थित लोगो को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। उपस्थित लोगो द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा विद्यालय के होनहार बच्चों को प्रणाम पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अथिति द्वारा बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन होने से बच्चों का मानसिक विकास होता है। ऐसे आयोजन होने चाहिए विशिष्ट अतिथि द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया है। बच्चे देश के भविष्य है यही बच्चे पढ़ लिखकर अपने माता पिता के साथ साथ स्कूल व गांव देश का नाम रोशन करते है। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को महाविद्यालय के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया है। इस दौरान पंचशील पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक मौर्य, शिवम सोनी, परशुराम मौर्य सहित अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### पत्नी की लात-घूसो से पिटाई करने वाले पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी निवासी लक्ष्मी ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया है की बीते 9 नवंबर की रात्रि में पति बुद्धि राम कहासूनी को लेकर गाली गलौज देते हुए लात घूसो से मारपीट कर घायल कर दिया जिससे बीवजम आई है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की लात घुसो से पत्नी की पिटाई करने वाले पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले कि जाँच पड़ताल किया जा रहा है।

### बाइक के डिग्गी से डेढ़ लाख रुपए उचक्कों ने उड़ाया

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** घुघली नगर के सुभाष चौक पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरातफरी मच गई जब अज्ञात चोरों ने एक बाइक की डिग्गी से डेढ़ लाख रुपये उड़ा लिए। भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े हुई इस वारदात से लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर घुघली और कोठीभार थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडिला निवासी श्रीकिशुन अपनी बहू मंजू के साथ घुघली स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से डेढ़ लाख रुपये निकालकर घर लौट रहे थे। रास्ते में उन्होंने सुभाष चौक स्थित एक दुकान पर रुककर बहू को लिट्टी-चना खिलाया और उसके बाद सब्जी खरीदने चले गए। घर पहुंचने पर जब बाइक की डिग्गी खोली तो रुपये गायब मिले। घटना का पता चलते ही श्रीकिशुन अपनी बहू के साथ तत्काल सुभाष चौक पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि बैंक से रुपये निकालने के बाद सिसवा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर तेल भराया और बन्नी ढाला के पास एक मेडिकल स्टोर से दवा भी खरीदी थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने बैंक से ही उनका पीछा किया और मौका मिलते ही रुपये पार कर दिए। सूचना पर घुघली और कोठीभार थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस बैंक, पेट्रोल पंप और चौराहे के कैमरों से सुराग जुटाने में लगी हुई है। घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। पीड़ित की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नायब तहसीलदार ने दो कम्बाइन मशीनों को किया सीज

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में तहसील फरेंदा क्षेत्र में पराली जलाने की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 किसानों के विरुद्ध जुर्माना लगाया गया तथा उन्हें शांति भंग की धारा में पाबंद किया गया है। नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल द्वारा बिना एसएमएस लगाए पराली कटाई के दौरान कार्य कर रही दो कंबाइन मशीनों को सीज किया गया। इनमें पहली मशीन डडवार बुजुर्ग गांव में अनिल साहनी की तथा दूसरी पिपरा विशंभरपुर गांव में उमेश गुप्ता की है। दोनों मशीनों को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (हरित) एवं शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में सीज किया गया है। जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि पराली जलाना पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा इसके लिए शासन द्वारा कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि पराली जलाने से बचें और वैकल्पिक व्यवस्थाओं जैसे हैप्पी सीडर, रोटावेटर सहित पराली प्रबन्धन हेतु अन्य वैकल्पिक उपायों का प्रयोग करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि पराली जलाने पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जाए। इस दिशा में लगातार निगरानी और कार्यवाही की जा रही है।

# प्रशिक्षु आईएएस ने ड्रेगन फ्रूट की देखी खेती

**उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण**

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रवास पर आए छह प्रशिक्षु आईएएस के दल ने बुधवार को अहुगी कला उप स्वास्थ्य केंद्र व आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक शौचालय विंध्य प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को बिस्किट वितरण किया है। विंध्य प्रतिष्ठान की समूह की महिला से जानकारी लिया है। इसके बाद भटवारी स्थित उज्जवला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किये गए ड्रैगन फूट की खेती को दिखा।

प्रशिक्षु आईएएस अधिकारीयों में गंगा धारी विक्रम, टांडिन वांग चुक, सृष्टि सुरेश, मोना जाखड़, प्रिया रंजन, योगेश राजपूत ने क्षेत्र अध्ययन एवं



अनुसंधान कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आकांक्षी ब्लॉक हलिया के बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी की उपस्थिति में ग्राम पंचायत के अहुगी कलां उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार से महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण की जानकारी ली। इसके बाद भटवारी स्थित उज्जवला आजीविका महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ड्रैगन फ्रूट की खेती को देखा। उज्जवला आजीविका महिला समूह स्वयं सहायता समूह द्वारा ड्रैगन फ्रूट के फल भी अधिकारियों में वितरित किया। उन्होंने कहा कि ड्रैगन फ्रूट की खेती से किसनों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा बाजार में ड्रैगन फ्रूट का बाजार में मुल्य मूल्य अधिक है।कम पानी में अधिक लाभ तथा कम परिश्रम में उत्पादन में किसनों की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने कहा कि ड्रैगन फ्रूट एक उच्च मूल्य वाली फल है। जिसकी बाजार में अच्छी मांग है और यह किसानों को अच्छी आय प्रदान करता है। यह फल किसानों को एक बार लगाने के बाद 20से 25 वर्षो तक आय प्रदान करता है जो पारंपरिक फसलों की तुलना में एक दीर्घकालिक निवेश है। ब्लॉक मुख्यालय पर बातचीत के दौरान प्रशिक्षु मोना जाखड़ ने कहा की आकांक्षी ब्लॉक हलिया में शिक्षा का अभाव दिखा शिक्षा विकास एवं शिक्षा के लिए काफी प्रयास की अभी जरूरत है। बाणसागर का पानी क्षेत्र के किसानों के लिए दीपक तले अंधेरा वाली कहानी को चरितार्थ कर रहा है। ग्राम पंचायत गुर्गी विकासशील है और तेजी के साथ बदल रहा है गांवो में शिक्षा के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय की ही व्यवस्था है। इस दौरान बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र राय, ग्राम प्रधान रमेश मौर्या, राजेश कुमार मौर्य, राजेश अग्रहरी, प्रदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

# पशु आरोग्य मेले में 340 मवेशियों का हुआ उपचार व टीकाकरण




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन बुधवार को हथेड़ा में उत्साह के साथ किया गया। पशु आरोग्य मेला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान हथेड़ा अनीता मिश्रा के उपस्थिति में गो पूजन से मेला का शुभारम्भ हुआ जिसमें कुल 340 पशुओं का निशुल्क उपचार एवं टीकाकरण किया गया। जिसमें 210 बकरियों को दवापन व 130 पशुओं के टीकाकरण और ठंड से बचाव के बारे में पशु पालको से अपील किया है। मेले में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कमलेश कुमार द्वारा पशु पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी पशु पालको को दिया गया और गोवंश को निराश्रित ना किया जाय। इसके लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पशुधन प्रसार अधिकारी लालगंज जेपी सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान विनय यादव, श्याम बहादुर पाल, संजय सिंह, प्रेम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# हलिया प्रथम क्रय केंद्र पर 10 किसानों से हुई धान खरीद



**द्वितीय व तृतीय क्रय केंद्र पर नहीं हो पाई धान की खरीद**

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को विपणन ऋय केंद्र हलिया प्रथम पर कोठी धौकल निवासी सावित्री सिंह से 35 कुंतल धान की खरीद हुई। इसके पूर्व गढवा निवासी किसान विनोद सिंह का 82 कुंतल, बेदऊर के राजेन्द्र का 40 कुंतल, मवई निवासी रमेश सिंह का 92 कुंतल, त्रिपुरारी शंकर का 42 कुंतल ,बसुहरा निवासी सरोज देवी का 87 कुंतल खरीहट निवासी अरुण शुक्ला का 43 कुंतल, देवकली का 80 कुंतल, हरिशंकर त्रिपाठी का 100 कुंतल तथा सूर्य बहादुर का 68 कुंतल खरीद हो चुकी है। केंद्र प्रभारी प्रिय रंजन राजीव ने बताया कि 10 किसानों से अब तक 6 सौ कुंटल धान की खरीद की गई है। वहीं ऋय केंद्र द्वितीय केंद्र प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि बायोमेट्रिक न लेने से अभी किसनों के धान की खरीद नहीं हो पाई है। जल्द ही समाधान हो जाएगा तथा ऋय केंद्र तृतीय पर शिवम सिंह के यहां किसान के आंख का बायोमैक्ट्रिक न होने से अभी किसी किसान के धान की खरीद नहीं हो सकी है।

# पटेल जी प्रधानमंत्री बने होते तो देश आज नक्सलवाद से नहीं जूझता : दयालु

**जिनका झण्डे के प्रति प्रेम रहा वहीं यात्रा में हुए शामिल : बजरंग बहादुर**

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



भारत बडा काम करता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल यदि देश के प्रधानमंत्री बने होते तो आज देश नक्सलवाद से नहीं जुझाता।

उक्त बातें लोक विद्या पीठ नगर में स्थित इण्टर कालेज के प्रांगण में आयोजित सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती पर एकता यात्रा के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि महराजगंज के प्रभारी मंत्री दयाशंकर उर्फ दयालु ने कही। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक यदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करें वहीं सच्ची आजादी होगी। यह भी कहा कि कर्तव्य पहले अधिकार बाद में। अंत में उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि उनके नीतियों पर अमल कर उनके सपनों को साकार करें। इसी क्रम में पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि बहुतायत सरकारें महापुरुषों को याद ही नहीं की।जब तक इतिहास को दोहराया नहीं जायेगा तो युवा पीढ़ी इतिहास को भूल जायेगी। अंत में उन्होंने कहा जिसका इस झण्डे के प्रति आस्था और प्रेम रहा वहीं लोगों ने इस आयोजित एकता यात्रा में शामिल होकर सफल बनायें। यही नहीं दस किलोमीटर की यात्रा मात्र ढाई घंटे में बड़े उत्साह पूर्वक लोगों ने तय किया।

इस दौरान इस युनिटी यात्रा में पूर्व विधायक चौधरी शिवेन्द्र सिंह, चेयरमैन राकेश जयसवाल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष समीर त्रिपाठी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद त्रिपाठी,जिला संयोजक मधुर सिंह,सींटू सिंह,अरविंद मिश्र,शैलेष पाण्डेय, व्लाक प्रमुख उदयराज यादव,व्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र त्रिपाठी,पूर्व व्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र सोनकर, परमात्मा अग्रहरि, बृजेश चौधरी,परमानंद त्रिपाठी राहुल सिंह, हीरा गुप्ता,गुलाब चौरसिया, डॉ.कुंवर पाल सिंह, राघवेन्द्र त्रिपाठी,ढब्बू सिंह, चन्द्र प्रकाश सिंह, प्रदीप पांडेय, विनोद प्रजापति, रविन्द्र सिंह, मोनू पाण्डेय, नन्दू पासवान, सुरेश सहानी, रमानाथ मिश्र, तौलन यादव,लालजी, बमभोले मौर्य, सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता,भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

एकता यात्रा समापन पर आयोजित जनसभा का सफल संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विवेकानंद पाण्डेय ने किया समापन भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय ने किया।

## खंड शिक्षा अधिकारी पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।** शिक्षा विभाग से जुड़े एक बड़े मामले ने सनसनी फैला दी है। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) परतावल, मुसाफिर सिंह पटेल पर वित्तीय अनियमितताओं, फर्जी शिक्षक को बचाने और निरीक्षण रिपोर्ट में हेराफेरी जैसे गंभीर आरोप जिला प्रशासन की जांच में साबित हुए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर प्रेम शंकर पांडेय ने बीईओ कार्यालय परतावल के कार्यकाल की विस्तृत जांच की। जांच आख्या में वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता की कमी और कई प्रशासनिक नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि बीईओ के कार्यकाल में विभागीय खर्च शासन के निर्देशों के विपरीत कोटेशन और निविदा के माध्यम से किए गए। जबकि इन खर्चों की प्रक्रिया जेम पोर्टल से पूरी की जानी चाहिए थी। इस प्रकार के उल्लंघन को सीधे शासनादेश की अवहेलना माना गया। विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान निरीक्षण कार्य के लिए किराए पर लिए गए वाहनों में गड़बड़ी पाई गई। अधिकांश वाहनों का भुगतान पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से फर्मों के खातों में हुआ, लेकिन एक वाहन प्राइवेट नंबर का पाया गया। वाहन स्वामी ने लिखित बयान में आरोप लगाया कि बीईओ ने नकद भुगतान में कटौती कर उक्त वाहन निजी उपयोग के लिए चलाया। जांच में यह भी सामने आया कि प्राथमिक विद्यालय पिपरा खादर के शिक्षक खुशबुद्दीन के शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए। इस फर्जीवाड़े की पुष्टि परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज से प्राप्त पत्र के माध्यम से हुई। इसके बावजूद बीईओ मुसाफिर सिंह पटेल ने उक्त शिक्षक को बचाने का प्रयास किया। जांच में यह भी उजागर हुआ कि 31 दिसंबर 2024 की लॉगबुक प्रविष्टि प्रेरणा पोर्टल की रिपोर्ट से मेल नहीं खाती। इससे फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट तैयार किए जाने की संभावना और मजबूत हुई। इसके परिणामस्वरूप विभागीय निगरानी प्रणाली और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। डिप्टी कलेक्टर प्रेम शंकर पांडेय ने रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि बीईओ कार्यालय परतावल में वित्तीय लेन-देन पारदर्शी नहीं रहे और कई प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन हुआ है। यह न केवल प्रशासनिक लापरवाही बल्कि शिक्षा विभाग की विश्वसनीयता पर भी असर डालता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बीईओ मुसाफिर सिंह पटेल के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए अपर शिक्षा निदेशालय को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से आगे की कार्रवाई जल्द तय की जाएगी। इस मामले में शिक्षा विभाग की निगरानी, वित्तीय अनुशासन और शिक्षक नियुक्ति प्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर शासन समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं करता है, तो ऐसे मामले शिक्षा व्यवस्था की साख को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# 20 जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार की मिली स्वीकृति



**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए क्षेत्र की 20 जर्जर और खराब सड़कों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिल गई है। इन सड़कों के मरम्मत और पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। सड़कों की स्थिति लंबे समय से खराब होने के कारण ग्रामीणों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ने बताया कि मेरे प्रस्ताव पर यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद और जनहित की भावना से प्रेरित होकर क्षेत्र के विकास कार्य निरंतर गति पकड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के जीर्णोद्धार से ग्रामीण अंचल में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।बविधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सुविधाओं को सर्वोपरि मानती है। मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसे मूलभूत क्षेत्रों में तेजी से सुधार हो रहा है।

उन्होंने बताया कि जिन सड़कों की मरम्मत की स्वीकृति मिली है, उनमें मुख्य मार्गों के साथ कई ग्रामीण संपर्क मार्ग भी शामिल हैं, जिससे गांव-गांव तक विकास की राह खुलेगी। विधायक कन्नौजिया ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी ताकत है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं की जाएगी।

# निरीक्षण में डीएम को कस्तूरबा विद्यालयों में मिली गंदगी

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

**सुरक्षा व शिक्षण व्यवस्था की ली जानकारी, दिये निर्देश**

डीएम सन्तोष कुमार शर्मा ने विद्यालय में रह रही बालिकाओं से संवाद भी किया। उन्होंने छात्राओं से विद्यालय में भोजन, पानी, स्वच्छता, सुरक्षा और शिक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। छात्राओं ने अपनी दिनचर्या और पढ़ाई से जुड़ी बातें साझा कीं।डीएम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए कठोर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि हर बालिका अपने जीवन का लक्ष्य तय करे और उसे पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। अंत में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय की सभी खामियों को शीघ्र दूर किया जाए और संस्थान को एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करने के ठोस प्रयास किए जाएं। इस मौके पर एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, बीएसए रिद्धि पांडेय, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, विद्यालय की वार्डन व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, निचलौल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद असंतोषजनक पाई गई, जिस पर डीएम ने वार्डन को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि छात्राओं को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुशासित वातावरण प्रदान करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर, रसोईघर, छात्रावास, शौचालय, कक्षाओं और कार्यालय की विस्तृत जांच की। उन्होंने छात्रावास में चल रहे डॉरमेट्री निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असंतोष जताते हुए तकनीकी जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता और मानकों की पुष्टि हो सके। डीएम ने विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण कराने, ओपन जिम स्थल का समतलीकरण करने तथा मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगाने और सभी कैमरों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। विद्यालय की आरओ मशीन खराब मिलने पर नाराजगी जताई और उसे तत्काल मरम्मत कराने के आदेश दिए।निरीक्षण के दौरान डीएम ने रसोई का भी जायजा लिया। उन्होंने अप्रैल से अक्टूबर तक खाद्यान्न जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश सहायक आयुक्त (खाद्य सुरक्षा) को दिए।

जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका की जांच करते हुए पाया कि दो शिक्षक - संदीप कुमार और रीमा यादव - सीएल पर थे, लेकिन उन्होंने प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से अवकाश स्वीकृत नहीं कराया था। इस पर डीएम ने बीएसए को वार्डन से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। वहीं, कुमारी नेहा जो कि 26 जुलाई से बिना सूचना अनुपस्थित थीं, उन्हें नोटिस जारी कर सेवा से हटाने के आदेश दिए।

# आईजीआरएस रिपोर्ट में प्रदेश में जनपद का पुलिस विभाग अव्वल

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश स्तर पर जारी समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) की नवीनतम रिपोर्ट में महाराजगंज पुलिस ने एक बार फिर अपनी कार्यकुशलता और जनता के प्रति संवेदनशीलता का लोहा मनवाया है। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद महाराजगंज ने इस बार भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यही नहीं, जिले के 17 थानों ने भी उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि न केवल पुलिस प्रशासन के लिए गर्व का विषय है, बल्कि जिले की जनता के विश्वास और संतोष का भी प्रतीक है। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने बताया कि आईजीआरएस प्रणाली के तहत आम जनता से प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। महराजगंज पुलिस ने सभी शिकायतों को समयबद्ध तरीके से समाधान कर जनता का भरोसा मजबूत किया है। इसी का परिणाम है कि जनपद पुलिस इस वर्ष लगातार नौवीं बार प्रथम स्थान पर रही है। एसपी मीना ने कहा कि जिले में प्रत्येक थाना स्तर पर शिकायतों की सतत निगरानी, अधिकारियों की जवाबदेही और तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग से यह उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई है। शिकायतों के निस्तारण में देरी बर्दाश्त नहीं की जाती और हर अधिकारी से जवाबदेही तय की जाती है। उन्होंने इस सफलता पर समस्त पुलिसकर्मियों, निरीक्षकों और अधिकारियों को बधाई दी। एसपी ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी पुलिस टीम की एकजुटता, अनुशासन, निष्ठा और जनसेवा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि महराजगंज पुलिस भविष्य में भी जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान, अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। उनका लक्ष्य है कि हर नागरिक खुद को सुरक्षित, सम्मानित और सुना हुआ महसूस करे।